श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 167, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 16 जुलाई 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

भारतीय प्रधानमंत्री का भव्य स्वागत कर यूएई के राष्ट्रपति ने हिन्दी में किया ट्वीट, आईआईटी दिल्ली का खुलेगा कैम्पस

भारत और यूएई के बीच हुए कई अहम करार



अबू धाबीः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का शनिवार को अबु धाबी के कसर अल वतन में राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने भव्य स्वागत किया। इसके बाद के प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मोहम्मद के बीच वार्ता हुई और कई अहम समझौते भी हुआ इसका वीडियो सामने आया है। इसी बीच प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मुझे अबू धाबी आकर और आपसे

अबू धावीः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का शनिवार को अबू धाबी के कसर अल वतन में राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान ने भव्य स्वागत किया। इसके बाद के प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मोहम्मद के बीच वार्ता हुई और कई अहम समझौते भी हुआ।

इसका वीडियो सामने आया है।

स्वागत और सम्मान के लिए यूएई का धन्यवाद : प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मुझे अबू धाबी आकर और आपसे मिलकर खुशी हुई है। गर्मजोशी से किए गए स्वागत के लिए और आपके द्वारा दिए गए सम्मान के लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। हर भारतीय आपको एक सच्चे दोस्त के रूप में देखता है। उन्होंने कहा कि हम अपनी साझेदारी को मजबूत करने के लिए नई पहल कर रहे हैं। दोनों देशों की मुद्राओं में व्यापार समझौते पर आज का समझौता हमारे मजबूत आर्थिक सहयोग और विश्वास को दशार्ता है।

आईआईटी दिल्ली के अबू धाबी परिसर में जनवरी 2024 से मास्टर्स और अगले साल सितंबर से बैचलर्स कोर्स की शुरूआत करेगा। भारतीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि आईआईटी दिल्ली का अबू धाबी परिसर आपसी समृद्धि और वैश्विक भलाई के लिए ज्ञान की शक्ति का लाभ उठाने का खाका तैयार करेगा।

यूएई के साथ सौ अरब डॉलर तक पहुंचेगा व्यापार

अबू धाबीः संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ भारत का व्यापार जल्द ही सौ अरब डॉलर तक पहुंचेगा। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को यूएई की अपनी एक दिवसीय यात्रा के दौरान यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ बातचीत के बाद यह बात कही। दोनों देशों के रिश्तों को और मजबूत करने के लिए यूएई में आईआईटी दिल्ली का कैम्पस भी खोला जाएगा।

प्रधानमंत्री मोदी के यूएई पहुंचने पर राष्ट्रपति भवन कसर-अल-वतन में औपचारिक स्वागत किया गया। यहां यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने गर्मजोशी से गले लगाकर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति में भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया। यूएई के राष्ट्रपति ने भारतीय प्रधानमंत्री का स्वागत करने के बाद हिन्दी में ट्वीट किया। उन्होंने ट्वीट में लिखा, मुझे आज अबू धाबी में भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करने का मौका मिला। हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों की चल रही प्रगति, सतत वैश्विक विकास को बढ़ावा देने में हमारे साझा हित एवं हमारे देशों और हमारे लोगों के बीच सहयोग को और बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की

प्रधानमंत्री मोदी के यूएई दौरे पर भारतवासियों और यूएई में रह रहे भारतीय मूल के लोगों को बड़ी सौगात मिली है।

पीएम मोदी ने कब-कब की अरब देश की यात्रा?

प्रधानमंत्री मोदी 2015 के बाद से खाड़ी देश की अपनी पांचवीं यात्रा के दौरान यूएई के राष्ट्रपति और अबू धाबी के शासक शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान से वार्ता की। उन्होंने इससे पहले 2015, 2018, 2019 और 2022 में अरब देश की यात्रा की थी। उल्लेखनीय है कि भारतीय प्रधानमंत्री अपनी दो दिवसीय फ्रांस की यात्रा के बाद यूएई पहुंचे हैं। यूएई की यात्रा पर रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि मैं अपने मित्र शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान से मुलाकात करने के लिए उत्सुक हूं। उन्होंने कहा था कि दोनों देश व्यापार, निवेश, ऊर्जा, खाद्य सुरक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, शिक्षा, फिनटेक, रक्षा, सुरक्षा और लोगों के बीच परस्पर मजबूत संबंधों जैसे व्यापक क्षेत्रों में सक्रिय हैं।

सीएम योगी ने सौंपे 400 ज्वाइनिंग लेटर

राजस्व परिषद, प्राविधिक शिक्षा और लोक निर्माण विभाग में हुई भर्तियां, सीएम बोले-अब पारदर्शी तरीके से भर्तियां

लखनऊः लखनऊ के लोक भवन में आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग एवं उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित 400 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए। इस दौरान उत्तर प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल और लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद भी मौजूद रहे।

400 अभियार्थियो को मिला नियुक्ति पत्रः उत्तर प्रदेश के राजस्व विभाग में समीक्षा अधिकारियों की कमी दूर करने के लिए आज 66 समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। वही प्राविधिक शिक्षा विभाग में 204 अनुदेशकों और लोक निर्माण विभाग में 130 कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति पत्र दिया गया। योगी सरकार के 6 वर्षों के कार्यकाल में अब तक लाखों युवाओं को रोजगार दिया गया है।

एनडीए की बैठक में शामिल होगी राकांपा

मुंबई। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता अजीत पवार ने शनिवार को कहा कि अगले हफ्ते दिल्ली में होने वाली भाजपा-नीत राजग की बैठक में राकांपा शामिल होगी। इसके लिए वह खुद और प्रफुल्ल पटेल दिल्ली जाएंगे। अजीत पवार ने शनिवार को नासिक में पत्रकारों से कहा कि दिल्ली में 18 जुलाई को राजग की बैठक हो रही है। इसमें शामिल होने के लिए वह प्रफुल्ल पटेल के साथ दिल्ली जाएंगे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर उन्हें राज्य की समस्याओं के बारे में बताएंगे।

हिमाचल में डीजल पर 3 रुपए वैट बढ़ाया

शिमलाः हिमाचल में सरकार ने सात महीने में ही दूसरी बार जनता को महंगाई का तगड़ा झटका दिया है। राज्य सरकार ने डीजल पर तीन रुपए वेट बढ़ाया है। इसी के साथ स्टेट में डीजल पर वैट 7.40 रुपए से बढ़कर 10.40 रुपए हो गया है। दिसंबर 2022 तक यह 4.40 रुपए था। इसे लेकर मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने सफाई देते हुए कहा कि आपदा भी डीजल के दाम में बढ़ोतरी का बड़ा कारण है। आपदा के इन्फ्रॉस्ट्रक्चर को काफी नुकसान हुआ है। इसे बहाल करने के बजट जुटाना है। उन्होंने कहा कि डीजल पर तीन रुपए वैट बढ़ाने के बाद भी उत्तराखंड, हरियाणा और पंजाब से कम है। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने चुनाव के समय में डीजल पर सात रुपए वैट घटाया था, ताकि फायदा मिले।

प्रदेश में 89 से 91 रुपए हुए रेटः प्रदेश के अलग-अलग शहरों में डीजल अब 89 रुपए से 91 रुपए प्रति लीटर के हिसाब से मिलेगा। इसे लेकर प्रिंसिपल सेक्रेटरी एक्साइज एंड टैक्सेशन भरत खेड़ा ने देर शाम आदेश जारी कर दिए हैं। इन आदेशों के मुताबिक, बीती रात 12 बजे से ही डीजल की बढ़ी हुई कीमतें लागू हो गई हैं। इससे पहले राज्य में कांग्रेस सरकार बनते ही मुख्यमंत्री सुक्खू ने नववर्ष पर ओल्ड पेंशन सकीम (डढर) के नाम पर डीजल पर तीन रुपए वैट लगाकर 70 लाख की आबादी पर महंगाई का बम फोड़ा था।

अब यह दूसरा मौका है जब 10, 20, 50 पैसे नहीं बल्कि सीधे तीन रुपए का इजाफा किया गया। कांग्रेस की सरकार बने अभी एक साल भी नहीं हुआ, इससे पहले ही दो बार डीजल पर वैट बढ़ा दिया है।

मोदी सरनेम मानहानि मामले में सुप्रीम कोर्ट पहुंचे राहुल

नई दिल्लीः मोदी सरनेम वाले लोगों की मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इस मामले में गुजरात हाई कोर्ट के आदेश को राहुल गांधी ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। गुजरात हाई कोर्ट ने मोदी सरनेम मामले में निचली अदालत द्वारा दोषी करार देने के आदेश को चुनौती देने वाली राहुल गांधी की याचिका खारिज कर दी थी। सूरत कोर्ट ने इस मामले में राहुल गांधी को 2 साल की सजा सुनाई है। फिलहाल वह जमानत पर हैं लेकिन दोषी होने के चलते सांसद होने के अयोग्य हैं।

गौरतलब है कि राहुल गांधी के खिलाफ सूरत कोर्ट में मानहानि की शिकायत दर्ज कराने वाले पूर्णेश मोदी ने सुप्रीम कोर्ट में केविएट दाखिल की है। पूर्णेश मोदी ने कोर्ट से मांग की है कि अगर दोषी ठहराए जाने वाले फैसले पर रोक की मांग को लेकर राहुल गांधी सुप्रीम का रुख करते हैं तो कोर्ट बिना उनका पक्ष सुने कोई एकतरफा आदेश पास न करे।

ट्वीट में लिखा- यूरोपियन संसद तक चर्चा हो गई, लेकिन मोदी ने एक शब्द नहीं कहा, स्मृति ईरानी ने राहुल को 'कुंठित वंशवादी' करार दिया

मणिपुर जल रहा, पीएम चुप हैंः राहुल गांधी

नई दिल्लीः मणिपुर में 3 मई से कुकी और मैतेई समुदाय के बीच हिंसा जारी है। इस हिंसा को लेकर राहुल गांधी ने शनिवार को ट्वीट करते हुए पीएम की चुप्पी पर निशाना साधा। राहुल ने लिखा, मणिपुर जल रहा। यूरोपियन संसद ने भी भारत के आंतरिक मामले पर चर्चा की। पीएम ने इस पर एक शब्द भी नहीं कहा। राफेल ने पीएम को बैस्टिल डे परेड का टिकट दिला दिया। राहुल के ट्वीट पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने पलटवार किया। स्मृति ने राहुल को राजवंश का हारा हुआ व्यक्ति बताया। ईरानी लिखती हैं, एक व्यक्ति जो भारत के आंतरिक मामलों में अंतरराष्ट्रीय हस्तक्षेप चाहता है। जब हमारे प्रधानमंत्री को राष्ट्रीय सम्मान मिलता है तो राजवंश का वह हारा हुआ व्यक्ति भारत का मजाक उड़ाता है। लोगों ने उसे खारिज कर दिया है।

स्मृति के बयान पर कांग्रेस जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल ने कहा, स्मृति जी पीएम से कहिए इस पर बात करें। प्रधानमंत्री दुनिया भर में घूम रहे हैं लेकिन मणिपुर मुद्दे पर एक मिनट भी बात नहीं कर रहे हैं। राहुल 29 जून को मणिपुर गए, दो दिन रहेः राहुल गांधी ने 29 जून को मणिपुर का दो दिन का दौरा किया था। पहले दिन राहुल ने चूराचांदपुर में रिलीफ कैंप में पीड़ितों से मुलाकात की थी। हालांकि, चूराचांदपुर पहुंचने से पहले राहुल का काफिला बिष्णुपुर में रोका गया था। पुलिस ने कहा था कि हिंसा की आशंका के चलते काफिला रोका गया था।

नफरती भाषणः आजम खान को सुनाई दो साल की सजा

रामपुर। समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता आजम खान को कोर्ट ने नफरती भाषण (हेट स्पीच) मामले में शनिवार को एमपी-एमएलए कोर्ट ने दोषी करार दिया है।

कोर्ट ने आजम खान को दो साल कैद और 2500 रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। आजम खान पर आरोप था कि अप्रैल 2019 में (लोकसभा चुनाव के दौरान) धमारा गांव में एक जनसभा के दौरान उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। उन्होंने नफरत भरा भाषण दिया था, इसका वीडियो भी वायरल हुआ था। इस भाषण को लेकर एडीओ सहकारिता अनिल चौहान ने शहजाद नगर थाने में आजम खान के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में उन्हें एमपी-एमएलए कोर्ट ने दोषी ठहराया है और दो साल की सजा सुनाई है। वहीं कुल ढाई रुपये का जुमार्ना लगाकर दण्डित किया है।

बिहारः भाजपा की टीम ने लाठीचार्ज की जांच की

मारे एक हजार कार्यकताओं को चोट लगी, इनमें से 300 को गंभीर चोटें आई हैंः रघुवर दास

पटनाः भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की चार सदस्यीय तथ्यान्वेषी टीम ने गुरुवार को भाजपा नेताओं पर हुए लाठीचार्ज की जांच करने पहुंची। टीम ने इसे राज्य प्रायोजित हिंसा करार दिया है। टीम के संयोजक रघुवर दास ने कहा कि बिहार की सरकार ने रैली को कुचलने का काम किया है। पटना में पत्रकार वार्ता में रघुवर दास ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व ने लाठीचार्ज को गंभीरता से लिया है। हमने मौके पर जाकर लोगों से बात की है। हमारे एक हजार कार्यकताओं को चोट लगी। इनमें से 300 को गंभीर चोटें आई हैं। जांच टीम को जितनी जानकारी मिली, उसके आधार पर हम कह सकते हैं कि ये राज्य प्रायोजित हिंसा है। सीएम नीतीश और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने क्रूरता पूर्वक लाठी चार्ज करवाया। हम मामले की न्यायिक जांच की मांग करते हैं। रघुवर दास ने कहा कि नेता जनहित के मुद्दे पर शांति मार्च निकाल रहे थे। सरकार ने सोची-समझी साजिश के तहत मारपीट की। ये बहुत गलत है। सरकार का व्यवहार बहुत खराब है। आंसू गैस में मिर्च पाउडर देकर छिड़का गया।

रघुवर दास ने कहा कि पुलिस ने भाजपा नेताओं और कार्यकताओं के साथ एक अपराधी जैसा व्यवहार किया। घायल होने वाले को कमर के ऊपर चोट आई है। सरकार मामले की न्यायिक जांच करे। हमारे एक कार्यकर्ता की शहादत हुई है। बंगाल और केरल में हमारे कार्यकर्ता नहीं डरते तो बिहार में कैसे डरेंगे। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि इस घटना को देखकर ऐसा लगता है कि जेपी आंदोलन के समय जो इमरजेंसी लगी थी वैसा ही नजारा है। अगर हम ठीक से देखते हैं तो यह स्पष्ट होता है कि सरकार की पूर्व नियोजित तैयारी थी। भाजपा नेताओं को मरना है।

यमुना के जलस्तर में आई कमी

नई दिल्लीः रिकॉर्ड तोड़ बढ़ोतरी के बाद यमुना के जलस्तर में अब लगातार कमी आ रही है। लेकिन दिल्ली में अभी भी बाढ़ का खतरा बरकरार है। बाढ़ से जूझ रही दिल्ली में मौसम विभाग ने शनिवार के लिए यलो अलर्ट जारी कर मध्यम स्तर की बारिश होने की संभावना जताई थी और सवेरे दिल्ली-एनसीआर में बारिश हो गई।

अनिल विज ने किया पलटवारः आप नेता लगातार दिल्ली की बाढ़ को लेकर हरियाणा को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। उनका कहना है कि हरियाणा जानबूझकर हथिनीकुंड बैराज से पानी छोड़ रहे हैं। जिससे दिल्ली की स्थिति बिगड़ी है। अब इस पर हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने जवाब दिया है।

प्रदेश की मंडियों में संचालित अटल किसान मजदूर कैंटीन को ऑफ सीजन में भी रखा जाएगा

मेरी फसल-मेरा ब्यौरा मोबाइल एप्लीकेशन का हुआ शुभारंभ

चण्डीगढ़ः हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश की मंडियों में संचालित अटल किसान मजदूर कैंटीन को ऑफ सीजन भी खुला रखा जाएगा ताकि किसानों और मजदूरों को ऑफ सीजन भी मंडियों में खाना मिल सकें। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने यह बात चण्डीगढ़ में हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में कही। इस अवसर पर हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जे.पी.दलाल और हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अध्यक्ष आदित्य देवी लाल भी उपस्थित रहें।

अटल किसान मजदूर कैंटीन प्रदेश की 25 मंडियों में हैं संचालितः मनोहर लाल ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश की 25 मंडियों में अटल किसान मजदूर कैंटीन संचालित है जहां पर किसानों व मजदूरों को 10 रुपये प्रति थाली की दर पर भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा है। ऐसी ही 15 कैंटीन मंडियों में स्थापित करने का प्रस्ताव है, जो जल्द शुरू की जाएगी।

जिला परिषद को दी गई पांच जिलों की सड़कों की निगरानी के लिए लगाया जाए नोडल अधिकारीः उन्होंने कहा कि प्रदेश के 5 जिलों की सड़के जो जिला परिषद को दी गई है उनकी निगरानी के लिए मार्केटिंग बोर्ड के मुख्य अभियन्ता को नोडल अधिकारी लगाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मंडियों में क्या-क्या सुविधाएं होनी चाहिए उसकी मैपिंग करवाकर जल्द ही वहां पर सुविधाएं दी जाएं। मनोहर लाल ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि प्रदेश में सर्वे करवाया जाए कि कहां-कहां पर 5 करम के कच्चे रास्ते है उसकी रिपोर्ट जल्द दी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान एंव खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के तहत खेती कार्यो के दौरान किसानों के दुर्घटनाग्रस्त होने पर वितीय सहायता प्रदान की जाती है। वर्ष 2022-23 में 1334 मामलों में 21.64 करोड़ रुपएं की सहायता राशि प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि एचएसएएमबी ने प्रदेश की 108 मंडियों को ई-एनएएम प्लेटफॉर्म के साथ जोड़ा गया है। इसके अतिरिक्त, बैठक में सेब मंडी पिंजोर, मंडी बोर्ड द्वारा किए जा रहे कार्य व नए होने वाले कार्यों, मुख्यमंत्री घोषणा, नई भर्ती को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। मनोहर लाल ने आज ह्यमेरी फसल-मेरा ब्यौराह्य मोबाइल एप्लीकेशन का भी शुभारंभ किया। इससे किसान घर बैठे अपनी पूरी फसल का पंजीकरण कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि जो किसान अपनी पूरी जमीन का पंजीकरण 31 जुलाई तक करवाएगा उसे 100 रुपये दिए जाऐंगे।

बालासोर ट्रेन हादसाः न्यायिक हिरासत में रेलवे के 3 अफसर

सीबीआई ने 7 जुलाई को गिरफ्तार किया था; गैर इरादतन हत्या, सबूत मिटाने के आरोप

भुवनेश्वरः ओडिशा के बालासोर में हुए ट्रेन हादसे को लेकर भुवनेश्वर की एक विशेष अदालत ने तीन आरोपी रेलवे अधिकारियों को ज्यूडीशियल कस्टडी में भेज दिया है। सीनियर सेक्शन इंजीनियर अरुण कुमार मोहंता, सेक्शन इंजीनियर मोहम्मद आमिर खान और टेक्नीशियन पप्पू कुमार को 7 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था। स्पेशल कोर्ट ने तीनों को पांच दिन की उइक रिमांड में भेजा था। 11 जुलाई को तीनों की रिमांड चार दिन के लिए बढ़ा दी गई। आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 304 (गैर इरादतन हत्या), 201 (सबूत मिटाने) और रेलवे एक्ट की धारा 153 के तहत केस दर्ज किया गया है। तीनों की सीबीआई रिमांड शुक्रवार को खत्म हो गई थी, जिसके बाद उन्हें सीबीआई स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। मामले में अगली सुनवाई 27 जुलाई को होगी।

खबर संक्षेप

माटीकला के कारीगरों/ शिल्पियों को निःशुल्क विद्युत चालित चाक हेतु माँगे गये आवेदन

आवेदन पत्र प्राप्त कर समस्त संलग्नकों सहित 28 जुलाई तक करें जमा

प्रयागराज। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी श्री अजय कुमार सिंह द्वारा अवगत कराया गया है कि उ×ार प्रदेश सरकार द्वारा माटीकला एवं माटी कला शिल्प को बढावा देने के लिये उ0प्र0 माटी कला बोर्ड का गठन किया गया है। मिटटी के बर्तन, खिलौने, मूर्तियां इत्यादि बनाकर जीविकोपार्जन करने वाले ऐसे माटीकला के परम्परागत कारीगरों को निःशुल्क विद्युत चालित चाक उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि माटीकला के परम्परागत इच्छुक कारीगर जिनकी उम्र 18 से 55 वर्ष की है, वह अपना आवेदन पत्र संलग्नकों (आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, ग्राम प्रधान द्वारा मिटटी का कार्य करने से सम्बन्धित प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता) के साथ आवेदन पत्र कार्यालय-जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, विकास भवन परिसर प्रयागराज स्च प्राप्त कर किसी भी कार्य दिवस में दिनॉक-28 जुलाई, 2023 तक जमा कर सकते हैं।

ज्ञापन न लेने पर भड़के सपाई सीडीओ की गाड़ी को रोका

अखंड भारत संदेश

जमकर किया नारेबाजी तेवर देख सहमा प्रशासन

कोरांव। प्रयागराज क्षेत्रीय किसानों के समस्या विद्युत की अघोषित कटौती स्कूल के वक्त भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध समेत छः सूत्रीय मांगो को लेकर समाजवादी पार्टी विधानसभा कोरांव के कार्यकर्ता कोरांव तहसील प्रांगण में संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर समाधान दिवस के प्रभारी गौरव कुमार मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज को ज्ञापन देने के लिए सुबह से ही नारेबाजी करते हुए इंतजार कर रहे थे जैसे ही संपूर्ण समाधान दिवस का समय खत्म हुआ मुख्य विकास अधिकारी बिना सपाइयों के समस्या को सुने हुए जाने लगे जैसे ही इसकी जानकारी उपस्थित सपा कार्यकताओं को हुई तो उग्र हो उठे और सीडीओ प्रयागराज की गाड़ी को रोककर उसके सामने सड़क पर धरने पर बैठ गए और जमकर नारेबाजी करने लगे जिसके कारण तहसील में गहमागहमी की स्थिति बन गई और सपाइयों के तेवर को देख प्रशासन सहम गया किसी तरह मुख्य विकास अधिकारी ने सपाइयों को समझा-बुझाकर और दोषियों पर कार्यवाही की बात करते हुए ज्ञापन लिया। आंदोलन की अगुवाई कर रहे सोमदत्त सिंह पटेल विधानसभा अध्यक्ष समाजवादी पार्टी एवं जिला पंचायत सदस्य प्रयागराज ने इस मौके पर कहा कि जिस तरह से विपक्ष के लोगों की आवाज को जिम्मेदार अधिकारी अनसुना कर रहे हैं यह बहुत ही निंदनीय है जनहित के मुद्दों पर इस तरह से गैर जिम्मेदारी पूर्ण कार्य से ही जनता का भरोसा भारतीय जनता पार्टी से टूटता जा रहा है और आने वाले दिनों में देश और प्रदेश की जनता सत्ता के नशे में चूर लोगों को आईना दिखाने का काम करेगी। जिले के चर्चित किसान नेता राजेश पांडे जिला उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी ने कहा कि किसानों और मजदूरों की समस्याओं की अनदेखी करने वाले सक्षम अधिकारियों को चिन्हित करते हुए जिले से अन्यत्र स्थानांतरित किया जाए अन्यथा ऐसे अधिकारियों के खिलाफ समाजवादी लोग एक बड़े आंदोलन को बाध्य होंगे जिसकी जिम्मेवारी शासन एवं प्रशासन की होगी। मौके पर उपस्थित मेहताब खान नगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी ने कहा की नगर पंचायत कोरांव में छुट्टा एवं आवारा पशुओं के कारण आए दिन राहगीर दुर्घटना के शिकार होते हैं लेकिन ना तो नगर पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी और ना ही तहसील प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कोई ध्यान दे रहा है जबकि अब तक सैकड़ों ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं जिसके कारण कुछ लोग गंभीर रूप से चोटिल हुए हैं तो कुछ लोग समय के गाल में समा गए यदि शीघ्र ही इस समस्या का निराकरण नहीं होता है तो समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता सड़कों पर उतरने का कार्य करेंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से रामानुज यादव दिनेश पटेल जिला सचिव प्रमोद मिश्र पयासी सहादत अली नौशाद अंसारी रविंद्र जैसल प्रधान राजेश मिश्रा कमलेश मिश्रा शिव श्याम शुक्ला मंगला कोल मंगल देव कोल पवन सोनकर यादवेंद्र अहीर राजेश यादव अश्वनी पटेल हरिप्रसाद पाल रोहिणी पाल शिवदानी पाल डाक्टर समीम अली राम गोपाल सिंह राजेश जैसल आदि लोग उपस्थित रहे।

मनरेगा कार्य के लंबित भुगतान को लेकर प्रधान संगठन ने किया प्रदर्शन

करछना सरकार की महत्वपूर्ण योजना मनरेगा अपने मुख्य उद्देश्य से भुगतान को लेकर भटक गई है जिसको लेकर प्रधान संगठनों ने ब्लॉक स्तर पर व्यापक पैमाने पर सरकार के रवैया से विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं लगभग वर्षों से मनरेगा कार्य के भुगतान को लेकर प्रधान काफी आहत में हैं सरकार के खजाने में पैसे की कमी के कारण प्रत्येक ब्लाकों में लगभग 5 करोड़ 10 करोड़ 4 करोड़ 6 करोड़ से अधिक के भुगतान जनपद प्रयागराज के सभी ब्लाकों की यही दशा भुगतान को लेकर वर्षों से चली आ रही है जिसमें प्रधानों द्वारा गांव में पंचायत भवन अमृत सरोवर इंटरलॉकिंग सामुदायिक शौचालय नाली आदि निर्माण कार्य का वर्षों से बकाया चला आ रहा है जिसको लेकर गत दिनों संयुक्त ढंग से प्रधानों ने करछना ब्लॉक मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया था इसी क्रम में गंगापार एवं जमुनापार के प्रधान संघ अध्यक्षों ने जनपद के सैदाबाद ब्लॉक पर मनरेगा भुगतान को लेकर जोरदार प्रदर्शन कर खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन देकर अविलंब भुगतान के लिए जोरदार मांग उठाई जिसमें प्रमुख लोगों में अखिल भारतीय प्रधान संघ प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येन्द्र त्रिपाठी ब्लॉक अध्यक्ष रामबाबू सिंह पटेल सैदाबाद व महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष एवं विकास खंड चाका प्रधान संघ अध्यक्ष नीलम पथिक अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष काजी मोअज्जम महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष नीलम पथिक जिला अध्यक्ष सुरेश चंद तिवारी रामबाबू सिंह पटेल ब्लाक अध्यक्ष अब्दुला अंसारी ब्लाक उपाध्यक्ष प्रधान रामदीन भारतीय फलराज दिलशाद सरफराज सुबास चंद्र बिंद श्यामसुंदर गुप्ता प्रधान बड़ी संख्या में प्रधान एवं संघ के पदाधिकारी शामिल रहे।

एसडीएम ने सुनी फरियादियों की समस्याएं 250 में सिर्फ एक का हुआ निस्तारण

अखंड भारत संदेश

संपूर्ण समाधान दिवस

मेजा। माह के तीसरे शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस मेजा में नवागत एसडीएम अमित कुमार गुप्ता ने फरियादियों की शिकायतों को सुना। उन्होंने शिकायतों से जुड़े अधिकारियों से शिकायतों का निस्तारण तय समय सीमा में करने के निर्देश दिए। दिवस में कुल 250 शिकायतों में से सिर्फ 1का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील सभागार मेजा में उप जिलाधिकारी अमित कर गुप्ता की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। एसडीएम ने समाधान दिवस में पहुंची फरियादियों की एक-एक कर शिकायतों को सुना।शिकायतों के क्रम में लछन पूरा निवासी सुरेश तिवारी ने बिजली विभाग से कनेक्शन गलत क्षेत्र में जाने की शिकायत दर्ज कराई।उन्होंने उरुवा मांडा से हटाकर मेजा सिरसा करने की मांग की।बेरी गांव की दर्जन भर महिलाओं ने प्रदर्शन करते हुए गांव के ही दबंग व्यक्ति द्वारा सरकारी हैंडपंप का पानी सड़क पर बहाने से रोक की मांग की। लूतर निवासी राजेंद्र सोनकर ने शिकायत दर्ज कराई कि वह गांव के पास सड़क पर सब्जी बेंच रहा था कि गांव की अराजकतत्वों ने उनकी पिटाई कर दी। रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की। बिसरी निवासी शैलेंद्र सिंह ने भूमिधरी जमीन पर गांव के दर्जन भर लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर लिए जाने से आहत दबंगों द्वारा फेंकी गई मिट्टी को हटाने की मांग की है।उन्होंने बताया की मामले में 4 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है।ग्राम सभा की जमीन पर अवैध कब्जा किए जाने को लेकर सिंकी कला निवासी लछनधारी ने शिकायत दर्ज कराई। दिवस में आई सभी मामलों को गंभीरत से लेते हुए नवागत एसडीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों व मातहतों को तय सीमा में निस्तारण कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।इस मौके पर एसीपी विमल किशोर मिश्र, नवागत तहसीलदार मेजा नीलम उपाध्याय, नायब तहसीलदार ललतारा अनुग्रह नारायण सिंह, नायब तहसीलदार मांडा सुलभ तिवारी, नायब तहसीलदार मेजा राजेंद्र सिंह, जेई विद्युत आशीष कुमार सहित सभी थानों के प्रभारी और तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

जिला समन्वयक प्रयागराज ने किया विद्यालयों का निरीक्षण

सहसों। जिला समन्वयक राजीव त्रिपाठी ने शनिवार को क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय महरौड़ा, चकिया घरहरा, पट्टी छीट, चन्दौहा तथा अर्जुन का पूरा विद्यालय का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों से कहा कि शासन द्वारा निर्दिष्ट स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत सभी बच्चों को विद्यालय समय से भेजने के लिए प्रेरित करें। इसके अतिरिक्त कराए जा रहे परिवार सर्वेक्षण का कार्य करते समय छूटे हुए बच्चों को नामांकित करने तथा समय सारणी के अनुसार निर्धारित समय में पाठ्यक्रम को पूर्ण करके लक्ष्य प्राप्त करें। इसके अतिरिक्त अध्ययनरत सभी बच्चों को निपुण बनाकर निपुण स्कूल बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी विद्यालय में कायाकल्प के अधूरे कार्यों के लिए ग्राम प्रधान से समन्वय करके शीघ्र पूरा कराए जाने की बात कही। प्राथमिक विद्यालय चंदौहा में कायाकल्प के तहत कराए जा रहे किचन के निर्माण के लिए स्वच्छ पेयजल वाटर सप्लाई तथा बेसिन के अलावा खिड़की लगाए जाने का सुझाव दिया। जिससे बच्चे स्वच्छ वातावरण में स्वच्छ पेयजल प्राप्त कर स्वस्थ रहें।

मृत गोवंशो का 35 दिन बाद कराया गया मेडिकल परीक्षण

अखंड भारत संदेश

जसरा। घटना घूरपुर थाना क्षेत्र के जसरा रेलवे फाटक की है जहां पर 11 जून देर रात एक ट्रक गोकशी के लिए गोवंश लदा ट्रक बारा की तरफ से प्रयागराज की ओर जा रहा थो ट्रक तेज रफ्तार होने के कारण जसरा रेलवे क्रॉसिंग के पास मोड़ घर राजेश जायसवाल के टीन सेड पर अनियंत्रित होकर पलट गया जा जिसमें दर्जन भर गोवंश लदे हुए थे सूचना पर पहुंची घूरपुर पुलिस ने रस्सी काटकर गोवंश को निकाला थो जिसमें दो गोवंश की मौत हो गई थी और एक गोवंश गंभीर रूप से जख्मी हो गया थो वहीं मृत गोवंशों को घूरपुर पुलिस द्वारा गौहनिया के ग्रीन फील्ड एकेडमी के बगल हाईवे के किनारे जेसीबी से खोदवाकर गड़वा दिया गया थो घूरपुर पुलिस द्वारा जेसीबी से ट्रक को उठवा कर कब्जे में ले लिया था और थाने उठा ले गई कुछ दिन बाद विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष लालमणि तिवारी को जानकारी हुई तो उन्होंने इसकी जानकारी घूरपुर थाने से किया तो पता चला कि घूरपुर थाने पर खड़ी ट्रक गायब है व गोकशी के लिए ले जाने वाले अभियुक्तों के खिलाफ कोई ही कार्यवाही नहीं किया गया है। श्री तिवारी ने इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से कौ जिसमें प्रयागराज कमिश्नर ने मामले को गंभीरता लेते हुए इसकी जांच कराई तो पता चला कि इसमें घूरपुर पुलिस ने पैसों का लेनदेन कर मामले को रफा-दफा कर दिया थो जिसमें प्रयागराज कमिश्नर ने थाना प्रभारी सहित नौ पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दियो वहीं पुलिस कर्मियों के खिलाफ गहन जांच के आदेश दीए वहीं शनिवार को मृत गोवंश का मेडिकल परीक्षण के लिए तीन डाक्टरों की टीम गठित कर मेडिकल परीक्षण कराया गयो जिसमें पशु चिकित्सा अधिकारी जसरा डा०एस बी सिंह ने बताया कि पशु चिकित्सा अधिकारी लालापुर और पशु चिकित्सा अधिकारी जारी डा० दिलीप सिंह की टीम द्वारा मृत गोवंशो का मेडिकल परीक्षण किया गयो जिसमें 35 दिन पहले जमीन में दफनाया थो जिसमें गोवंश पूरी तरह से गल गए थे सिर्फ कंकाल ही बचा था जिसका मेडिकल परीक्षण किया गयो जिसमें अवशेषों के आधार पर नर मादा का पता लगाना मुश्किल है इसमें यह कहा जा सकता है कि यह कंकाल गोवंश के हैं और इनकी मृत्यु कैसे हुई यह पता लगाना मुश्किल है वहीं विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष लालमणि तिवारी ने बताया कि इस मामले को घूरपुर पुलिस ने लीपापोती कर पैसों का लेनदेन कर ट्रक और गोवंशो को गौ तस्करों को सौंप दिया है। इसमें संलिप्त कर्मियों के विरुद्ध जांचोपरांत एफ आई आर दर्ज किया जाय।

बच्चों की तरह ही पौधों की परवरिश जरूरी: मनीष

करछना। वृक्ष हमारे जीवन की अनमोल धरोहर हैं।पर्यावरण को शुद्ध बनाने के साथ-साथ हमें जीवनदायिनी गैस प्रदान करते हैं।पौधरोपण किसी यज्ञ से कम नहीं है किंतु यह जरूरी है कि लगाए गए पौधों को बच्चों की तरह ही पाल -पोष कर इनकी परवरिश करें। यह बातें क्षेत्र के रामपुर स्थित बृज मंगल सिंह इंटर कॉलेज में वृहद वृक्षारोपण के पूर्व प्रार्थना सभा स्थल पर प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने बच्चों के बीच कही।उन्होंने सभी बच्चों को घर पर कम से कम एक एक पौधे लगाने के प्रति प्रेरित किया। प्रवक्ता प्रदीप कुमार ने बच्चों को पर्यावरण को शुद्ध रखने और प्रतिवर्ष पौधे लगाकर उन्हें संजोने का संकल्प दिलाया।एनसीसी.अधिकारी रमेश चंद्र तिवारी,शिक्षक मो.परवेज सिद्दीकी और प्रवक्ता जितेंद्र कुमार ने बच्चों को पर्यावरण में पौधों की भूमिका बिषय पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। इसके उपरांत शिक्षक, शिक्षिकाओं और बालक बालिकाओं ने परिसर में अर्जुन, शीशम, सागौन, अमरूद आंवले के पौधों का रोपण किया। इस मौके पर प्रवक्ता जगतपाल, चंद्रशेखर सिंह, सुरेश कुमार, विजय सिंह, मालती शर्मा, सुधा सिंह, विश्वेश ओझा,कमला शंकर त्रिपाठी, राजकुमार विश्वकर्मा समेत, शिक्षक कर्मचारी और बच्चे मौजूद रहे।

हिंदुस्तान पेट्रोलियम का स्थापना दिवस मनाया गया

पसना। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन का 49वां स्थापना दिवस समारोह पसना स्थित श्री भीम आटोमोबाइल्स एच पी डीलर के सौजन्य से मनाया गया। इस अवसर पर पर्यावरण को हरा भरा एवम् प्रदूषण मुक्त बनाने हेतु पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।डीलर के सौजन्य से आम जनता को नीम,महोगनी,नींबू एवम् फूलदार पौधे वितरित किए गए। पम्प परिसर में भी समाजसेवी मुन्ना सिंह द्वारा पौधारोपण किया गया।डीलर धर्मेंद्र सिंह द्वारा हिदुस्तान पेट्रोलियम के 39वर्ष पूरे होने पर किसानों को बधाई देते हुए कंपनी के माध्यम से शुद्ध डीजल व पेट्रोल उपलब्ध कराने का वादा किया गया। प्रबंधक आदित्य सिंह ने आए हुए किसानों को सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था की। इस मौके पर राजेंद्र सिंह नेता, सिद्धार्थ सिंह,देवेंद्र प्रताप,आदि उपस्थित रहे।

अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद मंडल की बैठक आज

प्रयागराज। अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद मंडल प्रयागराज की बैठक रविवार को सिविल लाइंस के ब्लेशिंग इम्पीरिया गेस्ट हाउस, 20 लाल बहादुर शास्त्री मार्ग, सिविल लाइंस प्रयागराज (निकट हआर्टलआइन अस्पताल) में दोपहर एक बजे से होगी। बैठक में परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक आईपीएस पं जुगुल किशोर तिवारी डीआईजी,प्रदेश महासचिव पं अशोक कुमार मिश्रा, प्रदेश संरक्षक पं कुलभूषण शुक्ला समेत अन्य प्रान्तीय पदाधिकारी एवं विप्र बन्धु उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद मंडल के जिला महामंत्री पं जनार्दन प्रसाद पाण्डेय ने आज दी है।

कांवरियों का दल बाबा बैद्यनाथ धाम प्रस्थान किया

जंघई। सावन मास में शिवरात्रि की पूर्व संध्या पर सेमरी, बभनियांव गांव से बाबा बैद्यनाथ धाम में जलाभिषेक एवं पूजन अर्चन करने हेतु कांवरियों का दल गाजे बाजे ढोल नगाड़ों के साथ से बस से प्रस्थान किया।आस्था व श्रद्धा का मास सावन में कावरियों द्वारा सर्व प्रथम सुल्तानगंज से गंगा स्नान के बाद बाबा का जलाभिषेक करने के लिए जल उठाकर बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक कर दर्शन करेंगे।उसके बाद बाबा बासुकीनाथ का दर्शन के साथ ही राजगीर काशी विश्वनाथ वाराणसी दर्शन करके घर के लिए प्रस्थान करेंगे।विधि विधान व मंत्रोच्चारण के साथ पूजन करते हुए हर हर महादेव के गगनभेदी नारों के साथ भगवा मय कांवरियों ने काफी उत्साह व जोश के साथ घर परिवार गांव के सभी बड़ों का आशीर्वाद स्नेह लेकर प्रस्थान किया।कांवरियों में ग्राम सेमरी डीह कावरियां संघ से ठाकुर भैरव सिंह, मोनू शर्मा, राजीव शर्मा, अतुल सिंह, संदीप यादव फोंटी, अखिलेश शर्मा, राधेश्याम यादव, शिव कुमार गुप्ता, गोलू सोनी एवं बभनियांव कावरियां संघ अध्यक्ष नीशू श्रीवास्तव, भोला यादव, शनि सिंह, मुरारी, सुभाष, बबलू उपाध्याय, संदीप, दरोगा, रमेश आदि लोग शामिल रहे।

जयकारों के साथ कांवरियों ने किया जलाभिषेक

अखंड भारत संदेश

मेजा। सावन की तेरस पर शिवभक्तों ने शिवालयों में जाकर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। सैकड़ों कांवड़ियों ने गंगाजल लाकर भगवान भोलेनाथ पर जल चढ़ाया। मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ देखी गई। शिवभक्तों ने जलाभिषेक कर शिवलिंग पर बेलपत्र, धतूरा, भांग, फूल-फल और मिष्ठान अर्पित किए। क्षेत्र के सिरसा स्थित श्रीनाथ मंदिर, भटौती के पहाड़ी महादेव मंदिर और बाबा बोलन नाथ मंदिर में भक्तों की खासी भीड़ रही। हर हर महादेव और बोल बम के जयकारों के साथ कांवड़ियों ने अपने इष्ट भगवान शिव का जलाभिषेक किया। हर बार की तरह इस बार भी मेजाखास के सैकड़ों कांवरियों ने शुक्रवार को दोपहर प्रयागराज के दशाश्वमेध घाट से गंगाजल लेने कांवड़ लेकर गए थे। प्रयागराज में प्रवेश करते ही लोगों द्वारा कांवड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया। जगह-जगह कांवड़ियों को भोजन व जलपान की व्यवस्था की गई। कई स्थानों पर कांवड़ियों के लिए नाश्ते का प्रबंध किया गया और उनके द्वारा शिवभक्तों का स्वागत किया।शनिवार को सुबह कांवरियों के बोलन धाम पहुंचने पर मेजा खास निवासी लवकुश शर्मा द्वारा कांवरियों को जलपान कराया गया। लवकुश ने कहा कि कांवड़ियों की सेवा एक पुण्य का कार्य है। हम सभी को इस पुनीत कार्य में सहभागिता करनी चाहिए। शनिवार को भोर से ही कांवरियों का जत्था बोलन धाम पर पहुंचने लगा।जहां पुरोहित सभाकांत पांडेय उर्फ भानु ने सभी को ग्रुप में पूजन अर्चन के बाद शिवलिंग पर जलाभिषेक कराया।इससे पूर्व जैसे ही कांवरियों का जत्था मेजा में प्रवेश किया ग्रामीणों और कांवरियों के परिजनों ने डीजे की धुन पर कांवरियों का स्वागत करते हुए बाबा बोलन धाम तक के गए। इस दौरान हर हर महादेव,बोल बम के गगनभेदी जयकारों से पूरा क्षेत्र शिवमय जो गया। कांवरियों के स्वागत में लालजी मिश्र, राधेश्याम चौरसिया, सुनीत श्रीवास्तव, अवधेश गौड़, हीरा पांडेय और आरके यादव आदि उपस्थित रहे।

जलालपुर के कांवरियों ने कुंदौरा धाम में किया जलाभिषेक

जंघई। सावन शिवरात्रि के अवसर पर कुंदौरा महादेव मंदिर में शिवरात्रि की मध्य रात्रि से भोलेनाथ का जलाभिषेक किया गया।इसी क्रम में जलालपुर से कांवरियों ने गाजे बाजे के साथ नाचते गाते हुए गंगाजल एवं कांवर लेने हेतु प्रयागराज प्रस्थान किया। दशा सुमेर घाट प्रयागराज से गंगाजल लेकर कांवर यात्रा शुरू हुई जो कि प्रसिद्ध मंदिर कुंदौरा महादेव धाम प्रांगण में संपन्न हुई और मध्य शिवरात्रि में शिव भक्तों ने भगवान का जलाभिषेक किया। जलालपुर के कांवरियों में राम सजीवन पांडेय, सचिन तिवारी, विशाल पांडेय, जितेंद्र, सुदामा, कट्टर काका आदि लोग शामिल रहे।

बरसात में संक्रमण से बीमारी का खतरा होता है ज्यादा

सहसों। बरसात के इस मौसम में संक्रमण अत्यधिक फैलता है। जिससे लोगों में तरह-तरह की बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में बच्चे, बूढ़े, युवा सब संक्रमित होकर बीमारी की चपेट में आ जाते हैं। उक्त बातें शनिवार को हरि ओम चैरिटेबल ट्रस्ट सहसों बाईपास पर आयोजित एक गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए डॉ अमित यादव ने कही। उन्होंने गोष्ठी में उपस्थित लोगों को बताया कि ऐसे मौसम में मलेरिया, डेंगू , हैजा, चिकनगुनिया, टायफाइड, लीवर रोग सहित आदि बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इस अवसर पर डॉ अमित यादव ने बचाव के लिए बताया कि मच्छरों से बीमारी ज्यादा फैलती है। जिसके लिए साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। मानसून के इस दौरान घर के अगल-बगल एवं सड़कों के आसपास पानी का जमाव न होने दें जो कि संक्रमण फैलने एवं मच्छरों की उत्पत्ति का प्रमुख कारण है। उन्होंने बताया कि भोजन में कम मसालेदार सब्जियां खाएं, हो सके तो ताजा भोजन ही करें एवं विटामिन सी की गोलियों का प्रयोग करें।

जल जीवन मिशन योजना से गांवों को जोडना सरकार का मुख्य उद्देश्य : मीना शुक्ला

अखंड भारत संदेश

करछना प्रयागराज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुख्य योजना ग्रामीण अंचलों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रत्येक गांव में हर घर को जल जीवन मिशन योजना हर घर जल नल के तहत जोड़ने का मुख्य उद्देश्य है जिसके लिए सरकार ने योजना 2019 में लागू किया था जिसका लक्ष्य है 2024 तक पूरे भारत वर्ष में ग्रामीण अंचलों में प्रत्येक नागरिक के घर जल मुहैया हो, शुद्ध पेयजल मुहैया कराने के लिए सरकार की प्रमुख इस योजना में व्यापक पैमाने पर प्रशिक्षण के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि वे अपने अपने गांव में हर घर जल योजना का लाभ उठाएं सरकार उसके लिए हर संभव मदद कर रही है गांव में पेयजल पाइपलइन पानी की सप्लाई टंकी नलकूप आदि के माध्यम से हर घर जल पहुंचाने का मुख्य उद्देश्य है जिसके लिए विकासखंड चाका में सामाजिक कार्यकताओं एवं पंचायत वार्ड सदस्यों को दो दिवसीय प्रशिक्षण की जानकारी दी गई तथा प्रशिक्षण उपरांत सभी उपस्थित को मिशन योजना के तहत बैग कीट देकर सम्मानित भी किया गया, उक्त बातें प्रशिक्षण के दौरान क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण की प्रभारी मीना शुक्ला ने वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षण उपरांत सम्मानित किया कार्यक्रम में नीता श्रीवास्तव, , विनोद कुमार , सूर्य प्रकाश निषाद, का प्रशिक्षण कार्यक्रम में सराहनीय सहयोग रहा एवं सदस्य शबाना बेगम, खुशबू यादव, ममता, अर्पणा, कमलेश कुमार आदि सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता व पंचायत वार्ड सदस्य उपस्थित रहे।

न्यूज झरोखा

किसानों ने एनटीपीसी पर जमीन हड़पने का लगाया आरोप

मेजा। विकास खण्ड मेजा अन्तर्गत ग्राम सभा गोसौरा खुर्द में ऊंचडीह से कोहड़ार एनटीपीसी ने जो जमीन लिया है उसमें रेलवे लाईन बिछा दिया और जो शेष जमीन बची हुई थी इसमें पत्थर गाड़ दिया था। उसके बाद भी किसानों के जमीनों पर जबरन खेत में 20/30फिट पर पत्थर गाड़ दिया गया है। किसान परेशान होकर सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर हो रहे अन्याय को न्याय पाने के लिए शिकायती प्रार्थना पत्र एसडीएम मेजा अमित कुमार गुप्ता को दिया है। एसडीएम मेजा ने उस पर तत्काल तहसीलदार नीलम उपाध्याय से जांच कराने का आदेश दिया।और कहा कि किसानों के साथ अन्याय नहीं होने दूंगा जांच में अवैध पाया जाता है तो तत्काल करवाई की जायेगी।

बैद्यनाथ धाम जलाभिषेक करने कांवरियों ने किया प्रस्थान

जंघई। सावन मास में बाबा बैद्यनाथ धाम झारखंड में जलाभिषेक एवं पूजन अर्चन करने हेतु चौका, जंघई से कांवरियों का दल गाजे बाजे ढोल नगाड़ों के साथ से प्रस्थान किया।आस्था व श्रद्धा का मास सावन में कावरियों द्वारा सर्व प्रथम सुल्तानगंज से गंगा स्नान के बाद बाबा का जलाभिषेक करने के लिए जल उठाकर बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक कर दर्शन करेंगे।उसके बाद बाबा बासुकीनाथ का दर्शन के साथ ही राजगीर काशी विश्वनाथ वाराणसी दर्शन करके घर के लिए प्रस्थान करेंगे।विधि विधान व मंत्रोच्चारण के साथ पूजन करते हुए हर हर महादेव के गगनभेदी नारों के साथ भगवा मय कांवरियों ने काफी उत्साह व जोश के साथ घर परिवार गांव के सभी बड़ों का आशीर्वाद स्नेह लेकर प्रस्थान किया। कांवरियों में नीरज मिश्र , साधो लाल मिश्र, संतोष मिश्र, सरोज मिश्र, साहब, बृजेश सिंह, सौरभ, विनय मिश्र बुलेट राजा आदि लोग शामिल रहे।

प्रयागराज से कांवर लेकर काशी विश्वनाथ प्रस्थान किया

प्रतापपुर। देवाधिदेव महादेव का काशी विश्वनाथ महादेव का जलाभिषेक करने के लिए जय भोले बाबा कांवरिया संघ बरेस्ता कलां गांव से गाजे बाजे के साथ कांवरिया लोग परिवार, गांव के लोगों से आशीर्वाद प्राप्त कर- के प्रयागराज के लिए प्रस्थान किया। प्रयागराज के दशा सुमेर घाट पर गंगा-स्नान पूजन अर्चन करने के बाद कांवर यात्रा लेकर काशी विश्वनाथ महादेव वाराणसी में जल अर्पित करने के लिए प्रस्थान किया इस दौरान हर हर महादेव के जयकारे से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया। कांवरियों में विनोद पांडेय दारा, अजीत कुमार पांडेय, अजय दुबे, विनय कुमार दुबे, महेंद्र पांडेय, प्रदीप पांडेय, अंबिका प्रसाद पांडेय, रविंद्र कनौजिया पूर्व प्रधान, शंकर विश्वकर्मा, आशीष उपाध्याय, विपिन दुबे, शुभम पाठक आदि लोग शामिल रहे।

खबर संक्षेप

कांवरिया को खाना देने गई युवती के साथ छेड़खानी

झूंसी। दशाश्वमेध घाट से जल लेकर काशी जा रहे चाचा को पुलिस बूथ पर खाना देकर दादी व छोटे भाई बहन के संग घर लौट रही युवती छेड़खानी की शिकार हो गई। शनिवार को युवती ने एक बुलेट चालक व अन्य के खिलाफ झूंसी थाने में तहरीर दी है। आवास विकास कालोनी सेक्टर एक योजना तीन, झूंसी से एक व्यक्ति कांवर लेकर काशी जा रहा था। शुक्रवार की रात 11 बजे उसकी भतीजी अपने दादी व छोटी बहन भाई के साथ उसे पुलिस बूथ के पास खाना देने गई थी। आरोप है कि वह खाना देकर पैदल घर लौट रही थी तभी पीछे से बुलेट से आए एक व्यक्ति ने रास्ता रोकते हुए अभद्रता करने लगा। उसने फोन से कार सवार कुछ लोगों को और बुला लिया। वे सभी युवती पर अश्लील फब्तियां कसने लगे। डरी सहमी युवती दादी और बच्चों के साथ किसी तरह घर पहुंची। दुस्साहसी बुलेट और कार सवार युवकों ने युवती का पीछा करते हुए उसके घर तक पहुंच गए। युवती के शोर मचाने पर मौके पर पहुंचे कुछ लोगों ने बुलेट सवार युवक को घेर लिया किंतु वह चकमा देकर भागने में सफल हो गया। शनिवार को युवती ने बुलेट सवार को नामजद तथा अन्य कार सवार अज्ञात लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर दी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाली तो उसमें आरोपी नजर आए। खबर लिखे जाने तक पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी।

डीएम ने की राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक

अभियान चलाकर तीन साल से ऊपर लम्बित राजस्व वादों को निस्तारित किए जाने के दिए निर्देश

शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता ठीक न पाये जाने पर सम्बंधित के विरूद्ध की जायेगी कार्रवाई

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार में राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों को राजस्व से सम्बंधित वादों को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित किए जाने के निर्देश दिए है। साथ ही साथ उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि तीन साल से अधिक के लम्बित राजस्व वादों को अभियान चलाकर निस्तारित किया जाये। जिलाधिकारी ने शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने एवं शिकायतों को समय से निस्तारित किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने यह भी हिदायत दी है कि यदि शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता में कमी पायी जायेगी, तो सम्बंधित के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने निर्विवादित वरासतों के नामांतरण की कार्रवाई निर्धारित समय सीमा में अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए है। बैठक में जिलाधिकारी ने आडिट आपत्तियों को शीर्ष प्राथमिकता पर तथा लम्बित विभागीय कार्यवाहियों का शीघ्रता से निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने पट्टा आवंटन की कार्यवाही में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता का विशेष ध्यान दिए जाने के लिए कहा है। उन्होंने मानवाधिकार मामलों से सम्बंधित लम्बित प्रकरणों को समय से निस्तारित किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने सरकारी भूमिपर अवैध अतिक्रमण करने वालो के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री जगदम्बा सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन हर्षदेव पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार, अपर जिलाधिकारी नजूल प्रदीप कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी कुंवर पंकज, एडीएम आपूर्ति, सिटी मजिस्टेट सत्यप्रिय सिंह सहित सभी उपजिलाधिकारी, तहसीलदारगणों के अलावा राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से पहले से तैयारियां शुरू हो गई

संक्रामक बीमारियों का बढ़ा खतरा, वार्ड आरक्षित लक्षण वाले मरीजों की हो रही डेंगू की जांच, अभी तक नहीं मिले एक भी मरीज

प्रयागराज। बारिश के मौसम में संक्रामक रोगों का खतरा बढ़ने लगा है। स्वास्थ्य विभाग भी तैयारियों में जुट गया है। सरकारी अस्पतालों में इसके लिए अलग से वार्ड आरक्षित किए जा रहे हैं। स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल, तेज बहादुर संपू अस्पताल, मोतीलाल नेहरू मंडलीय अस्पताल में 60 से ज्यादा बेड रिजर्व हैं। ऐसे मरीजों की जांच कराई जा रही है इसमें डेंगू के लक्षण मिल रहे हैं। अच्छी बात यह है कि अभी तक इस वर्ष एक भी डेंगू के केस नहीं मिले हैं। वहीं विभागीय अधिकारियों का कहना है कि अगस्त से डेंगू मरीजों की संख्या मिलेगी। सितंबर और अक्टूबर में सबसे भयावह स्थिति हो सकती है। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. आनंद सिंह बताते हैं कि संबंधित चिकित्सकों और कर्मियों को अलर्ट किया गया है। डेंगू कंट्रोल के लिए प्रशिक्षण भी दिया गया है। तेलियरगंज, मनैनी, मुंडेरा, जार्ज टाउन, राजापुर, सिविल लाइंस, धूमनगंज, अशोक नगर, अल्लापुर, सुलेमसराय, कटरा, बेली, दारागंज, फाफामऊ, रसूलाबाद, एडीए कालोनी, छोटा बघाड़ा, झूंसी, राजरूपपुर, शिवकुटी, एसआरएन कैंपस, प्रीतम नगर, ट्रांसपोर्ट नगर, खरकौनी, कीडगंज, झलवा, कालिंदीपुरम्, सोहबतियाबाग, सलोरी, एमएलएन मेडिकल कालेज कैंपस, कचहरी, चौक, टैगौर टाउन, सदर बाजार, मम्फोर्डगंज, बैरहना, चौफटका, कर्नलगंज, भावापुर, चिल्ड्रन हास्पिटल कैंपस, गोविंदपुर , जोधवल, म्योर रोड, दरियाबाद, बमरौली, लीडर रोड, बालसन, करेली, पुराना कटरा, नेवादा, शंकरघाट, रामबाग, हिम्मतगंज, महेवा घाट, नीमसराय, शहरारा बाग, शांतिपुरम्, सरकारी कालोनी तेलियरगंज व तुलारामबाग। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल 2022 में डेंगू के 1465 मरीज मिले थे। यह मरीज एलाइजा टेस्ट में पाजिटिव पाए गए थे। जबकि कार्ड टेस्ट में मिले डंगू मरीजों की संख्या बहुत ज्यादा रही है जिसका स्वास्थ्य विभाग के पास आंकड़ा नहीं है। पिछले साल मलेरिया के 182 मरीज मिले थे। प्लेटलेट्स के लिए मारामारी थी। इसके लिए विभाग की ओर से पहले से तैयारियां शुरू हो गई है।

इलाहाबाद संसदीय सीट से अभिषेक बच्चन को यहां से चुनाव लड़ाने की तैयारी में सपा

अखंड भारत संदेश

कांग्रेस के टिकट पर अमिताभ बच्चन ने लोकसभा का चुनाव जीता था

प्रयागराज। आगामी लोकसभा चुनाव में इलाहाबाद संसदीय सीट सुर्खियों में रह सकती है। क्योंकि समाजवादी पार्टी ने सदी के महानायक अमिताभ बच्चन के पुत्र अभिषेक बच्चन को यहां से चुनाव लड़ाने की तैयारी में है। पार्टी के प्रदेश नेतृत्व द्वारा इस संबंध में स्थानीय पदाधिकारियों से फीडबैक भी लिया जा रहा है चर्चा है कि इस संबंध में सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जल्द ही मुंबई जाकर अमिताभ बच्चन और राज्यसभा सदस्य जया बच्चन से मुलाकात कर सकते हैं। अगर अभिषेक बच्चन चुनाव लड़ते हैं तो चुनाव काफी दिलचस्प हो जाएगा। अमिताभ बच्चन का यहां से गहरा नाता रहा है। अभिषेक के भी काफी प्रशंसक हैं। ऐसे में अगर वह सपा से प्रत्याशी बने तो उनके चुनाव प्रचार के बिंग बी, जया बच्चन के साथ ऐश्वर्या राय बच्चन का यहां आना तय है। बता दें कि इलाहाबाद संसदीय सीट से कांग्रेस के टिकट पर अमिताभ बच्चन ने 19?4 में लोकसभा का चुनाव जीता था। तब उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री एवं तब के दिग्गज नेता हेमवती नंदन बहुगुणा को शिकस्त देकर हर किसी को चौंका दिया था। उक्त चुनाव में अमिताभ को 68 फीसदी वोट मिले, जबकि बहुगुणा के खाते में 25 पफीसदी वोट आए। अभिषेक बच्चन को प्रत्याशी बनाए जाने के सवाल में यमुनापार अध्यक्ष पप्पू लाल निषाद ने कहा कि यह सिर्फ चर्चा ही है। कुछ भी कहना जल्दबाजी होगा। वहीं महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन ने कहा कि अभी लोकसभा चुनाव में वक्त है। प्रत्याशी किसे बनाया जाएगा यह राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में ही तय होगा। अगले वर्ष लोकसभा चुनाव में अगर भाजपा वर्तमान सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी को टिकट देती है तो 1984 वाला ही सीन प्रयागराज में जाएगा। दरअसल तब डॉ.रीता बहुगुणा जोशी के पिता हेमवती नंदन बहुगुणा ने लोकदल से एवं कांग्रेस से महानायक अमिताभ बच्चन ने चुनाव लड़ा था। इस बार अगर रीता और अभिषेक चुनाव मैदान में सामने आए तो मुकाबला दिलचस्प हो जाएगा।

नैनी सब्जी मंडी एवं औद्योगिक क्षत्र में स्टैंड बनाए जाएंगे

नैनी। डेढ़ साल बाद नगर निगम शहर में तीन वाहन स्टैंड शुरू करने जा रहा है। एक वाहन स्टैंड सरदार पटेल मार्ग के महिला पॉलीटेक्निक के परिसर में और दो स्टैंड नैनी में बनाए जाएंगे। तीनों स्टैंड का संचालन प्राइवेट एजेंसी के पास होगा। स्टैंड के निर्माण और संचालन के लिए नगर निगम ने एजेंसियों को आमंत्रित किया है। सरदेर पटेल मार्ग स्थित महिला पॉलीटेक्निक के परिसर में अभी वाहन खड़े होते हैं, लेकिन इसके लिए कोई शुल्क नहीं देना पड़ता है। एजेंसी स्टैंड का संचालन करेगी तो वाहन पार्किंग के लिए शुल्क देना पड़ेगा। परिसर में स्टैंड का ढांचा खड़ा किया जाएगा। बुनियादी सुविधा भी उपलब्ध होगी। इसी तरह नैनी सब्जी मंडी और औद्योगिक क्षत्र में स्टैंड बनाए जाएंगे।

इविवि में छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्षों ने खोला मोर्चा

अखंड भारत संदेश

छात्र की मौत मामले में प्रशासन पर कार्रवाई की मांग तेज कहा- आंदोलन करेंग

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में छात्र आशुतोष की मौत के मामले में सियासत गर्मा गया है। छात्र संघ के पूर्व अध्यक्षों ने संयुक्त वक्तव्य में छात्र की मृत्यु के लिए कुलपति, चीफ प्रॉक्टर, सहित विश्वविद्यालय के प्रशासन अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया है। साथ ही उनके खिलाफ कारवाई की मांग की है। दोनों छात्र नेताओं ने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में एक छात्र के अचानक अचेत होने पर उसे तत्काल एम्बुलेंस नहीं मुहैया कराई गई। कोई त्वरित मेडिकल सुविधा नहीं दी गई। घटनास्थल पर छात्र तड़पता रहा, लेकिन प्रॉक्टर, ऊरह कोई वहां पहुंचा नहीं। जब वहां मौजूद छात्र उन्हें ऑटो रिक्शा में ले जाना चाहे तो उन्हें परिसर में ऑटो को घुसने नहीं दिया गया, दरवाजे नहीं खोले गए। ये पूरी तरीके से लापरवाही है। पूर्व अध्यक्ष केके राय, ऋचा सिंह के अलावा, कृष्णमूर्ति यादव, विनोद चंद्र दुबे, संजय तिवारी ने संयुक्त रूप से प्रयागराज पुलिस प्रशासन की भी कड़ी आलोचना की। सभी ने कहा कि मृत छात्र के पिता की तहरीर पर 72 घंटे बीत जाने के बावजूद अभी तक कोई एफआईआर नहीं दर्ज की गई। बल्कि विश्वविद्यालय प्रशासन की निरंकुशता के खिलाफ विरोध करने वाले छात्र नेताओं और छात्रों पर एफआईआर दर्ज किया गया। आंदोलन को दबाने के लिए छात्र नेताओं, छात्रों को गिरफ्तार किया जा रहा है। उनके कमरों पर दबिश दी जा रही है। केके राय और ऋचा सिंह ने मांग की है कि आशुतोष के मृत्यु के लिए विश्विद्यालय प्रशासन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर निष्पक्ष जांच की जाए । सथ ही आंदोलन में शामिल छात्रों का उत्पीड़न बंद किया जाए। उन्होंने कहा कि कुलपति के अलोकतांत्रिक एवं तानाशाही पूर्ण रवैये से विश्वविद्यालय परिसर में अराजकता व्याप्त हो गई है। पठन पाठन पूरी तरह से ठप हो गया है। साथ ही पूर्व अध्यक्षों ने यह चेतावनी दी कि अगर छात्रों का उत्पीड़न विश्वविद्यालय प्रशासन एवं जिला प्रशासन द्वारा बद नही किया गया तो पूर्व अध्यक्ष सड़क पर उतरने एवं आर-पार की लड़ाई के लिए बाध्य होंगे।

प्रेम विवाह के विरोध में युवक को गोली मारकर उतारा मौत के घाट

पूरा मुफ्ती थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े हत्या कांड की घटना के बाद इलाके में मची सनसनी

प्रयागराज। पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के मरियाडीहकछार में शनिवार की शाम एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई है दिनदहाड़े हत्या कांड की घटना को अंजाम देने के बाद हत्यारे मौके से फरार हो गए हैं हत्या की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पुलिस फोर्स पहुंची है और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हत्या के बाद पुलिस की कई टीम अभियुक्तों की गिरफ्तारी में लगी है और कई लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है ।जानकारी के मुताबिक पूरा मुफ्ती थाना क्षेत्र के मरिया डीह कछार निवासी साहिल के बड़े भाई ने आबू साद उर्फ तेना की भतीजी से प्रेम विवाह किया था इस बात को लेकर साहिल के परिवार से अबूसाद उर्फ तेना रंजिश मानने लगा साहिल का फुफेरा भाई अबूसाद तेना बताया जाता है इसके पहले भी अबूसाद ने साहिल के साथ मारपीट की थी शनिवार की शाम दिनदहाड़े गोली मारकर साहिल की हत्या किए जाने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है जानकारी मिलते ही मौके पर भारी पुलिस फोर्स पहुंची है हत्या की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर तमाम ग्रामीणों की भीड़ लग गई हत्या की जानकारी मिलने पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हत्या की जानकारी मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कई पुलिस टीमों को गठित कर हत्या अभियुक्तों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

त्रिवेणी नगर में फंदे से लटकता मिला अधेड का शव

नैनी। नैनी कोतवाली क्षेत्र के त्रिवेणी नगर मोहल्ले में रहने वाले एक अधेड की लाश शनिवार को फंदे से लटकती मिली। लाश मिलने की सूचना मृतक के पिता ने अपने पोते को दी वह मौके पर पहुंचा और नैनी पुलिस व मां को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। मृतक की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। जानकारी के अनुसार मुकेश तिवारी(43) पुत्र दुर्गेश तिवारी त्रिवेणी नगर मोहल्ले में मकान बनवाकर रहते थे। मुकेश तिवारी लखनऊ की एक बेकरी में काम करते थे। पत्नी उनकी संध्या तिवारी भोपाल के अस्पताल में नर्स है। मुकेश का इकलौता बेटा आर्यन तिवारी बीएससी की पढ़ाई अपनी मां के साथ ही भोपाल में रहकर करता है। इधर दो-तीन महीनो से मुकेश काफी परेशान चल रहे थे। वह घर मे पिता के साथ रह रहे थे। शुक्रवार की शाम को कमरा बन्द कर सो गए थे। देर रात तक दरवाजा नही खुला तो पिता दुर्गेश ने प्रयास किया लेकिन दरवाजा नही खुला। वहीं उनका बेटा आर्यन कुछ दिन पहले ही भोपाल से आक? अपनी मौसी के यहां गंगोत्री नगर में रुका हुआ था। आशंका होने पर दादा दुर्गेश ने पोते आर्यन भी सूचना दी। जिसके बाद आर्यन किसी तरह से घर पहुंचा और देखा तो उसके पिता मुकेश का शव कमरे में फंदे से लटक रहा था। घटना के बाद वह लाश देख आवाक रह गया। उसने सूचना पुलिस और अपनी मां को दी। जिसके बाद नैनी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आत्महत्या का कारण पता करने में जुटी है।

अयोध्या के लिए 20 सीटर विमान चलाने की तैयारी

प्रयागराज। एयरपोर्ट पर अब रात के समय भी विमानों की आवाजाही हो सकेगी। इसकी शुरूआत एलाइंस एयर द्वारा की जा सकती है। एलाइंस एयर ने सप्ताह में दो दिन प्रयागराज-दिल्ली फ्लाइट का शेड्यूल रात के समय तय किए जाने का प्रस्ताव दिया है। एयरफोर्स की मंजूरी मिलते ही यहां रात में भी विमानों का आवागमन शुरू हो जाएगा। शुक्रवार को यह बात एयरपोर्ट सलाहकर समिति की बैठक में सदस्यों से साझा की गई।सांसद फूलपुर एवं एयरपोर्ट सलाहकार समिति की अध्यक्ष केशरी देवी पटेल की अध्यक्षता में हुई बैठक में बताया गया कि एयरपोर्ट में नाइट लैडिंग की सुविधा है। एलाइंस एयर ने जो नया शेड्यूल बनाया है, उसमें रात दस बजे के आसपास दिल्ली के लिए सीधी उड़ान की तैयारी है। यह विमान सप्ताह में दो दिन रात सवा नौ बजे के आसपास कोलकाता से प्रयागराज आएगा।बमरौली स्थित नागर विमानन प्रशिक्षण कॉलेज में हुई बैठक में एयरपोर्ट निदेशक आरआर पांडेय ने प्रयागराज एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के बारे में जानकारी दी। कहा कि एयरपोर्ट के विस्तारीकरण का कार्य अगले माह शुरू हो जाएगा। 15 माह में यह कार्य पूरा हो जाएगा। कुंभ के पूर्व नया टर्मिनल भवन, एक टैक्सी वे, तीन बड़े और आठ छोटे एयरक्राफ्ट के पार्किंग स्टैंड आदि की सुविधा यहां होगी। बैठक में एडीएम सिटी मदन कुमार, डीसीपी ट्रैफिक अभिनव त्यागी के साथ दिनेश पटेल, रमेश चंद्र अग्रवाल, सुशील राजा आदि मौजूद रहे।

धूमनगंज में आईटीबीपी जवान की पत्नी ने किया सुसाइड

अखंड भारत संदेश

परिवार ने कहा पति की प्रताड़ना, नौकरी के प्रेशर से थी परेशान

प्रयागराज। धूमनगंज थाना अंतर्गत में आईटीबीपी जवान की पत्नी ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। 4 साल पहले उन दोनों की शादी हुई थी। मायके वालों का कहना है कि चेन्नई में पोस्टेड पति फोन पर लगातार पत्नी को मानसिक रूप से प्रताड़ित करता था। जिससे तंग आकर उसने सुसाइड कर लिया है। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने उसकी लाश को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है। कौशांबी के कोखराज थाना क्षेत्र में सुजालपुर गांव निवासी अनिल कुमार आइटीबीपी में जवान हैं। उसकी पोस्टिंग चेन्नई में है। 4 साल पहले उसकी शादी प्रयागराज के धूमनगंज थाना अंतर्गत नीम सराय मोहल्ला निवासी चंद्र नरेश की की बेटी माधुरी जायसवाल (32) के साथ हुई थी। नर्सिंग की पढ़ाई करने वाली माधुरी फरुखाबाद में संविदा पर एक हॉस्पिटल में नर्स थीं। उनके पति अपनी ड्यूटी पर थे। पिता चंद्र नरेश जायसवाल के मुताबिक गुरुवार को फरुर्खाबाद से उसके मकान मालिक ने फोन किया कि माधुरी मानसिक रूप से डिस्टर्ब है। वह अपनी ड्यूटी पर भी नहीं जा रही है और घर पर रहकर रो रही है। यह सुनकर मायके वाले शुक्रवार को फरुखाबाद गए और अपने साथ धूमन्गंज के नीम सराय स्थित घर पर ले आए। यहां आकर भी वह डिस्टर्ब ही थी। परिवारवालों के मुताबिक शनिवार दोपहर में उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। पता चलने पर परिवार के लोग उसे स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय ले गए। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जहां दो डॉक्टरों ने उसके शव का पोस्टमार्टम किया और उसका बिसरा प्रिजर्व कर लिया। भाई पवन जायसवाल ने बताया कि माधुरी बहुत परेशान थी। वह सीएचओ का काम करती थी। दूसरी तरफ पति फोन पर प्रताड़ित करता था। मकान मालिक ने बताया कि कुछ दिन पहले दोनों में फोन पर खूब झगड़ा हुआ था। माधुरी चीख चिल्ला रही थी। बर्तन तोड़ रही थी। भाई पवन जायसवाल ने कहा कि उसी उत्पीड़न की वजह से माधुरी ने कोई जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर लिया है। धूमनगंज थाना प्रभारी राजेश कुमार मौर्य ने बताया कि एक महिला की मौत हुई है। पोस्टमार्टम कराया गया है। परिवार ने कोई तहरीर नहीं दी है। अगर तहरीर आती है तो एफआईआर दर्ज कार्रवाई की जाएगी। कहा कि उसी उत्पीड़न की वजह से माधुरी ने कोई जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर लिया है। धूमनगंज थाना प्रभारी राजेश कुमार मौर्य ने बताया कि एक महिला की मौत हुई है। पोस्टमार्टम कराया गया है। परिवार ने कोई तहरीर नहीं दी है। अगर तहरीर आती है तो एफआईआर दर्ज कार्रवाई की जाएगी।

धूमनगंज में फौजी की पत्नी ने जहर खाकर दी जान, 10 मई को हुई थी शादी, जम्मू कश्मीर में है पति की पोस्टिंग

प्रयागराज। धूमनगंज थाना क्षेत्र में फौजी की पत्नी ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। दो महीने पहले ही उसकी शादी हुई थी। अभी तक थाने में कोई तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर एफआईआर दर्ज की जाएगी। ससुराल वाले कुछ बोलने को तैयार नहीं है।मूल रूप से बलिया, रसड़ा के रहने वाले अंकित शुक्ला सेना में है। वर्तमान में उनकी पोस्टिंग जम्मू-कश्मीर में है। 10 मई 2023 को बस्ती के रसड़ा इलाके की ही रहने वाली अर्चना शुक्ला के साथ उनकी शादी धूमधाम से हुई थी। अंकित शुक्ला का परिवार प्रयागराज के धूमनगंज थाना अंतर्गत नीवा में मकान बनाकर रहता है। परिजन पहुंचे। शुक्रवार दोपहर उनकी पत्नी अर्चना शुक्ला (28) ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिवार के लोग उन्हें अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान कुछ देर में ही उनकी मौत हो गई। पुलिस ने अर्चना की लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उनके मायके वालों को खबर दी गई है। वहीं मामले को लेकर सस्त्राल वाले कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। थाना प्रभारी राजेश मौर्य ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कारवाई की जाएगी। शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया है।

न्यूज झरोखा

कौशल प्रशिक्षण एवं सेवायोजन के तहत रोजगार के 150 उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को दिया गया सर्टिफिकेट

प्रयागराज। शनिवार को नगर निगम प्रयागराज के नवनिर्मित मीटिंग हॉल में दीन दयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक कौशल प्रशिक्षण एवं सेवायोजन के माध्यम से रोजगार के अन्तर्गत 150 उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को सर्टिफिकेट वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी नगर निगम प्रयागराज श्री आर के शर्मा, परियोजना अधिकारी डूडा श्रीमती वर्तिका सिंह, कु0 सोनम पोपटानी, श्री अंशुमन गौड़, शहर मिशन प्रबधंक एवं कार्यदायी संस्था के0आईपीएस प्रा.लि. के प्रबंधक श्री रवींद्र उपस्थित रहे।

महाकुंभ दिव्य एवं भव्य बनाने को लेकर विशेष कार्यशाला का आयोजन

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। महाकुम्भ 2025 को दिव्य एवं भव्य बनाने तथा प्रयागराज जनपद के स्टेक होल्डर्स के सुझावों को महाकुम्भ कार्ययोजना में सम्मिलित करने के दृष्टिगत मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत एवं अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर की संयुक्त अध्यक्षता में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन आज इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन सभागार में किया गया, जिसमें महापौर गणेश केसरवानी ने बतौर मुख्य अतिथि तथा जनपद के सभी पार्षद एवं प्रमुख संस्थाओं के पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया। सर्वप्रथम सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने पिछले महाकुम्भ में किए गए कार्यों को संक्षिप्त में बताया तथा आगामी महाकुम्भ की रूप रेखा का वर्णन किया। तत्पश्चात् नगर आयुक्त चन्द्र मोहन गर्ग ने प्रयागराज को देश की सर्वश्रेष्ठ स्मार्ट सिटी एवं स्वच्छ शहर के रूप में विकसित करने हेतु बनायी गयी कार्य योजना प्रस्तुत की। उन्होंने सिटी सैनिटेशन प्लान के अन्तर्गत जनपद के विस्तार उपरान्त बढ़ाये गये 20 वार्डों में भी शतप्रतिशत डोर टू डोर कचरा कलेक्शन महाकुम्भ से पहले प्रारम्भ कराने का आश्वासन देते हुए इस कार्य के क्रियान्वयन हेतु सभी 100 वार्डो में जनजागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया। उन्होंने सूखे कचरे के शतप्रतिशत निस्तारण हेतु दो स्थल नैनी एवं झूसी में 20 मी०टन क्षमता तथा 03 स्थलों पर 150 मी०टन के एम0आर0एफ0 के संचालन का कार्य अक्टूबर, 2024 तक, गीले कचरे के निस्तारण हेतु 200 मी०टन क्षमता के बायो सी०एन०जी० प्लांट की स्थापना का कार्य अगस्त, 2024 तक तथा 15 मी०टन क्षमता के बायो गैस प्लांट की स्थापना का कार्य जुलाई, 2024 तक पूर्ण कराने का आश्वासन दिया।घाटों के सौन्दर्यीकरण के संबंध में नगर क्षेत्र के 21 घाटों में से 08 के सौन्दर्यीकरण हेतु डी०पी०आर० तैयार किया जा रहा है। साथ ही नगर क्षेत्र में निर्मित 120 सार्वजनिक / सामुदायिक शौचालयों के उच्चीकरण का कार्य भी कराया जाएगा। गुणवत्ता की जांच हेतु टेक्नालाजी का सहारा लेते हुए क्यू०आर० कोड के माध्यम से यूजर्स फीड बैक लेने का भी प्रबन्ध किया जा रहा है। 50 शौचालयों में सेनेटरी वेन्डिंग मशीन एवं इन्सीनेटर मशीन तथा 20 पार्कों में पिंक शौचालयों का निर्माण कराया जा रहा है। नगर क्षेत्र के 08 स्थलों पर माडल शौचालय तथा 48 सार्वजनिक शौचालय का निर्माण भी कराया जाना प्रस्तावित है।मेलाधिकारी कुम्भ मेला विजय किरन आनन्द ने अन्य कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि महाकुम्भ 2025 के दृष्टिगत जनपद में 15 आर0ओ0बी0 बनाये जा रहे हैं, जिसमें से 08 निमार्णाधीन है और उनका निर्माण कार्य जुलाई 2023 तक पूर्ण हो जाएगा। इसके अतिरिक्त 07 रिवर फ्रन्ट टाइप रोड जिसकी कुल लम्बाई 13.25 किमी0 है तथा सभी सुविधाओं से युक्त 07 घाट (जिसके आस-पास हरित बेल्ट विकसित की जाएगी) का भी निर्माण कराया जाएगा। अन्य कार्यों के बारे में बताते हुए मेला अधिकारी ने अवगत कराया कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा प्रयागराज रिंग रोड, प्रयागराज - रायबरेली-लखनऊ मार्ग का विकास, प्रयागराज अयोध्या तथा प्रयागराज बांदा राजमार्ग पर पड़ने वाली रेलवे कासिंग जसरा मे बाईपास का भी निर्माण कराया जा रहा है। एयरपोर्ट के विस्तारीकरण का कार्य नागरिक उड्डयन विभाग द्वारा किया जा रहा है। साथ ही एयरपोर्ट को मेला क्षेत्र से जोड़ने हेतु सूबेदारगंज में आर०ओ०बी० का निर्माण तथा एयरपोर्ट हेतु एक नये मार्ग का निर्माण भी कराया जा रहा है। महापौर गणेश केसरवानी ने कुम्भ की परम्परा पर प्रकाश डालते हुए कुछ आवश्यक सुझाव दिए, जिनमें महर्षि बाल्मीकि जी तथा यज्ञ करते हुए ब्रम्हा जी की प्रतिमा लगाने, कुम्भ की संस्कृति को दर्शाते हुए एक वैदिक उद्यान का निर्माण कराने, हेरिटेज मोहल्लों के रूप में शहर के कुछ पुराने मोहल्लों को विकसित करने, एयरपोर्ट के बाहर प्रयाग का महत्व दर्शाती हुई प्रतिमा लगाने, बस अड्डों को शहर के बाहर शिफ्ट करने तथा मनकामेश्वर मंदिर के बाहर एक द्वार बनाने को कहा।पुलिस आयुक्त रमित शर्मा ने महाकुम्भ 2019 के अनुभव साझा करते हुए इस यज्ञ में सभी से योगदान करने की अपील की। मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने नगर वासियों से उत्कृष्ट मेजबानी का परिचय देते हुए महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं/ अतिथियों का भव्य स्वागत करने की अपील की। अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर ने महाकुम्भ के आयोजन के दृष्टिगत पूर्व की तरह वालेंटियर कल्चर को फिर से विकसित करने पर जोर दिया।

जिलाधिकारी ने लालगंज तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस पर सुनी शिकायतें

सात मामलों का मौके पर किया गया निस्तारण

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित गति के साथ निस्तारण हो सके इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी प्रकाशचंद्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में तहसील लालगंज में आयोजित किया गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने दूर-दराज से आये हुये शिकायकताओं की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनते हुये कहा कि फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य है, इसमें किसी भी प्रकार लापरवाही पाये जाने व निस्तारण के अभाव में एक ही समस्या को आवेदक द्वारा बार-बार प्रस्तुत किये जाने अथवा सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा ससमय संज्ञान न लेने को गम्भीरता से लेते हुये जिम्मेदार अधिकारी के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी, इसलिये जन सामान्य की शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि कार्यो में ढिलाई कदापि न बरती जाये, सभी लाभार्थीपरक योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करायें। उन्होने कहा कि कोई भी गरीब व्यक्ति किसी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहने पाये। भूमि विवादों से सम्बन्धित प्रकरणों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष ढंग से निस्तारण करायें इसमें कोई भी लापरवाही न बरती जाये। इस अवसर पर कानून एवं व्यवस्था से सम्बन्धित मामलों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा किया गया। उन्होने थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाये, यह सुनिश्चित कराया जाये कि पीड़ितों को न्याय मिले। उन्होने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस विभाग से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समय-सीमा के अन्दर किया जाना सुनिश्चित करें। महिलाओं की शिकायतों को गम्भीरता से सुने तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण भी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया ने भी जनसमस्याओं की शिकायतों को सुनकर अधिकारियां को यथाशीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया। लालगंज तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 155 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से 07 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 155 शिकायतों में से 35 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 25, विकास विभाग से 15, समाज कल्याण से 13, एवं 67 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। उपजिलाधिकारी लालगंज, थाना अध्यक्ष लालगंज एवं सम्पूर्ण समाधान दिवस में समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

शिक्षक संकुल हमारे सम्पूर्ण निपुण मिशन की आधारशिलाः डीएम

शिक्षक संकुल कार्यशाला के तृतीय दिवस का डीएम ने किया शुभारंभ

अखंड भारत संदेश

जिलाधिकारी प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव का स्वागत करते अधिकारीगण।

प्रतापगढ़। जिला शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान अतरसण्ड द्वारा जनपद स्तरीय तीन दिवसीय शिक्षक संकुल कार्यशाला के तृतीय दिवस का शुभारंभ जिलाधिकारी प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव द्वारा किया गया। संकुल षिक्षकों को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी ने रामचरित मानस की चैपाई सचि वैद गुरु तीनि जौ, प्रिय बोलाहे भय आस। राजधर्म तन, तीनि करि, होहिं वेगिहिं नाष सुनाते हुए समस्त षिक्षकों का मार्गदर्षन किया।

जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि शिक्षक संकुल हमारे सम्पूर्ण निपुण मिशन की आधारशिला हैं और आप सभी की तत्परता और कर्तव्यपरायणता ही इस मिषन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करेगा। तृतीय दिवस की कार्यशाला में जिले के रामपुर संग्रामगढ़, सांगीपुर, पट्टी, नगर क्षेत्र व सदर क्षेत्र के षिक्षक संकुलों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डायट/उप शिक्षा निर्देशक अशोक कुमार सिंह ने कहा कि हमारे शिक्षक ही हमारे समाज के मार्गदर्शक हैं जिसे हमें भली-भांति समझना चाहिये। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी श्रीमती गर्विता ओझा व डा0 विवेक तिवारी ने किया। कार्यशाला में सत्रों का संचालन एसआरजीटी द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में समस्त डायट प्रवक्ता व शिक्षेणत्तर कर्मचारियों ने अपना योगदान दिया। कार्यशाला के समापन दिवस पर मुख्य अतिथि के रुप में प्रो0 डा0 धनंजय यादव, विभागाध्यक्ष विश्वविद्यालय इलाहाबाद रहे।

सीबीएसई की हाईस्कूल व इंटर की कम्पार्टमेंट परीक्षा का केन्द्र बना न्यू एंजिल्स स्कूल

अखंड भारत संदेश

हाईस्कूल व इण्टर की कम्पार्टमेन्ट एवं इम्प्रूवमेन्ट परीक्षाएं कल से

प्रतापगढ़। 10वीं का इम्प्रूवमेंट और कंपार्टमेंट परीक्षाएं 17 से 22 जुलाई तक होगी। जिले के सभी स्कूलों को डेटशीट भेज दी गई है। सभी स्कूल अपने स्तर से इम्प्रूवमेंट और कंपार्टमेंट देने वाले 10 वीं और 12 वीं के स्टूडेंट को सूचना दे रहे हैं।

सीबीएसई ने प्रतापगढ़ जिले के लगभग 30 विद्यालयों के लिए न्यू एंजिल्स सी से स्कूल को एकमात्र परीक्षा केंद्र बनाया है, जहां 10वीं के 122 बच्चे इम्प्रूवमेंट तथा 185 बच्चे कम्पार्टमेंट की परीक्षा देंगे। इसी तरह 12वीं के लगभग 466 बच्चें कम्पार्टमेंट तथा 187 बच्चें इम्प्रूवमेंट परीक्षा में शरीक होंगे। बता दें कि 17 जुलाई को हाईस्कूल कम्पार्टमेन्ट में छात्र/छात्राओं को और इण्टर के छात्र/छात्राओं को परीक्षा में सम्मिलित होना है। इम्प्रूवमेन्ट परीक्षा में हाईस्कूल के कुल 245 छात्र/छात्राओं को और इण्टर के 653 छात्र/छात्राओं को दोनो परीक्षाओं में सम्मिलित होना है। बता दें कि बोर्ड एग्जाम देने वाले स्टूडेंट्स जो सिर्फ प्रैक्टिकल में फेल हुए है उन्हें इस साल थ्योरी एग्जाम नहीं देना पड़ रहा है। बोर्ड के अनुसार 6 से 20 जुलाई तक उनके विद्यालयों में ही प्रक्टिकल एग्जाम ओर्गानइज कराया जा रहा है। न्यू एंजिल्स सी से स्कूल की चेयरपर्सन डा0 शाहिदा ने बताया कि सभी छात्र छात्राओं को 10 बजे तक परीक्षा केन्द्र में प्रवेश ले लेना है। 10.15 पर प्रश्नपत्र वितरित होगा और 15 मिनट प्रश्न पत्र पढ़ने के लिये एक्सट्रा टाइम दिया जाएगा। परीक्षा तीन घंटे की होगी जो 10.30 से प्रारंभ होकर 1.30 तक चलेगी। स्टूडेंट को बोर्ड द्वारा बनाए गये नियमों के आधार पर ही एग्जाम देने आना है। बिना एडमिट कार्ड के एग्जाम सेंटर पर प्रवेश नहीं मिलेगा।

> इम्प्रूवमेन्ट परीक्षा में हाईस्कूल के कुल 245 छात्र/छात्राओं को और इण्टर के 653 छात्र/छात्राओं को दोनो परीक्षाओं में सम्मिलित होना है।

सचिवालय संघ के चुनाव में लहराया जीत का परचम, लोगों ने दी बधाई

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। पट्टी तहसील क्षेत्र के मोलनापुर गांव के रहने वाले पदमश्री शुक्ला सचिवालय संघ के चुनाव में जीत का परचम लहराया है। वह समीक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। 12 जुलाई को सचिवालय संघ के चुनाव में कार्यकारिणी सदस्य के पद पर ऐतिहासिक जीत हासिल करने पर उन्हें लोगों ने बधाई दी है। 12 जुलाई को संघ के ऐतिहासिक कार्यकारिणी सदस्य के चुनाव में उन्होंने रिकार्ड मतों से जीत हासिल किया। कुल 2748 मतों में उन्हें 1083 प्राप्त हुआ जो अब तक की सबसे बड़ी जीत मानी जाती है। 32 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे जिसमें उन्हें प्रथम स्थान पर निर्वाचित किया गया। जीत के बाद उन्होंने सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि सचिवालय की समस्याओं का समाधान किया जाएगा और लोगों की हर संभव मदद की जाएगी। उनकी जीत पर निवर्तमान अध्यक्ष यादवेंद्र मिश्र, पवन कुमार मिश्र, राहुल यादव, आकाश पांडे, सच्चे लाल, गोपी कृष्ण श्रीवास्तव, ओमकार नाथ तिवारी, रविंद्र सिंह, पप्पू शुक्ला, दीपक तिवारी, शशि सिंह, अंकिता वर्मा, आदि ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

सरस्वती शिशु मंदिर में शिशु भारती का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

भइया-बहनों को दिलाया गया संकल्प

अखंड भारत संदेश

शपथ ग्रहण समारोह में बोलते मुख्य अतिथि।

प्रतापगढ़। सरस्वती शिशु मंदिर चिलबिला पूर्वी प्रतापगढ़ में शिशु भारती का शपथ ग्रहण समारोह आज हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीरज तिवारी स्थाई अधिवक्ता प्रयागराज उच्च न्यायालय ने मां सरस्वती और भारत माता के चित्र पर पुषापर्चन और दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

प्रधानाचार्य दिग्विजय नाथ पांडेय ने अतिथि और अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता का परिचय कराते हुए विद्यालय में शिशु भारती की आवश्यकता और उपादेयता पर प्रकाश डालते हुए शिशु भारती के चयन की प्रक्रिया सर्वप्रथम सामान्य ज्ञान परीक्षा के अनुसार भैया बहिनों द्वारा देय लोकतांत्रिक व्यवस्था से मतों के आधार पर नवचयनित शिशु भारती के पदाधिकारियों की शपथ कराई जाना बताया। शिशु भारती अध्यक्ष के रूप में बहिन आस्था शुक्ला उपाध्यक्ष कौशीकी तिवारी मंत्री अक्षरा पांडेय सहमंत्री अभिज्ञान सेनापति भैया किशन पांडेय एवम सह सेनापति बहिन वैष्णवी ने अपने पद एवम गोपनीयता की शपथ अतिथि महोदय द्वारा दिलाई गई।

इनके अतिरिक्त विभाग प्रमुख के रूप में बंदना प्रमुख जिया मौर्या खोया पाया शक्ति तिवारी उद्यान प्रमुख देवांश सिंह विद्युत प्रमुख अंश सिंह घोष प्रमुख अनुभव तिवारी शारीरिक प्रमुख अनुराग पाल पुस्तकालय प्रमुख आयुसी पटेल आदि को शपथ दिलाई गई। अतिथि उद्बोधन में अतिथि महोदय ने भैया बहिनों से संकल्प दिलाया की आप पूरे विद्यालय में विशेष भैया बहिन है और दायित्व धारी है इसलिए आपका काम सबसे अलग और विशेष होना चाहिए अपनी पढ़ाई में कोई व्यवधान न करते हुए विद्यालय के कार्य को संपादित करना है जिससे माता पिता परिवार विद्यालय समाज आपको देखकर प्रेरणा ले इस अवसर पर अध्यक्षता कर रहे ओमप्रकाश गुप्ता का भी आशीर्वचन प्राप्त हुआ। आभार ज्ञापन शिशु भारती प्रमुख बृजेश तिवारी ने किया वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

भाजपा नेता को पुलिस ने जड़ा थप्पड़

पट्टी, प्रतापगढ़। थाना कंधई के देवजानी गाँव के भाजपा युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष आशीष तिवारी वीनू का आरोप है कि पट्टी कोतवाली के एक पुलिस ने जमकर मारापीटा और कपड़े फाड़ दिये। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस ने धमकी दी कि कोई कार्यवाही यदि हमारे उपर होती है तो एनकाउंटर करवा दूँगा। पीड़ित अमानवीय व्यवहार से आहत होकर धरने पर बैठ गया। मामला उच्चस्तर पर पहुँचने और सिपाही पर कानूनी कार्यवाही के आश्वाशन पर धरना समाप्त किया।

कृषि विज्ञान केंद्र ऐठू में प्रशिक्षार्थी सम्मेलन आज से

परियावां, प्रतापगढ़। राजा दिनेश सिंह कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा कृषि अनुसंधान परिषद के 95 वें स्थापना दिवस के अवसर पर 16 से 19 जुलाई तक तकनीकी सत्र एवम पूर्व प्रशिक्षार्थी सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे किसान मेला, कृषि प्रदर्शनी एवम किसान गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। जनपद के अधिक से अधिक संख्या में किसान पहुंच कर कार्यक्रम का लाभ उठाकर सफल बनाएं।

लूट के अभियोग का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

प्रतापगढ़। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद के थाना मान्धाता के उ0नि0 अनुज यादव व उ0नि0 बनवारी लाल मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना मान्धाता के मु0अ0सं0 459/2021 धारा 392 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त अजय श्रीवास्तव पुत्र सुरेश कुमार नि0ग्राम जेवई थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र मान्धाता के ब्लाक मान्धाता के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि माह दिसम्बर 2021 में मैंने तथा मेरे एक साथी ने मिलकर सराय हरिनारायणं नहर पुलिया के पास से एक व्यक्ति से 30 हजार रुपये व लैपटाप, मोबाइल व फिंगरप्रिंट डिवाइस लूट लिए थे, रुपये लूटकर पकड़े जाने के डर से बाहर भाग गया था।

जेएमजी पब्लिक स्कूल कालाकांकर मे कौशल विकास कार्यशाला का आयोजन

छात्र-छात्राओं को दी जानकारी महत्वपूर्ण जानकारी

कार्यशाला में मौजूद छात्र-छात्रागण।

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। विकास क्षेत्र कालाकांकर के अंतर्गत जेएमजी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल कालाकांकर मे शनिवार को भारत सरकार द्वारा निर्धारित एवोक इंडिया प्रोग्राम के अंतर्गत कौशल विकास से संबन्धित कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें छात्र छात्राओं को वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें साइबर क्राइम के प्रति सचेत रहने एवं उनसे होने वाले क्षति से बचने के उपाय बताए गए। २कौशल विकास से संबंधित सरकारी योजनाओं से भी परिचित कराया गया। कार्यशाला का संचालन ब्रजेश पाण्डेय जी,डी सी लालगंज एवं आशीष कुमार गौर, कालाकांकर विकास खंड द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य मुनीश शर्मा ने छात्राओं को इस कार्यशाला की उपयोगिता से परिचित कराया एवं संचालक गण के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं मे अंकित शुक्ल उपप्रधानाचार्य, श्रीमती अंकिता शुक्ला, कुलदीप श्रीवास्तव, हेमंत सिंह,अमित मिश्र, ब्रजेश तिवारी, आशुतोष राय, श्रीमती पूनम यादव की सहभागिता रही। विद्यालय के प्रबंधक वी के शुक्ल व वी एन शुक्ल चेयरमैन ने सभी आगंतुको के प्रति आभार ब्यक्त किया और कहा कि साइबर क्राइम के प्रति लोग सचेत रहे।

मनीष पाल बने समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

मनीष पाल का मुंह मीठा कराकर बधाई देते कार्यकर्ता।

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति से समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजपाल कश्यप ने मनीष कुमार पाल पूर्व मीडिया प्रभारी को समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। इस अवसर पर शनिवार को नि.नगर अध्यक्ष निसार अहमद व मीडिया प्रभारी वकार अहमद की अगुवाई में समाजवादी साथियों के साथ मनीष पाल जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ को माला पहनाकर लड्डू खिलाकर बधाई दी। इस अवसर पर डॉ. एजाज अहमद, जियाउल हक, सैफी सिद्दीकी, हैदर अली, सूरज यादव, बबलू खान, शकील मास्टर, इमरान खान, राकेश चैधरी, अल्ताफ खान, मो.खालिद आदि मौजूद रहे।

वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिले के थाना रानीगंज के उ0नि0 सालिक राम शुक्ला मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना परं परिवाद संख्या 151/2014 धारा 138 एनआई एक्ट थाना शिवकुटी जनपद प्रयागराज से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त सत्येन्द्र कुमार मौर्या पुत्र सच्चे लाल मौर्या नि0ग्राम खेमईपुर थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ को उनके घर से गिरफ्तार किया गया।

पाक्सो एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

प्रतापगढ़। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद के थाना सांगीपुर के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान थाना सांगीपुर के भादवि व 4(2), 5एल/6 पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त उमेश सिंह पुत्र कमल सिंह नि0ग्राम सांगीपुर थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

नाबालिग के साथ छेड़खानी के आरोपी को पांच साल का कारावास

20 हजार रुपये का लगा अर्थदण्ड

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो अधिनियम आलोक द्विवेदी ने नाबालिग के साथ छेड़खानी करने व उसे जान से मारने की धमकी देने के आरोप में थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के खुटाघाट निवासी दीपक सरोज को दोषी पाते हुए 5 वर्ष के कारावास व 20 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया।

अर्थदंड की आधी राशि अंकन दस हजार रुपए पीड़िता को उसके मानसिक एवं चिकित्सीय आघात के लिए प्रदान की जाएगी। वादी मुकदमा के अनुसार उसकी नाबालिक लड़की कक्षा आठ की छात्रा थी। 13 अगस्त 2018 को समय लगभग सात बजे वह अपनी दादी के साथ शौच के लिए गई थी कि रास्ते में पुलिया पर उसकी दादी बैठ गई और पीडिता अकेले आगे शौच के लिए गई तो रास्ते में पहले से ही घात लगाए दीपक सरोज ने जबरदस्ती लड़की का हाथ पकड़ कर घसीटते हुए हुए बलात्कार करने की नियत से खेत में जंगल की तरफ ले जाने लगा। उसकी बेटी की चीख सुनकर पुलिया पर बैठे आशीष सरोज व अन्य लोग लाठी डंडा लेकर शोर मचाते हुए मौके पर गए तो दीपक सरोज मां बहन की गालियां देते हुए कट्टे से फायर किया और जंगल की तरफ भाग गया और कहा कि यदि पुलिस को सूचना दी तो तुम्हारे परिवारों को जान से मार दूंगा। उपरोक्त मामले में राज्य की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक देवेश चंद्र त्रिपाठी व अशोक त्रिपाठी ने की।

खबर संक्षेप

दबंग कर रहे जमीन पर कब्जा

कौशाम्बी पिपरी थाना क्षेत्र के महमूदपुर मनौरी निवासी दिनेश बाबू पुत्र कामता प्रसाद की मौजा जुनैदपुर थाना संदीपनघाट में आराजी सं0 78क रकबा 0.0230 भूमिधरी जमीन पर गाँव के दबंग रामसूरत, शिवमोहन, गुलाब, मोहन कुशवाहा पुत्र देवनारायण जबरन कब्जा कर निर्माण कर रहे है विरोध करने पर गाली गलौज करने पर आमदा है न्यायालय उपजिलाधिकारी चायल के यहाँ हकबन्दी के लिए मुकदमा दाखिल है जो न्यायालय में विचाराधीन है इसके बावजूद भी दबंग उक्त आराजी पर निर्माण कर रहे है मामले को लेकर दिनेश बाबू ने तहसील समाधान दिवस चायल में शिकायती पत्र देकर अवैध कब्जा रोकने की मांग की है।

विद्युत अधिकारियों ने की चेकिंग

कौशाम्बी मंझनपुर तहसील क्षेत्र के चंपहा गांव में विद्युत अधिकारियों ने बकाया विद्युत बिल पर उपभोक्ताओं के कनेक्शन चेकिंग की है इस दौरान उन्होंने कई लोगों के विद्युत कनेक्शन काटे हैं और कई लोगों पर जुर्माना भी लगाया है विद्युत अधिकारियों ने बताया कि कई लोगों के ऊपर लंबे समय से विद्युत बिल बकाया है बार-बार कहने के बाद भी बकाया विद्युत बिल उपभोक्ताओं द्वारा नहीं जमा किया जा रहा है जिस पर कई लोगों के विद्युत कनेक्शन काट दिया गया है प्रदीप कुमार जेई ने बताया कि विद्युत उपभोक्ता सुरेश कुमार मिश्रा अरुण कुमार मिश्रा बबलू प्रीतम सिंह अनिल मौर्या बबलू राजपूत आदि के बिल का लंबे समय से विद्युत बिल बकाया है और इनके द्वारा बकाया विद्युत बिल नहीं जमा किया जा रहा है जिस पर जांच और चेकिंग के दौरान विद्युत अधिकारियों ने कार्रवाई की है

न्यायालय परिसर के पेड़ की नीलामी

कौशाम्बी जनपद न्यायालय कौशाम्बी से सम्बद्ध निर्माणाधीन बिल्डिंग के परिसर में स्थित 03 बबूल के पेड़ की नीलामी दिनांक 18 जुलाई 2023 को अपरान्ह 01:30 बजे जनपद न्यायालय, कौशाम्बी सभागार में करायी जायेगी। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी नजारत ने दी।

एण्टीलार्वा के छिड़काव के निर्देश

कौशाम्बी डीएम ने मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में विशेष संचारी रोग नियन्त्रण एवं दस्तक अभियान के तहत अब तक किये गये कार्यों की जानकारी प्राप्त करते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी एवं ई0ओ0 को रोस्टर के अनुसार ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई, फागिंग एवं एण्टीलार्वा का छिड़काव कराने के निर्देश दिये तथा रोस्टर की सूची सम्बन्धित प्रभारी चिकित्साधिकारियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दियें। उन्होंनें सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि संचारी रोग नियन्त्रण तथा दस्तक अभियान पर विशेष ध्यान दिया जाय।

जिलाधिकारी एवं एसपी ने तहसील मंझनपुर में सुनी जनशिकायतें

राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने तहसील मंझनपुर में आमजन की शिकायतों को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से कहा कि तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों को 07 दिन के अन्दर निस्तारित किया जाय तथा आई0जी0आर0एस0 के तहत प्राप्त शिकायत को समयान्तर्गत एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारित किया जाय तथा यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी शिकायत डिफाल्टर न होने पाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 42 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 04 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। समाधान दिवस में शिकायतकर्ता मसुरी लाल, निवासी ग्राम-कोरांव खास ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि वे अपनी भूमिधरी पर बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य कराये थे, जिसे गांव के ही कुछ दबंग व्यक्तियों ने उसे तोड़ दिया एवं नीम के पेड़ को भी काट दिया है, जिस पर जिलाधिकारी ने थाना प्रभारी, कौशाम्बी को जॉचकर दोषी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। इसी प्रकार शकुन्तला देवी निवासी ग्राम-पुनवार ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि उनकी भूमिधरी पर कुछ सहखातेदार धान की रोपाई नहीं करने दे रहें है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी मंझनपुर को प्रकरण की जॉच कराकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें। तहसील सिराथू में कुल 51 शिकायतें प्राप्त हुई तथा तहसील चायल में कुल 32 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 02 शिकायत का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्मेन्द्र कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी आर0एस0 यादव एवं उप जिलाधिकारी आकाश सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

पीड़ित ने एडीएम से की कानून गो की शिकायत

कौशाम्बी- सिराथू तहसील में लेखपाल से कानूनगो बने अंसार अहमद हमेशा सुर्खियों में रहे हैं आम जनता की जमीनों में हेराफेरी कर कब्जा कराना अधिकारियों के नाम पर वसूली करना अंसार अहमद की आदत में शुमार है इन दिनों की वह फिर चर्चा में बने हुए हैं मामले की शिकायत तहसील समाधान दिवस सिराथू में पीड़ितों ने अधिकारियों से की सिराथू तहसील के कला ब्लाक के लेखपाल अंसार अहमद जो कि काफी दिनों तक कानूनगो के चार्ज पर भी रहे हैं वह इस समय काफी सुर्खियों में चल रहे हैं अंसार अहमद की जमीनों की गलत नाम से संबंधित कई शिकायतें कई गांव से कई बार की गई जिस को ध्यान में रखते हुए उच्च अधिकारियों ने अंसार अहमद को कानूनगो के पद से हटाकर उन्हें सौरई बुजुर्ग गांव का लेखपाल बना दिया,लेकिन अंसार अहमद के हौसले इतने बुलंद है कि वह अपने दूसरे लेखपाल साथी को चार्ज दे नहीं रहे कड़ा शीतला धाम निवासी सुदामा पंडा ने शनिवार को सिराथू तहसील आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जाकर विवादित लेखपाल अंसार अहमद की शिकायत एडीएम से की पीड़ित सुदामा पंडा ने एडीएम को बताया कि अंसार अहमद ने उनकी जमीन को गलत तरीके से नापा और वह निवेदन करते रहेंगे लेकिन उनकी एक न सुनी इतना ही नहीं विवादित कानूनगो द्वारा उनके निवेदन करने पर अंसार अहमद द्वारा उन्हें भला-बुरा कहा गया पीड़ित ने एडीएम से अंसार अहमद के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है

दूसरे दिन हुआ 17वी सीनियर ओपन फिडे रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जिला शतरंज स्पोर्ट्स एसोसिएशन कौशांबी तत्वावधान में 17वी सीनियर ओपन फिडे रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन रानी गार्डन कोयलहा चायल में हो रही प्रतियोगिता का शनिवार दूसरे दिन के तीसरे चक्र की समाप्ति पर परिणाम निम्न हैं पहले बोर्ड पर कानपुर के सी यम दीपक कतियार ने बरेली ओजस सक्सेना दुसरे बोर्ड पर नोएडा के अजय संतोष ने गोरखपुर के अगस्त यादव को तीसरे बोर्ड पर आगरा के संचय दूबे ने मेरठ गोपाल कृष्ण महेश्वरी चौथे बोर्ड पर वाराणसी गोविंद कुमार ने बाजारू के सूर्य कान्त वर्मा को पांचवें बोर्ड पर वाराणसी के प्रखर त्रिपाठी ने वाराणसी के यस मिश्रा को छठे बोर्ड पर आगरा के श्रेयस सिंह ने नोएडा के आदित्य सातवें बोर्ड पर विकल्प शुक्ल ने वाराणसी रिशि पाण्डेय आठवें बोर्ड पर गाजियाबाद की शुभी गुप्ता ने प्रयागराज के चन्द्र प्रकाश को नोवेल बोर्ड पर वाराणसी के तुषार सारस्वत ने मुरादाबाद के रविश चौधरी को दशवे बोर्ड पर झांसी की पूर्वी राजपूत ने प्रयागराज के स्पर्श याओ को हराया सचिव राघवेन्द्र शुक्ल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल 150 खिलाड़ियों ने 22 जिले वाराणसी, कानपुर, लखनऊ, आगरा गोरखपुर, प्रयागराज, मथुरा, गाजियाबाद, नोएडा, अलीगढ़, जौनपुर मुजफ्फरनगर, मुरादाबाद, बरेली, झांसी आदि से प्रतिभाग किया है यह प्रतियोगिता सात चक्र में की जा रही है जो की14 जुलाई से प्रारंभ होकर 17 जुलाई तक चलेगी उद्घाटन समारोह में सचिव राघवेन्द्र, ज्वाइंट सेक्रेटरी राकेश कुमार, चन्द्र प्रकाश,गौरव गर्ग, सुनील गुप्ता रवि चोपड़ा अश्विनी मिश्रा आदि मौजूद रहे

भवन्स मेहता विद्याश्रम में कजरी गायन और भजन गायन प्रतियोगिता का हुआ कार्यक्रम

भरवारी कौशाम्बी भवन्स मेहता विद्याश्रम भरवारी में 15 जुलाई को सावन के शुभ महीने में प्राइमरी के बच्चों के बीच भजन सिंगिंग कंपटीशन एवं सीनियर स्टूडेंट्स के बीच कजरी सिंगिंग कंपटीशन का आयोजन किया गया जिसमें अनेकों अनेक बच्चों ने बड़े ही उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव ने दीप जलाकर किया।सर्वप्रथम प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के बीच भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे शिक्षिका श्रीमती पूनम सिंह,साहिबा मैम एवं श्रीमती अंकिता मैम तथा सीनियर ग्रुप के कजरी सिंगिंग प्रतियोगिता में शिक्षक सुधाकर सिंह राकेश कुमार सिंह एवं सुशील कुमार श्रीवास्तव निर्णायक की भूमिका में रहे।कजरी प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 8 के ग्रुप में अनन्या सिंह प्रथम,नमश्य केशरवानी द्वितीय एवं सौम्या सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं सीनियर ग्रुप में स्मृति केसरवानी एवं शिवांगी तिवारी दोनो को प्रथम, महक ने द्वितीय एवं आशुतोष भारती को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी तरह प्राथमिक कक्षाओं में अथर्व अंशवी सार्थक,दिव्यांश राज श्रेयांश प्रज्ञा,आदित्य कुमार,रिवान एवं नैंसी को उनके ग्रुप के अनुसार क्रमशः प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य द्वारा समस्त बच्चों को पुरस्कृत किया गया इस अवसर पर समस्त शिक्षक एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

संपूर्ण जनपद के प्राइवेट स्कूल में मूल्य से भी ज्यादा मूल्य पर बेची जा रहीं है कितांबे!

क्लास सिक्स से आठ तक की किताबो के प्रिंट मूल्य के ऊपर स्टीकर लगाकर ऊंचे दामों पर बेची जा रहीं है किताबे

भरवारी कौशाम्बी नगर पालिका परिषद भरवारी सहित जनपद के तमाम स्कूलों एवम कालेज में प्रिंट रेट से भी ज्यादा मूल्य पर बच्चो को कितने बेची जा रहीं है तमाम स्कूलों में तो निर्धारित मूल्य से 4 गुना अधिक कीमत लेकर किताबें बेची जा रही हैं स्कूलों में किताब बेचने का बड़ा व्यवसाय हो गया है जिसके चलते स्कूल प्रबंधकों के इस कार्य पर अभिभावक आक्रोश व्यक्त कर रहें है बता दे जनपद कौशाम्बी के समस्त स्कूलों में कक्षा 5 से लेकर 8 तक के बच्चो को ऊंचे दामों पर किताबे बेची जा रहीं है जिसकी कीमत लगभग तीन हजार से लेकर चार हजार तक में बच्चो को किताबे उपलब्ध कराई का रही है ' इतना ही नहीं कुछ स्कूलों में तो किताबो में छपी मूल्य के ऊपर स्टीकर लगाकर उससे भी ज्यादा मूल्य पर किताबे बेची जा रहीं है ऐसे में अभिभावकों में रोष इस बात का भी है की प्रवेश के ही वक्त इतनी भारी भरकम फीस लेकर तमाम फर्जी फंड जोड़कर प्रवेश के वक्त अभिभावकों की जेब ढीली कर दी जाती है उस पर किताबो में अतिरिक्त बोझ डालकर अभिभावकों को मजबूर कर दिया जाता है जिससे लोग अपने आपकों निसहाय ठगा सा महसूस कर रहे है लागो ने यह भी बताया कि नियम के तहत स्कूल में कापी किताबे बेचने का लाइसेंस भी नही प्राप्त है इसकी जांच होनी चाहिए लोगो ने बताया कि यही किताबे यदि बाजार से ली जाए तो दुकानदार के तरफ से छात्रों को प्रति किताब में बीस से पच्चीस प्रतिशत की छूट मिलती है अभिभावकों ने जिलाधिकारी कौशांबी से जांच कर स्कूल के प्रति सख्त कार्यवाही की मांग की है

पति की प्रताड़ना से त्रस्त विवाहिता पहुंची पुलिस की चौखट पर

कौशांबी चरवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिरियावां कला निवासी समीना बानो पुत्री आकील अहमद ने थाना चरवा में शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी शादी लगभग तीन वर्ष पूर्व ग्राम लखनपुर थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज निवासी अब्दुल्ला पुत्र स्व सरफराज के साथ हुईं थी। समीना बानो ने बताया कि उसका पति अब्दुल्ला अपराधी किस्म का व्यक्ति है। जो शादी के कुछ ही दिनों के बाद से दहेज के खातिर समीना बानो को परेशान करता रहता था। साथ ही मारपीट कर दहेज के लोभ में समीना को ससुराल से भागा दिया था। उसके बाद से समीना बानो मायके आकर रहने लगी समीना बानो का पति जबरन उसके मायके में आकर रहता हैं। विवाहिता ने पुलिस को शिकायत पत्र देते हुए बताया कि लगभग 15 दिन पहले सामाजिक तौर पर तलाक भी हो चुका है। अब्दुल्ला के द्वारा तलाक देने के बाद भी अब समीना बानो को जबरन ले जाकर उसकी हत्या कर देने की धमकी दे रहा है। हत्या की डर से समीना अपने पति के साथ जीवन यापन करने को तैयार नहीं हैं। उपरोक्त मामले में समीना का पति मायके में आकर दिनांक 15/07/2023 को समय करीब 9 बजे समीना बानो वा उसकी माता को मारने पीटने लगा तथा जान से मार डालने की धमकी दिया है। उक्त मामले की सूचना मिलते ही पुलिस जांच में जुट गई और चरवा थाना प्रभारी द्वारा महिला को आश्वासन दिया गया कि दोषी पाए जाने पर सख्त कानूनी कारवाई की जायेगी।

अमीनपुर सवरो गांव में संचालित हो रहा है फर्जी वीजा फर्जी पासपोर्ट टिकट का केंद्र

दलित को दुबई भेजने के नाम पर 90 हजार ठगने के बाद दिया फर्जी टिकट वा फर्जी वीजा

करारी कौशाम्बी करारी थाना क्षेत्र के अमीनपुर सवरो गांव में फर्जी वीजा बनाने और दुबई का फर्जी टिकट बनाने की दुकानें चल रही है लेकिन पुलिस आला अधिकारी अनजान बने हुए हैं करारी थाना क्षेत्र के अषाढा गांव के मोनू पुत्र राजकुमार पासी को दुबई भेजने के नाम पर अमीनपुर सवरो के रेहान ने 90 हजार रुपए ले लिया और उसके बाद उसे फर्जी टिकट फर्जी वीजा दे दिया जब मोनू दुबई जाने की तैयारी करने लगा तो उसे जानकारी हुई कि फर्जी टिकट वा फर्जी वीजा है जिस पर उसने रेहान को बताया रेहान ने फर्जी टिकट वीजा वापस ले लिया दोबारा फिर उसे फर्जी टिकट वा फर्जी वीजा दे दिया मोनू को फिर जानकारी हुई कि फर्जी टिकट वा फर्जी वीजा है उसने मामले की शिकायत पुलिस से की है सवाल उठता है कि दुबई भेजने के नाम ठगी कर फर्जी वीजा फर्जी टिकट बनाने वाले गिरोह के कारनामे पर अभी तक गुप्तचर एजेंसी सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी अनजान बने हुए हैं फर्जी टिकट वीजा बनाने के धंधे में लगे रैकेट के सदस्यों को बेनकाब करना होगा इनकी जांच करानी होगी इन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज कर के फर्जी वीजा फर्जी टिकट बनाए जाने के खेल को बंद करना होगा लेकिन अभी तक आला अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दुबई के फर्जी टिकट और फर्जी वीजा के खेल को बंद नही कराया है मोनू ने बताया कि जब अपना 90 हजार रुपए उसने वापस मांगा तो उसके साथ गाली-गलौज मारपीट किया गया है मामले की तहरीर थाना पुलिस को दी गई है लेकिन रेहान के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है

भूमाफियो को लाभ पहुंचने पर भ्रष्ट हल्का लेखपाल की जिला अधिकारी से शिकायत

कौशाम्बी विकास खण्ड कौशम्बी के फैजुल्लापुर ग्राम प्रधान सुनीता देवी ने कई विन्दुओ के एक शिकायती पत्र के माध्यम से जिलाधिकारी कौशाम्बी को बताया है कि हल्का लेखपाल सुभाष कुमार मेरे राजस्व ग्राम भैरवा में बीतें लग?भग 5 वर्ष से अधिक से तैनात है जो भूमाफियाओ तथा ग्राम सभा की जमीन मे कब्जा करने वाले लोगो से काफी नजदीकी सम्बन्ध बनाकर रहा करता है। जिस कारण से ग्राम सभा की भूमि पर शिकायत करने पर कभी अवैध कब्जा करने वालो पर कार्यवाही नही किया करता है। ग्राम प्रधान ने शिकायती पत्र के माध्यम से बताया कि 1 जुलाई 23 को मेरे द्वारा भैरवा स्थित भूमि की अराजी संख्या 228 0.1960 हे0 भूमि जो एक चकमार्ग है कि पैमाइश कराने के लिए कई बार कहा गया लेकिन भ्रष्ट मानसिकता से दूषित लेखपाल द्वारा पैमाइस नहीं कि गयी जिसके बाद भी भ्रष्ट हल्का लेखपाल सुभाष कुमार द्वारा पैमाइश नहीं की गई ग्राम प्रधान द्वारा कम्प्लेन सन्दर्भ संख्या 40017423010883 के माध्यम से पैमाइस करने की शिकायत दर्ज कराई तो जिसके बाद भी भ्रष्ट कार्यशैली कें लेखपाल द्वारा उपरोक्त भूमि की शिकायत का निस्तारण बगैर मौके पर गये बगैर देखे पैमाइस की गलत रिपोर्ट लगा कर उच्चाधिकारी को दे दिया गया है। और पैमाइस के दौरान ग्राम प्रधान को बुलाया नहीं गया है । और ना ही चकमार्ग को चिन्हित किया गया है जिस कारण मनरेगा योजना के तहत होने वाले विकास "कार्य प्रभावित हो रहा है

एक भाजपा नेता के दबाव में आधी आबादी को बर्बाद करने में लगे हैं पीडब्ल्यूडी के अधिकारी

अखंड भारत संदेश

डिप्टी सीएम से भी ग्रामीणों के मिलने के बाद कम होती नहीं दिखाई पड़ रही है मुसीबत

राम वन गमन मार्ग के चौड़ीकरण में पक्षपात होने से बर्बाद होने के कगार पर खड़ी है आधी आबादी

कौशाम्बी राम वन गमन मार्ग के चौड़ीकरण के नाम पर सड़क के किनारे बसे लोगों के घरों को तोड़ कर जमीन अधिग्रहण के मामले में एक कथित भाजपा नेता के दबाव में पक्षपात शुरू हो गया है कथित भाजपा नेता के दबाव में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा उसके चहेते का घर बचाने के लिए एक साइड के मकानों को ध्वस्त करके सड़क चौड़ीकरण में शामिल नहीं किया जा रहा है जिससे चहेते का घर बच जाए बल्कि एक साइड की जमीन को छोड़ कर के दूसरे साइड के लोगों का पूरा मकान ध्वस्त किए जाने की पूरी योजना बना ली गई है जिससे आधी आबादी के लोगों में सरकार और उनके नुमाइंदों के प्रति जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है और कभी भी आक्रोश सड़क पर आ सकता है सड़क चौड़ीकरण में अधिग्रहण के मामले में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के इस पक्षपात पूर्ण रवैया का लोगों ने जमकर विरोध शुरू कर दिया है राम वन गमन मार्ग के चौड़ीकरण के नाम पर विभाग द्वारा किए जा रहे पक्षपात पूर्ण रवैया से आधी आबादी के लोग बर्बाद होने के कगार पर है अपने खास लोगों के मकान को बचाने के उद्देश्य से कथित भाजपाई नेता के इस पक्षपातपूर्ण रवैया के चलते लोगों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है और समय आने पर नेता के साथ-साथ पूरी भाजपा पार्टी को मुंहतोड़ जवाब जनता जरूर देगी राम वन गमन मार्ग चौड़ीकरण में ओसा चौराहा से समदा के बीच ग्राम सभा गौरा अशोकनगर में इससे पूर्व में सड़क की तीन बार नाप हुई थी जिसमें रोड के दोनों तरफ बराबर जमीन लिया जा रहा था लेकिन अचानक एक भाजपा के नेता का दखल हो गया उनके चहेते का घर गिर रहा था उन्होंने अपने चहेते का घर बचाने के लिए आधी आबादी को पूरी तरह से बर्बाद करने की योजना बना ली अब इसमें रोड के एक ही साइड पूरब की तरफ सड़क चौड़ीकरण का हिस्सा लिया जा रहा है और दूसरी साइड के लोगों के घरों को पूरी तरह से छोड़ दिया गया जिसके कारण कई लोगों का मकान पूरा का पूरा अधिग्रहण में आ गया है विभाग के अधिकारियों द्वारा मकान गिराने की बात की जा रही है पक्षपातपूर्ण तरीके से एक साइड के पूरा घर गिराए जाने से सड़क के एक साइड में बसे सैकड़ों परिवार पूरी तरह से बर्बाद होने के कगार पर खड़े दिखाई पड़ रहे है पूछताछ के दौरान कर्मचारियों के द्वारा बताया जा रहा है कि रोड सीधी करने के लिए एक तरफ छोड़ा जा रहा है जबकि रोड सीधी करने के लिए दूसरी साइड ही रोड भाग रही है गाव के कई लोगो ने डिप्टी सीएम से शिकायत की डिप्टी सीएम ने भी लेटर लिखकर जांच कर निष्पक्ष तरीके से सड़क चौड़ीकरण करने के लिए कहा कि दोनों तरफ बराबर सड़क बनाई जाए लेकिन इस काम मे लगे अधिकारी डिप्टी सीएम के आदेश को भी नही मान रहे है। और कथित भाजपाई के दबाव में मनमानी पर उतारू है।यहाँ के लोगो ने मांग की है कि सड़क चौड़ीकरण में हो रहे पक्षपात की गहनता से जांच करा कर निष्पक्षता पूर्ण राम वन गमन मार्ग को चौड़ीकरण कर सड़क बनवाई जाए और रोड के दोनों साइड बराबर जमीन अधिकृत की जाए यदि सड़क चौड़ीकरण में इसी तरह पक्षपात रहा तो आने वाले दिनों में भाजपा को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी।

नाइट ब्लड सर्वे के लिए दिया गया प्रशिक्षण

फाइलेरिया मरीज की पहचान के लिए हर ब्लॉक से लिया जाएगा ब्लड सैम्पल, जिले में पांच हजार लोगों का सैम्पल लेने का है लक्ष्य पिछले वर्ष लिया गया था 4000 सैम्पल, मिले थे 11 नए मरीज

कौशाम्बी विगत वर्ष की भाति इस वर्ष भी नाइट ब्लड सर्वे अभियान जिले के सभी ब्लॉक में चलाया जाएगा। नये फाइलेरिया के मरीजों की पहचान के लिए लगभग पांच हजार लोगों के खून का सैम्पल लिया जाएगा। ब्लॉक की पैथॉलोजी में इसकी जांच की जाएगी। जांच में जो मरीज सामने आएंगे उन्हें पंजीकृत कर उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ा जाएगा प्रभावित परिवारों को फाइलेरिया से बचाव के बारे में भी बताया जाएगा। प्री आईडीए अभियान के तहत नाइट ब्लड सर्वे कराने की योजना है। इस सम्बंध में नाइट ब्लड सर्वे कार्य में लगे कर्मियों (लैब टैक्नीशियन)का प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को देर शाम जिला मलेरिया अधिकारी कार्यालय में संपन्न किया गया। इस मौके पर जिला मलेरिया अधिकारी अनुपमा मिश्रा ने बताया कि इस साल सभी ब्लॉक को नाइट ब्लड सर्वे में शामिल किया गया है, जबकि इससे पूर्व चुनिंदा ब्लॉक व शहर के क्षेत्रो को ही लिया जाता रहा है। शासन के दिशा -निर्देश के अनुसार इस बार सभी 8 ब्लॉक में नाइट ब्लड सर्वे अभियान संचालित किया जाएगा। हर ब्लॉक में एक जगह रैंडम व एक सेंटीनल (जहां पूर्व में केस निकल चुके हैं) चिन्हित किया जाएगा। हर साइट से कम से कम 300 लोगों का सैम्पल लिया जाना है। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया रोग की रोकथाम के लिए हर साल सर्वजन दवा सेवन (आईडीए) अभियान संचालित किया जाता है। इसमें स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाते हैं। इससे पूर्व जो कार्यक्रम संचालित होते हैं, उन्हें प्री एमडीए कहते हैं। इसमें नाइट ब्लड सर्वे अभियान चलाकर खून का सैम्पल लेकर उसकी जांच कराई जाती है। उन्होंने बताया अभियान रात आठ बजे से 12 बजे तक चलाना है। एक दिन पूर्व गांव में जाकर आशा कार्यकर्ता की मदद से लोगों को जागरूक करें । 25 जुलाई तक सर्वे कार्य कराया जाना है। कार्यक्रम के प्रतिभागी लैब टैक्नीशियन महेंद्र सिंह ने बताया कि नाइट ब्लड सर्वे कार्य के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। प्रशिक्षण में बताया गया है कि ब्लड सैम्पलिंग के दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि उंगली को दबाकर ब्लड न निकाला जाए। उंगली से टपकने वाले ब्लड को ही स्लाइड पर लिया जाए। 20 साल व उससे अधिक उम्र वालों की सैम्पलिंग होनी है।

न्यूज झरोखा

एक सप्ताह में ध्वस्त हो गई विधायक कोटे से बनी मानक विहीन पुलिया

अझुवा कौशांबी सिराथू विधायक पल्लवी पटेल के विधायक निधि से बनी मानक विहीन इंटरलाकिंग और पुलिया बनने के एक सप्ताह बाद ही ध्वस्त हो गई नवनिर्मित पुलिया और इंटरलॉकिंग ध्वस्त होने से निकलने वाले वाहनों और लोगो को समस्या आ गई है जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है जानकारी के अनुसार सिराथू तहसील क्षेत्र के शाखा लिंक रोड नगर पंचायत अझुवा वार्ड नंबर 6 कृष्णा नगर से जुगराज सिंह के मकान तक लगभग 200 मीटर इंटरलाकिंग और पुलिया का निर्माण विगत एक जुलाई को सिराथू विधायक पल्लवी पटेल के विधायक ने से कराया गया था इस पुलिया और इंटरलॉकिंग का कार्य 1 जुलाई को समाप्त हुआ था 2 दिन पहले वाहनों के आवागमन से पुलिया ध्वस्त हो गई संबंधित जेई ने बताया कि कितनी लागत से बनी है उसे बोर्ड लगने पर देख लेना पूरे 200 मीटर तक एक तरफ नाली बनना था जो 50 मीटर नाली बनाकर कार्य पूर्ण कर लिया गया ग्रामीणों के अनुसार जमकर भ्रष्टाचार कर धन का बंदर बांट हुआ है लोगों ने विधायक से मौका मुआयना की मांग की है बड़ी कमीशन खोरी की चर्चा आ रही है

उद्योग व्यापार मंडल के कौशांबी सह प्रभारी नियुक्त हुए शिव मूरत गुप्ता

कौशाम्बी व्यापारियों को संगठित करने और उनके शोषण पर आवाज बुलंद करने के लिए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री शिवमूरत गुप्ता को कौशांबी सह प्रभारी के पद पर नियुक्त किया है प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष अग्रहरि को कौशांबी प्रतापगढ़ अमेठी का प्रभारी नियुक्त किया गया है प्रदेश अध्यक्ष ने उम्मीद जताई है कि 15 दिनों के अंदर कौशांबी नगर इकाइयों का गठन कर प्रदेश कार्यालय को सूचित करेंगे उन्होंने उम्मीद जताई कि आप प्रदेश के व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए कार्यरत रहेंगे

बारिश में गिरा गरीब का आशियाना, खा रहा दर-दर की ठोकरें

कौशांबी तहसील चायल के ग्राम पंचायत बलीपुर टाटा में एक दलित परिवार मेहनत मजदूरी करके दो वक्त की रोटी को खाने को मजबूर है तमाम प्रयास के बाद भी गरीब को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल सका है कच्चे घर में जीवन यापन कर रहा था लेकिन बारिश के चलते उसका कच्चा घर भी जमींदोज हो गया है जिससे उसके सामने रहने की समस्या उत्पन्न हो गई है लेकिन गरीब की पीड़ा सुनने वाला शायद योगी सरकार में कोई अधिकारी नहीं है चायल तहसील के बलीपुर टाटा गांव निवासी मानसिंह पासी पुत्र लल्लू पासी का घर बारिश के चलते गिर गया है प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ इस गरीब तक नहीं पहुंच सका है वहीं पर इस महंगाई में गरीब के सामने घर बनाने की दिक्कत है उसके बच्चे आसमान के नीचे जीवन जीने को विवश हैं लेकिन उसके बाद भी अधिकारियों को गरीब पर दया नहीं आ रही है गरीब मजदूर किसी तरह मेहनत मजदूरी करके अपने बच्चों का पालन पोषण करता है मजदूर व्यक्ति का घर गिर जाने से मजदूर का परिवार रहने के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहा है

गरीबों के मसीहा चिकित्सक पुत्र तथा हड्डी रोग विशेषज्ञ अब आपके शहर भरवारी में रहेंगे मौजूद

भरवारी कौशाम्बी गरीबों के मसीहा एवम चिकत्सक पुत्र तथा हड्डी रोग विशेषज्ञ आपके शहर बृजेश मेमोरियल अस्पताल भरवारी में अपने गरीब बीमार जनता के लिए मौजूद रहेंगे भरवारी की जनता के लिए बहुत ही बड़ी खुशखबरी है कि भरवारी के निवासी बृजेश मेमोरियल अस्पताल के मालिक स्व डॉ कमलेश के पुत्र डॉ मयंक केशरवानी हड्डी रोग विशेषज्ञ है वर्तमान समय में दिल्ली के प्रसिद्ध अस्पताल में कार्यरत हैं 'आपको बता दे कि स्व कमलेश की मृत्यु के बाद से उनके चिकत्सक पुत्र ने अपने जनपद के गरीबों मजलूमों की बेहतर सुविधा के लिए बेहतर सस्ती इलाज के लिए सप्ताह में दो दिन यानी प्रत्येक रविवार एवम सोमवार को यहां की जनता की सेवा के लिए बृजेश मेमोरियल अस्पताल भरवारी में रहकर यहां की बीमार जनता की सेवा का जो बीड़ा उठाया है वह बहुत ही सराहनीय कार्य है 'इतना ही नहीं उन्होंने सभी प्रकार की बिमारी के लिए देश के प्रचलित चिकत्सको की ऑफ लाइन एवम ऑन लाइन की भी व्यवस्था कर रखी है '। जबसे डॉ मयंक केशरवानी ने यहां की बीमार जनता के सेवा करना शुरू किया हैं तब से कम से कम सैकड़ों हड्डी के मरीजों को चोर बाजार प्रयागराज नही जाना पड़ा उन सभी मरीजों का सस्ता वा सुलभ उपचार कर जनता का मन जीतने के काम किया लोगो मे डॉ मयंक की प्रति काफी उत्साह है '

तुरती पुर गांव में खराब सड़क बनाने को मजबूर ग्रामीण

कौशाम्बी मंझनपुर विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत पंडिरी के मजरा तुरतीपुर गांव में खराब सड़क पर आने-जाने को ग्रामीण मजबूर हैं सड़क के साथ-साथ नाली भी खराब हो चुकी है जिससे पानी का बहाव नहीं होता है और सड़क पर कीचड़ जलभराव के चलते दलदल हो गया है कई बार अधिकारियों से सड़क और नाली मरम्मत कराए जाने की मांग की लेकिन सड़क नाली की मरम्मत नहीं हो सकी सड़क पर बड़ी-बड़ी घास उग आई हैं कीचड़ और जलभराव होता है सड़कों पर भरा गंदा पानी लोगों के घरों में पहुंचता है जिससे ग्रामीणों को दिक्कत होती है ग्राम पंचायत द्वारा सड़क की मरम्मत न कराए जाने से परेशान ग्रामीणों ने सड़क की मरम्मत कराने का निर्णय लिया है शनिवार की सुबह से ग्रामीण जेसीबी मशीन के सहयोग से सड़क मरम्मत कराने में लगे हैं ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर कीचड़ वा बडी बडी घास उग आने से स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव पड़ रहा है गंदगी के चलते ग्रामीण बीमार हो रहे हैं लेकिन उसके बाद सड़क मरम्मत की ओर अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं गांव के दर्जनों लोगों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से सड़क मरम्मत कराई जा रही है लेकिन उसके बाद भी सड़क और नाली को परमानेंट मरम्मत कराकर समस्या का समाधान किया जाए

धनादोहन पर उतारू कोखराज का बीट का दिवान व दरोगा

कोखराज कौशाम्बी कोखराज थाना क्षेत्र के ग्राम सभा मे लगभग तीन वर्ष से रह रहे एक चर्चित दिवान के कारनामे से ग्रामीणों में दहशत हैं पीड़ित कुलदीप प्रजापति पुत्र मेवालाल प्रजापति ने बताया कि अपने पिता के साथ रहता हूँ मेरे ही मोहल्ले के एक मुस्लिम समुदाय के यहाँ लगातार उस दिवान का आना जाना व दो दो घंटे रुकना चर्चा का विषय बना हुआ है पीड़ित व्यक्ति के भाई का कहना है कि यह दिवान कई बार डरा धमका कर रुपया ले लेता है न देने पर अपने चहेतों से फर्जी तहरीर दिला कर उठा ले जाती हैं फिर मोटी रकम के चक्कर में पीड़ित को धमकी दी जाती हैं कि यदि रुपया नही दिया तो गाँजा लगा कर जेल भेज दूँगा यह कारनामा सुनकर ग्रामीणों के अन्दर उस दिवान के प्रति गुस्सा बढ़ता जा रहा है परिजनों ने बताया कि लगातार एक दरोगा का भी फोन करना व थाने पर बुला कर पीड़ित के पिता को धमकी देकर गांजा लगाने की बात कह रहे दरोगा ने कहा कि अभी तो मोबाइल फोन की चोरी की शिकायत है जबकि पीड़ित के पिता का कहना है कि मेरा पुत्र मेरे ही पास था तो वह मोबाइल कब चोरी किया है उस पर दिवान ने कहा कि मैं सबसे पुराना हूँ जो मैं कहता हूँ थाने पर वही होगा जिस पर पीड़ित परिवार के लोगों ने मीडिया के समक्ष अपनी समस्याओं को रख कर उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार व दबंग दिवान व दरोगा से अपने आप को बचाने की गुहार लगायी।

संपादक की कलम से

राजनीतिक हिंसा बंगाल की संस्कृति बन गई

पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव में हुई हिंसा और उत्तर भारत के कई राज्यों में भारी बारिश से पैदा हुए हालातों पर इस हफ्ते पंजाबी अखबारों ने अपनी राय बड़ी प्रमुखता से रखी है। पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव के दौरान हुई हिंसा पर जालंधर से प्रकाशित जगबाणी लिखता है, हिंसा पश्चिम बंगाल में चुनावों का अभिन्न अंग बन चुकी है। वहां 2013 के पंचायत चुनावों में हुई हिंसा में कम से कम 80 लोग तथा 2018 के चुनावों में 13 लोग मारे गए थे। इस साल वोटिंग से पहले 27 लोग मारे गए जबकि मतदान के दौरान हुई झड़पों में 18 लोग मारे गए। अखबार लिखता है, राज्य की 42 संसदीय सीटों की बड़ी संख्या ग्रामीण इलाकों में होने के कारण इन चुनावों के जरिए सभी पार्टियों ने 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले अपनी शक्ति को जांचने की कोशिश की है। पंचायत चुनाव को प्रदेश में लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल माना जा रहा है। अखबार आगे लिखता है, इस हिंसा ने हमारे चुनावी प्रबंधन पर भी सवालिया निशान लगा दिए हैं। लोकतंत्र के सबसे निचले पायदान के चुनाव में यदि इतनी हिंसा हो रही है तो 2024 के लोकसभा के चुनावों में क्या होगा?

जालंधर से प्रकाशित अजीत लिखता है, पंचायती राज व्यवस्था को स्थापित हुए कई दशक बीत चुके हैं लेकिन ऐसा लगता है कि जिस भावना से इसे शुरू किया गया था, वह काफी हद तक लुप्त हो चुकी है। जो कुछ पचायंत चुनाव में पश्चिम बंगाल में देखने को मिला वो दशकों पहले बिहार में देखने को मिलता था, लेकिन अब ऐसा लगता है कि वह इस प्रतिस्पर्धा में काफी पीछे छूट गया है। अखबार आगे लिखता है, इन चुनावों में तृणमूल कांग्रेस को बड़ी जीत मिली है। ममता बनर्जी ने कहा है कि इस बार हम लोकसभा चुनाव भी जीतेंगे, लेकिन ऐसा होता नहीं दिख रहा, क्योंकि लोकसभा चुनाव की कमान भारत चुनाव आयोग के हाथ में होगी, न कि राज्य चुनाव आयोग के हाथ में।

पंजाबी जागरण लिखता है, पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव में वोटिंग के दिन भीषण हिंसक घटनाओं का होना निश्चित तौर पर अकेले इस राज्य के लिए ही नहीं बल्कि देश के नागरिकों के लिए चिंता का विषय है। इससे भी ज्यादा चिंताजनक बात यह है कि पंचायत चुनाव के दौरान बड़े पैमाने पर हिंसा की आशंका पहले से ही थी लेकिन इसे रोका नहीं जा सका। राज्य चुनाव आयोग चाहे कुछ भी दावा करे, वह स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने में असमर्थ रहा है। अखबार आगे लिखता है, पंचायतों पर कब्जा करने की इस होड़ में खून-खराबा इसलिए भी हो रहा है क्योंकि ग्रामीण विकास के लिए भारी मात्रा में धन उपलब्ध है और यह किसी से छिपा नहीं है कि विकास कार्यों के लिए जारी धन का एक बड़ा हिस्सा कैसे भ्रष्ट तत्वों की जेब में चला जाता है।

सच कहूं लिखता है, राजनीतिक हिंसा अब पश्चिम बंगाल की संस्कृति बन गई है। वहां ज्यादातर चुनाव हिंसा के बिना खत्म नहीं होते। शुरूआत में सभी राजनीतिक दल एक-दूसरे पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाते हैं, जिसमें आम लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। अखबार आगे लिखता है अगर हालात ऐसे ही रहे तो पश्चिम बंगाल में राजनीतिक दलों से लोगों का भरोसा उठ जाएगा और लोग वोट देना बंद कर देंगे।

चंडीगढ़ से प्रकाशित पंजाबी ट्रिब्यून लिखता है, पंचायत चुनाव में इतने बड़े पैमाने पर हिंसा चिंता का कारण है। यह घटना सामाजिक संघर्ष के साथ-साथ इस तथ्य को भी दशार्ती है कि समाज और राजनीतिक दल लोकतंत्र की मूल भावनाओं को पहचानने से इनकार कर रहे हैं।

भाजपा के खिलाफ 'विपक्षी एकता' की चर्चा अचानक गायब क्यों हो गई है ?

अशोक भाटिया

क्या आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल की शर्त ने इस एकता को बनने से पहले ही बिगाड़ दिया है? या विपक्षी दलों की अपनी समस्याओं ने इस एकता की संभावना को झटका दिया है? साल 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा और नरेंद्र मोदी को चुनौती देने के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कई महीनों से कोशिश में लगे हुए हैं। पिछले महीने 23 जून को पटना में 15 विपक्षी दलों की मीटिंग इस लिहाज से एक बड़ी सफलता मानी जा रही थी।पटना की मीटिंग के बाद यह तय हुआ था कि 10 से 12 जुलाई के बीच शिमला में विपक्षी दलों की दूसरी मीटिंग होगी जिसमें राज्यों में लोकसभा सीटों के बंटवारे पर चर्चा की जाएगी।इस मीटिंग की ज़िम्मेवारी कांग्रेस पार्टी पर सौंपी गई थी। पहले से तय शिमला की यह मीटिंग रद्द हो चुकी है और अब यह मीटिंग 17 और 18 जुलाई को बेंगलुरु में होगी।

इस बीच आरजेडी नेता लालू प्रसाद यादव ने भी दावा किया है कि बेंगलुरु में 17 दल एक साथ आ रहे हैं।लालू यादव ने कहा, "वो (भाजपा को) जो कहना है, कहते रहें, वो नहीं चाहते हैं कि इस पर चर्चा हो क्योंकि वो जा रहे हैं।दरअसल विपक्षी एकता को लेकर चर्चा के बंद होने से ही विपक्षी एकता पर सवाल खड़े हुए हैं हालांकि, इस सवाल की शुरूआत पटना की मीटिंग के बाद ही हो गई थी। उस वक़्त आम आदमी पार्टी ने बयान जारी कर अपनी नाराजगी जाहिर की थी।

देश की सत्ता हासिल करने के लिए होने वाले सियासी जंग में अब महज 10 महीने का ही वक्त बचा है। ऐसे में सत्ताधारी दल भाजपा के साथ ही कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल भी अपनी-अपनी रणनीति बनाने और उसे वास्तविक आकार देने में जुटे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कद और भाजपा की देशव्यापी ताकत को देखते हुए विपक्षी दलों के बीच एकजुटता का प्रयास भी जारी है। इन सबके बीच अलग-अलग राज्यों में बीच-बीच में सियासी हलचल भी देखने को मिल रहा है। अभी महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ा भूचाल आया हुआ है। पिछले कई महीनों से विपक्षी दलों को एकजुट करने में जुटे एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार को अपने भतीजे अजित पवार की बगावत के बाद खुद अपनी पार्टी को बचाने की जद्दोजहद से जूझना पड़ रहा है। उधर नौकरी के बदले जमीन केस में सीबीआई की ओर से तेजस्वी यादव को आरोपी बनाए जाने के बाद विपक्षी एकजुटता की मुहिम को धार देने में जुटे बिहार के मुख्यमंत्री और जेडीयू नेता नीतीश कुमार और आरजेडी के बीच सबकुछ ठीक नहीं होने की अटकलें भी लगाई जाने लगी है। नीतीश कुमार और राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश के बीच 3 जुलाई को हुई बैठक के बाद इन अटकलों को और हवा मिली है।

वहीं कांग्रेस की ओर से भी 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों की लामबंदी को लेकर कोई ज्यादा सक्रियता नहीं दिख रही है। इस मसले पर आगे बढ़कर अलग-अलग विपक्षी दलों को भरोसे में लेने को लेकर कांग्रेस में गंभीरता का साफ अभाव झलक रहा है। आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ एक मजबूत विपक्षी गठबंधन बने या न बने ,ये तो भविष्य में तय होगा लेकिन एक बात जरूर है कि चुनावी मुद्दों को लेकर कांग्रेस के साथ ही विपक्षी दलों के हाथ तंग नजर आ रहे हैं। कोई भी चुनाव मुद्दों और उन मुद्दों के जरिए बने माहौल के आधार पर जीता जाता है। उसमें भी जब बात लोकसभा चुनाव की हो तो इस नजरिए से देशव्यापी चुनावी मुद्दों का महत्व बेहद बढ़ जाता है। ये वो बिन्दु है, जहां कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल फिलहाल भाजपा से काफी पीछे नजर आ रहे हैं। विपक्ष नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ वैसा चुनावी मुद्दा नहीं बना पा रहा है, जिसको हथियार बनाकर भाजपा को मात दे सके और यही पहलू 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की सबसे बड़ी ताकत साबित होने वाला है।

ऐसा नहीं है कि विपक्षी दलों के लिए मुद्दों की कमी है लेकिन उन मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष करने की क्षमता और उसे जनता के बीच पहुंचाने की रणनीति का अभाव जरूर विपक्षी दलों में दिखता है। भाजपा मुद्दों को गढ़ने और जनता के बीच उनको पहुंचाने में विपक्ष से कोसों आगे नजर आती है। ये शायद ही कोई भूला होगा कि 2014 लोकसभा चुनाव से पहले कैसे भाजपा ने महंगाई और भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाया। इनको आधार बनाकर भाजपा ने कांग्रेस की अगुवाई वाली यूपीए सरकार 2014 के लोकसभा चुनाव में मात दी थी। भ्रष्टाचार और बढ़ती महंगाई के जरिए उस वक्त भाजपा ने जो माहौल तैयार किया था, उस माहौल का बहुत बड़ा हाथ था जिसकी वजह से नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री का चेहरा घोषित कर 2014 में भाजपा पहली बार अपनी बदौलत लोकसभा में बहुमत हासिल करने में कामयाब रही थी। उसके बाद भाजपा की राजनीतिक किताब में लगातार नए-नए अध्याय जुड़ते गए। 2019 के लोकसभा चुनाव में भी विपक्ष नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ चुनावी मुद्दा और उसके जरिए माहौल बनाने में नाकामयाब रहा था जिसके कारण उस चुनाव में भाजपा को 2014 से भी बड़ी जीत हासिल हुई थी।

अब जब 2024 का लोकसभा चुनाव सामने है, तो उस नजरिए से भी न तो कांग्रेस और न ही कोई और विपक्षी दल महंगाई या फिर भ्रष्टाचार को ही लंबे वक्त के लिए जनता के बीच मुद्दा बनाने में कामयाब हो पा रहे हैं। मुद्दा बनाने के लिए जिस तरह का संघर्ष चाहिए, उसमें भी संजीदगी की कमी को महसूस किया जा सकता है। ऐसा भी नहीं है कि अब महंगाई और भ्रष्टाचार कोई मुद्दा ही नहीं रहा है। हम देख ही रहे हैं कि कैसे रोजमर्रा की जरूरतों से जुड़े सामानों की कीमतों में आग लगी हुई है। पेट्रोल-डीजल के दामों को पिछले कुछ सालों में नई ही ऊंचाई मिली है। घर की रसोई के लिए आम आदमी को 8-9 साल पहले जितना खर्च करना पड़ता था, अब उसके लिए ही दोगुना से लेकर तिगुना खर्च करना पड़ रहा है जबकि गरीब और मिडिल क्लास के लोगों के बीच प्रति व्यक्ति आय में उस रफ्तार से वृद्धि नहीं हुई है। भ्रष्टाचार भी अलग-अलग तरीकों और स्वरूप में मौजूद है। कहने का मतलब है कि अभी भी महंगाई और भ्रष्टाचार है बहुत बड़ा मुद्दा लेकिन राजनीतिक और मीडिया विमर्श में उसको ज्यादा समय और महत्व नहीं मिल पा रहा है। इसका एक बहुत बड़ा कारण है कि विपक्ष जनता तक इन मुद्दों को पहुंचाने में सफल नहीं हो पा रहा है और ऐसा करने के लिए लगातार संघर्ष करता नजर भी नहीं आ रहा है। मुद्दों की कमी नहीं है। महंगाई, भ्रष्टाचार के अलावा बेरोजगारी का मुद्दा भी मौजूद है। आलम ये है कि जून के महीने में बेरोजगारी दर 8.45% तक पहुंच गया है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (उटकए) के मुताबिक मई में ये आंकड़ा 7.68% था। ये तीसरी बार है जब इस साल बेरोजगारी दर 8% से ऊपर चली गई। शहरों के मुकाबले गांवों में बेरोजगारी दर ज्यादा देखी गई। गांवों में बेरोजगारी दर दो साल में सबसे अधिक देखी गई है। ये तो आंकड़े हैं, वास्तविकता में भारत में लोगों को बेरोजगारी का दंश इससे कहीं ज्यादा झेलना पड़ रहा है। पिछले कुछ सालों से बेरोजगारी के मोर्चे पर देश में भयावह स्थिति है, इस बात से शायद ही कोई भी आर्थिक मामलों का जानकार इनकार कर सकता है। ये ऐसा मुद्दा है, जिससे देश के गरीब और मिडिल क्लास के लोगों का सबसे ज्यादा सामना हो रहा है।

उसी तरह गरीबी, आर्थिक असमानता के तहत अमीर और गरीब के बीच बढ़ती खाई, ग्रामीण से लेकर शहरी इलाकों में आम लोगों के लिए बेहतर चिकित्सा सुविधा का अभाव या फिर उसके लिए बड़ी राशि का बोझ, बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लगातार महंगा होते जाना, धार्मिक आधार पर लोगों के बीच नफरत का बढ़ना।ये कुछ ऐसे मुद्दे हैं, जिनसे देश के ज्यादातर नागरिकों का सामना अक्सर होते रहता है हालांकि इनमें से कोई भी एक ऐसा मुद्दा नहीं है जिसको लेकर कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों के नेता लगातार जनता के बीच संवाद करते रहे हों। अलग-अलग मुद्दों को भले ही चंद दिनों के लिए विपक्षी दल उठाकर नरेंद्र मोदी सरकार को घेरने की कोशिश करते तो हैं, लेकिन उनको देशव्यापी चुनावी मुद्दा बनाने के लिए गांव-देहात से लेकर सड़कों पर विपक्ष का निरंतर संघर्ष या कहें महीनों तक चलने वाला संघर्ष नहीं दिखता है।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, अडाणी समूह पर हिंडनबर्ग के खुलासे को लेकर जरूर पिछले कुछ महीनों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घेरने का प्रयास करते रहे हैं। ये एक ऐसा मुद्दा है, जिसको समझने के लिए अर्थशास्त्र और बाजार का गणित समझने की जरूरत पड़ती है। शायद यही वजह है कि ये मुद्दा उन लोगों के बीच देशव्यापी मुद्दा के तौर पर तब्दील नहीं हो पाया जिनकी संख्या मतदान केंद्रों पर जाने की ज्यादा होती है। उसी तरह से विपक्षी दल सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का मुद्दा उठाते रहे हैं। इन दलों का ये भी आरोप रहा है कि केंद्रीय जांच एजेंसियों का भय दिखाकर भाजपा विपक्षी दलों में तोड़-फोड़ की गतिविधियों को भी अंजाम देने का काम करती है लेकिन ये मुद्दा भी आम लोगों के बीच उस तरह से हावी नहीं हो पाया है क्योंकि जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का मसला कोई नया नहीं है। जिस दल की भी केंद्र में सरकार रही है, उस पर इस तरह के आरोप लगते रहे हैं और देश की जनता के लिए ये कोई बहुत बड़ा चुनावी मुद्दा नहीं रहा है। ऐसे भी जब नेताओं पर जांच एजेंसी की ओर से किसी भी तरह की कार्रवाई होती है, तो जिस तरह की अवधारणा पहले से बनी हुई है, उसके तहत आम लोगों में उन कार्रवाई को लेकर एक तरह का सकारात्मक रुख ही देखने को मिलता है।

आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के पास एक और मुद्दा है, जिसकी काट खोजना विपक्ष के लिए नाकों चने चबाना जैसा साबित हो रहा है। भाजपा के पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसा चेहरा है जिससे पार्टी को पिछले दो लोकसभा चुनाव में भारी जीत हासिल हुई थी और 2024 में भी पार्टी इसे अपना सबसे मजबूत पक्ष मान रही है। वहीं न तो कांग्रेस और न ही विपक्षी गठबंधन की संभावनाओं को देखते हुए विपक्ष का कोई चेहरा अब तक सामने आया है। कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों का जो रवैया है, उसको देखते हुए ये भी कहा जा सकता है कि चुनाव से पहले नरेंद्र मोदी के खिलाफ विपक्ष की ओर से किसी सर्वमान्य चेहरे की घोषणा होने की संभावना का दूर-दूर तक आसार नहीं है।

चाँद से मिलने चला चंद्रयान -3

प्रभुनाथ शुक्ल

अंतरिक्ष विज्ञान में भारत एक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है। अंतरिक्ष की दुनिया में सबसे कम खर्च में हमारे वैज्ञानिकों ने बुलंदी का झंडा गाड़ा है। हम चाँद को जीतने निकल पड़े हैं। कभी हम साइकिल पर मिसाइल रखकर लांचिंग पैड तक जाते थे, लेकिन आज हमारे पास अत्याधुनिक तकनीकी उपलब्ध है। जिसका लोहा अमेरिका और दुनिया के तकनीकी एवं साधन संपन्न देश मानते हैं। इसरो ने 14 जुलाई को श्रीहरि कोटा से सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से चंद्रयान -3 का सफलता पूर्वक प्रक्षेपण कर दिया। यान पृथ्वी की कक्षा में स्थापित भी हो गया है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रक्षेपण की सफलता पर वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए कहा कि अंतरिक्ष में चंद्रयान-3 एक नए चैप्टर की शुरूआत है। अंतरिक्ष में बढ़ते कदम की वजह से चन्द्रमा के साथ-साथ अन्य तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। इस मिशन का उपयोग हम विभिन्न क्षेत्रों में करेंगे। जिसकी वजह कृषि एवं दूसरे क्षेत्र में बड़ा फायदा मिलेगा। हमारे सफल अंतरिक्ष कार्यक्रम की वजह से मौसम की सटीक जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। भीषण चक्रवातीय तूफानों की त्वरित सूचना समय पर उपलब्ध होने से लोगों को आपदा से बचा लिया जा रहा है। जनधन की हानि को नियंत्रित किया जा सका है।

चंद्रमा कभी हमारे लिए किस्से कहानियों में होता था। दादी और नानी कि कहानियों में उसके बारे में जानकारी मिलती थी। लेकिन आज वैज्ञानिक शोध और तकनीकी विकास की वजह से हम चांद को जीतने में लगे हैं। चंद्रलोक के बारे में वैज्ञानिक जमीनी पड़ताल कर रहे हैं। चंद्रलोक की बहुत सारी जानकारी हमारे पास उपलब्ध है। दुनिया के लिए चांद अब रहस्य नहीं है। अब वहां मानव जीवन बसाने के लिए भी रिसर्च किए जा रहे हैं। वैज्ञानिक शोध से यह साबित हो गया है कि चांद पर जीवन बसाना आसान है। सफल प्रक्षेपण के बाद इसरो मिशन चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग की तैयारी में जुटा है। हमारा अभियान अगर असफल हो गया तो भारत दुनिया का चौथा देश बन जाएगा। जिसकी पहचान चंद्रमा पर सफल लैंडिंग करने वाले देश के रूप में होगी। निश्चित रूप से हमारे वैज्ञानिकों को इसमें सफलता मिलेगी। यह चंद्रयान -2 मिशन को आगे बढ़ाने की कोशिश है। क्योंकि यह अभियान वैज्ञानिकों के अथक प्रयास के बाद भी कक्षा में स्थापित होने के पहले असफल हो गया था। लिहाजा उस अभियान से सबक लेते हुए अंतरिक्ष वैज्ञानिकों ने सारी कमियों को दूर कर लिया है। उम्मीद है कि देश का यह अभियान सफल होगा और भारत का नाम अंतरिक्ष युग में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। चंद्रमा पर सफल और सुरक्षित लैंडिंग करने वाले अब तक सिर्फ तीन देश हैं जिसमें अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत भी इस बिरादरी में शामिल हो जाएगा। देश के लिए यह गर्व और गौरव का विषय होगा।

भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो के अनुसार यह मिशन पूरी तरह चंद्रयान- 2 की तरह ही होगा। अभियान पर करीब 615 करोड़ का खर्च आया है। यह 50 दिन बाद लैंड करेगा। इस यान में भी एक आर्बिटर, एक लैंडर और एक रोवर होगा। यह चंद्रयान -2 के मुकाबले इसका लैंडर 250 किलोग्राम अधिक वजनी होगा और 40 गुना अधिक स्थान का घेराव करेगा। यान की गति प्रतिघंटा 37 हजार किलोमीटर वैज्ञानिकों ने उस तकनीकी गड़बड़ी को दूर कर लिया है जिसकी वजह से चंद्रयान-2 सफलता के करीब पहुंचने के बाद भी फेल हो गया था। इस बार अंतरिक्ष संगठन की पूरी कोशिश है कि यह पूरी तरह सफल हो। 14 जुलाई को श्रीहरि कोटा से इस मिशन का आगाज किया जाएगा। चंद्रयान-3 को 01 अगस्त तक यह चंद्रमा की कक्षा में स्थापित किया जाएगा।

वैश्विक मुद्दों पर मिलकर नित आगे बढ़ रहे हैं भारत- फ्रांस !

सुनील कुमार महला

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाल फिलहाल(13 और 14 जुलाई 2023) भारत के दो अहम सहयोगी देशों फ्रांस और यूएई के दौरे पर हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति मैनुएल मैक्रों के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री फ्रांस पहुंचे हैं और प्रधानमंत्री की यह छठी फ्रांस यात्रा है। जानकारी देना चाहूंगा कि उनकी सबसे हालिया यात्रा हिरोशिमा में जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान हुई थी। गौरतलब है कि हाल फिलहाल, फ्रांस के 'राष्ट्रीय बैस्टिल डे' समारोह में सम्मानित अतिथि के रूप में राष्ट्रपति मैक्रॉन के साथ हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शामिल हुए हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि बैस्टिल डे फ्रांस का राष्ट्रीय दिवस है जो कि प्रत्येक वर्ष 14 जुलाई के दिन मनाया जाता है। भारतीय प्रधानमंत्री की यह यात्रा अत्यंत विशेष और महत्वपूर्ण इसलिए भी है क्योंकि यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी 25वें वर्ष में प्रवेश कर चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी 25 वें वर्ष में पहुंच गई है। पच्चीस सालों का समय बहुत लंबा होता है और पच्चीस सालों में दोनों देशों के संबंधों में काफी मजबूती आई है और दोनों देशों में आपसी विश्वास कायम हुआ है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि फ्रांस और भारत ने वर्ष 1998 में एक रणनीतिक साझेदारी स्थापित की थी, और पिछले एक दशक में संबंधों में मजबूती आई है। वास्तव में दोनों देशों की दोस्ती संवेदनशील और संप्रभु डोमेन सहित कई मुद्दों पर सहयोग को बढ़ा रही है। फ्रांस और भारत के रक्षा व्यापार संबंधों को सबसे अहम माना जा रहा है। भारत के प्रधानमंत्री ने यह बात कही है कि फ्रांस ह्यमेक इन इंडियाह्ण और आत्मनिर्भर भारत में एक महत्वपूर्ण भागीदार है। फिर चाहे वह पनडुब्बी हो या नौसैनिक विमान, दोनों देश एक साथ मिलकर न केवल अपनी, बल्कि अन्य मित्र देशों की आवश्यकताओं को भी पूरा करना चाहते हैं। पिछले कुछ समय में कोविड-19 महामारी और रूस - यूक्रेन संघर्ष का प्रभाव दुनियाभर में महसूस किया गया है। इससे ह्यग्लोबल साउथह्ण के देशों पर विशेष रूप से नकारात्मक प्रभाव पड़ा है और यह अत्यंत चिंता की बात है। भारत ने दीर्घकालिक शांति की बात कहते हुए आतंकवाद के खात्मे पर बल दिया है वहीं दूसरी ओर भारत और फ्रांस, फ्रांस में भारत के ह्ययूनीफाइड पेमेंट इंटरफेसह्ण (यूपीआई) को शुरू करने पर सहमत हुए हैं। भारत ने फ्रांस के शहर मार्सिले में एक नया वाणिज्य दूतावास खोले जाने की बात भी कही है। सच तो यह है कि पिछले कुछ दशकों में भारत और फ्राँस ने साझा मूल्यों और शांति, सुरक्षा एवं सतत विकास को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता पर आधारित घनिष्ठ और गतिशील संबंधों का विकास किया है।

भारत की बाढ़ प्रबंधन योजना का क्या हुआ?

-डॉ सत्यवान सौरभ

राष्ट्रीय बाढ़ आयोग की प्रमुख सिफारिशें जैसे बाढ़ संभावित क्षेत्रों का वैज्ञानिक मूल्यांकन और फ्लड प्लेन जोनिंग एक्ट का अधिनियमन अभी तक अमल में नहीं आया है। सीडब्ल्यूसी का बाढ़ पूवार्नुमान नेटवर्क देश को पर्याप्त रूप से कवर करने के लिए पर्याप्त नहीं है। इसके अलावा, अधिकांश मौजूदा बाढ़ पूवार्नुमान स्टेशन चालू नहीं हैं। 2006 में केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) द्वारा गठित एक टास्क फोर्स ने बाढ़ जोखिम मानचित्रण का कार्य पूरा नहीं किया। बाढ़ क्षति का आकलन पर्याप्त रूप से नहीं किया गया। बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रमों के तहत परियोजनाओं के पूरा होने में देरी मुख्य रूप से केंद्र की सहायता की कमी के कारण होती है। बाढ़ प्रबंधन के कार्य एकीकृत तरीके से नहीं किये जाते हैं। भारत के अधिकांश बड़े बांधों में आपदा प्रबंधन योजना नहीं है- देश के कुल बड़े बांधों में से केवल 7% के पास आपातकालीन कार्य योजना/आपदा प्रबंधन योजना है।

चूंकि बाढ़ से हर साल जान-माल को बड़ा नुकसान होता है, इसलिए अब समय आ गया है कि केंद्र और राज्य सरकारें एक दीर्घकालिक योजना तैयार करें जो बाढ़ को नियंत्रित करने के लिए तटबंधों के निर्माण और ड्रेजिंग जैसे टुकड़ों-टुकड़ों के उपायों से आगे बढ़े। इसके अलावा, एक एकीकृत बेसिन प्रबंधन योजना की भी आवश्यकता है जो सभी नदी-बेसिन साझा करने वाले देशों के साथ-साथ भारतीय राज्यों को भी साथ लाए। बाढ़ पर भारत के पहले और आखिरी आयोग के गठन के कम से कम 43 साल बाद, देश में अब तक कोई राष्ट्रीय स्तर का बाढ़ नियंत्रण प्राधिकरण नहीं है। राष्ट्रीय बाढ़ आयोग (आरबीए), या राष्ट्रीय बाढ़ आयोग, की स्थापना 1976 में कृषि और सिंचाई मंत्रालय द्वारा भारत के बाढ़-नियंत्रण उपायों का अध्ययन करने के लिए की गई थी, क्योंकि 1954 के राष्ट्रीय बाढ़ नियंत्रण कार्यक्रम के तहत शुरू की गई परियोजनाएं ज्यादा सफलता हासिल करने में विफल रहीं। .

हाल ही में, उत्तरी राज्यों में बाढ़ ने जीवन और संपत्ति की तबाही मचाई है, जो इस क्षेत्र में एक समस्या है। हालाँकि, बाढ़ केवल उत्तर-पूर्वी भारत तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह देश के कई अन्य क्षेत्रों को प्रभावित करती है। मानसून के दौरान लगातार और भारी वर्षा जैसे प्राकृतिक कारकों के अलावा, मानव निर्मित कारक भी हैं जो भारत में बाढ़ में योगदान करते हैं। भारत अत्यधिक असुरक्षित है, क्योंकि इसके अधिकांश भौगोलिक क्षेत्र में वार्षिक बाढ़ का खतरा रहता है। बाढ़ के कारण होने वाली उच्च हानि और क्षति भारत की खराब अनुकूलन और शमन स्थिति और आपदा प्रबंधन और तैयारियों में अपर्याप्तता को दशार्ती है। अतः एक एकीकृत बाढ़ प्रबंधन प्रणाली की आवश्यकता है। 1980 में, राष्ट्रीय बाढ़ आयोग ने 207 सिफारिशें और चार व्यापक टिप्पणियाँ कीं। सबसे पहले, इसने कहा कि भारत में वर्षा में कोई वृद्धि नहीं हुई और इस प्रकार, बाढ़ में वृद्धि मानवजनित कारकों जैसे वनों की कटाई, जल निकासी की भीड़ और बुरी तरह से नियोजित विकास कार्यों के कारण हुई। दूसरा, इसने बाढ़ को नियंत्रित करने के लिए अपनाए गए तरीकों, जैसे तटबंधों और जलाशयों की प्रभावशीलता पर सवाल उठाया और सुझाव दिया कि इन संरचनाओं का निर्माण उनकी प्रभावशीलता का आकलन होने तक रोक दिया जाए। हालाँकि, इसमें यह कहा गया कि जिन क्षेत्रों में वे प्रभावी हैं, वहाँ तटबंधों का निर्माण किया जा सकता है।

तीसरा, इसमें कहा गया कि बाढ़ को नियंत्रित करने के लिए अनुसंधान और नीतिगत पहल करने के लिए राज्यों और केंद्र के बीच समेकित प्रयास होने चाहिए। चौथा, इसने बाढ़ की बदलती प्रकृति से निपटने के लिए एक गतिशील रणनीति की सिफारिश की। रिपोर्ट के विश्लेषण से पता चला कि समस्या देश के बाढ़-ग्रस्त क्षेत्रों के आकलन के तरीकों से शुरू हुई। भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा "बाढ़ नियंत्रण और बाढ़ पूवार्नुमान के लिए योजनाएं" 2017 की ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रीय बाढ़ आयोग की प्रमुख सिफारिशें जैसे बाढ़ संभावित क्षेत्रों का वैज्ञानिक मूल्यांकन और फ्लड प्लेन जोनिंग एक्ट का अधिनियमन अभी तक अमल में नहीं आया है। सीडब्ल्यूसी का बाढ़ पूवार्नुमान नेटवर्क देश को पर्याप्त रूप से कवर करने के लिए पर्याप्त नहीं है।

इसके अलावा, अधिकांश मौजूदा बाढ़ पूवार्नुमान स्टेशन चालू नहीं हैं। 2006 में केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) द्वारा गठित एक टास्क फोर्स ने बाढ़ जोखिम मानचित्रण का कार्य पूरा नहीं किया। बाढ़ क्षति का आकलन पर्याप्त रूप से नहीं किया गया। बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रमों के तहत परियोजनाओं के पूरा होने में देरी मुख्य रूप से केंद्र की सहायता की कमी के कारण होती है। बाढ़ प्रबंधन के कार्य एकीकृत तरीके से नहीं किये जाते हैं। भारत के अधिकांश बड़े बांधों में आपदा प्रबंधन योजना नहीं है- देश के कुल बड़े बांधों में से केवल 7% के पास आपातकालीन कार्य योजना/आपदा प्रबंधन योजना है।

नवीनतम तकनीकों की एक विस्तृत श्रृंखला का उपयोग करके बाढ़ की चेतावनियों का प्रसार किया जाना चाहिए। इससे पारंपरिक सिस्टम विफल होने पर वास्तविक समय डेटा देने में मदद मिलेगी। पानी एक ही स्थान पर जमा न हो इसके लिए जल निकासी व्यवस्था का उचित प्रबंधन आवश्यक है। ठोस अपशिष्ट हाइड्रोलिक खुरदरापन बढ़ाता है, रुकावट का कारण बनता है और आम तौर पर प्रवाह क्षमता को कम करता है। पानी के मुक्त प्रवाह की अनुमति देने के लिए इन नालियों को नियमित आधार पर साफ करने की आवश्यकता है। शहरीकरण के कारण, भूजल पुनर्भरण में कमी आई है और वर्षा और परिणामस्वरूप बाढ़ से चरम अपवाह में वृद्धि हुई है। यह चरम अपवाह को कम करने और भूजल स्तर को ऊपर उठाने के दोहरे उद्देश्यों को पूरा करेगा। शहरी जल निकाय जैसे झीलें, टैंक और तालाब भी तूफानी जल के बहाव को कम करके शहरी बाढ़ के प्रबंधन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

घर में घुसकर विधवा से दुराचार करने के मामले में आरोपी को 10 वर्ष की कैद- जिला जज ने सुनाई सजा

चित्रकूट: बच्चों के पास रात्रि में घर में सो रही विधवा महिला के साथ दुराचार के मामले में जिला जज विष्णु कुमार शर्मा ने दोष सिद्ध होने पर आरोपी को 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 12 हजार रूपए के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुन्दर मिश्रा ने बताया कि पीडिता अपने घर में रात्रि में बच्चों के साथ खाना खाने के बाद घर में सो रही थी। इस दौरान सीतापुर चौकी क्षेत्र के अन्तर्गत चैगलिया निवासी विनोद पुत्र गया प्रसाद पीडिता के घर के अन्दर घुस आया और जबरन उसके साथ दुराचार किया। लोक लाज के भय से पीडिता ने घटना के कुछ दिन बाद इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई। पीडिता के अनुसार घटना के पांच वर्ष पूर्व उसके पति की मौत हो गयी थी। वह अपने तीन बच्चों को मजदूरी करके पालन पोषण करती थी। आरोपी विनोद ने उसके साथ 10 नवम्बर 2021 को दुराचार किया था। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर उसकी रिपोर्ट तीन जनवरी 2022 को लिखी गयी थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने इस मामले में न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद जिला जज विष्णु कुमार शर्मा ने शनिवार को इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें आरोपी विनोद पर घर में घुसकर दुराचार करने का दोष सिद्ध होने पर 10 वर्ष के कठोर कारावास और 12 हजार रूपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई।

यातायात पुलिस कर्मियों को बारिश से बचाने को एसपी ने बांटे छाते

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला ने बारिश से बचाव को ट्राफिक चैराहे पर यातायात पुलिस के जवानों को छाता बांटे।

शनिवार को यातायात पुलिस को बारिश में भी यातायात व्यवस्था चैकस रखने को ड्यूटी करनी पडती है। बारिश से लगातर भीगने से पुलिस कर्मी बीमार पड़ सकते हैं। इसके मद्देनजर पुलिस अधीक्षक ने यातायात पुलिस के सभी जवानों को छाता बांटे। यातायात पुलिस के जवान बारिश में भी खड़े रहकर लोगों की सेवा कर सकें।

इस मौके पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ यातायात/लाइन्स शीतला प्रसाद पाण्डेय, प्रभारी यातायात मनोज कुमार, पीआरओ प्रदीप कुमार पाल आदि मौजूद रहे।

पुलिस ने दबोचे तीन वारंटी

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने एक वांछित व दो वारंटी को दबोचा है।

शनिवार को कोतवाली कर्वी के दरोगा राकेश मौर्य ने आरक्षी राजीव कुमार सिंह के साथ पॉक्सो एक्ट के वांछित मंजीत यादव पुत्र माताप्रसाद यादव निवासी लौरी थाना रैपुरा को गिरफ्तार किया। कोतवाली कर्वी के दरोगा राधेश्याम सिंह ने सिपाही राहुल देव के साथ वारंटी राजू दर्जी पुत्र गया प्रसाद दर्जी निवासी नई दुनिया को गिरफ्तार किया।

भरतकूप के दरोगा कन्हैयालाल पाण्डेय ने सिपाही मयंक तिवारी के साथ दुर्घटना के वारंटी रामजस वर्मा पुत्र रामभरोसा निवासी मुखियान पुरवा मजरा पियार थाना फतेहगंज जिला बांदा को गिरफ्तार किया है।

जहरीले सर्प ने युवक को डसा, मौत

महोबा। जहरीले सांप के डसने से युवक की हालत बिगड़ गई। यह देख उसके परिजन उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर गये। जहां डॉक्टरो ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर सुनते ही उसके परिजनो का रो रो कर बुरा हाल हो गया। परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए शव को अपने साथ ले गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद की सीमा क्षेत्र से लगे मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के बारीगढ़ निवासी 27 वर्षीय नसीम पुत्र चांद को घर में किसी जहरीले सर्प ने डस लिया, जिससे वह अचेत हो गया। परिजनों ने जब यह देखा तो उनमें हड़कंप मच गया। आनन फानन में परिजन युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरो ने देखते ही युवक को मृत घोषित कर दिया। ड्यूटी में तैनात मेडिकल ऑफिसर ने कोतवाली पुलिस को दी सूचना में बताया है कि परिजन बिना सूचना के शव को घर ले गए हैं।

30 तक अन्ना जानवरों को गौशाला न भेजने पर भाकियू करेगा आन्दोलन

भाकियू ने मासिक पंचायत में चेताया

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। भाकियू की मासिक किसान पंचायत तहसील राजापुर व मऊ में हुई। तहसील अध्यक्ष राजकिशोर सिंह समेत सैकड़ों किसानों ने प्रदर्शन कर तहसीलदार संजय अग्रहरि व एसडीएम मऊ को तहसील अध्यक्ष विनय कुमार त्रिपाठी ने ज्ञापन सौंपा।

शनिवार को भाकियू जिला महामंत्री अरुण कुमार पाण्डेय ने कहा कि किसानों के खेतों में बीज उग आये हैं। अभी तक अन्ना जानवरों को गौशाला में संरक्षित नही किया। इससे किसानों को क्षति हो रही है। जिला प्रशासन ने कहा था कि फसल बुआई से पहले अन्ना जानवरों को पशु बाड़ा में बंद कर दिया जाएगा। भाकियू ने पिछले किसान दिवस में जानवरों को संरक्षित करने की मांग की थी। अभी तक जानवर संरक्षित न होने से मंहगाई की मार से किसानों को एक बार बीज बोना मुश्किल पड़ रहा है। फसल बर्बाद हुई तो किसानों की दशा बहुत दयनीय हो जाएगी।

तहसील अध्यक्ष राजकिशोर सिंह ने कहा कि सरकार फिर किसानों के साथ धोखा कर रही हैं। महंगाई की मार से किसानों पर बोझ लादा जा रहा है। किसानों को 15 रुपये में जमीन की खतौनी मिलती थी। अब सरकार ने प्रति गाटा संख्या 15 रुपए खतौनी में कर दिया है। सरकार सिर्फ अपनी आय दोगुनी कर रही हैं। किसानों की आय दोगुनी करने का फॉमूर्ला फेल है। मण्डल सचिव उदयनारायण सिंह ने कहा कि जिले में बीज गोदामों में अच्छे किस्म के बीज व



कीटनाशक दवाइयां नहीं है। मजबूरी में किसान प्राइवेट दुकानों से बीज व कीटनाशक खरीद रहे हैं। मण्डल उपाध्यक्ष ओमनारायण गर्ग ने कहा कि तिरहार क्षेत्र में बालू भण्डार मानकविहीन हैं। ठेकेदारों ने गांवों को जोड़ने वाली सड़को पर भारी वाहनों से सड़को को तहस-नहस कर दिया है। इससे स्कूल जाने वाले बच्चों व किसानों को आवागमन में भारी दिक्कत हो रही है। तीरधुमाई गंगू में जूनियर हाईस्कूल के पास बीमार व्यक्ति को अस्पताल ले जाने के साधन नहीं हैं। नहर पर बनी सड़क ध्वस्त हो चुकी है। जिला प्रशासन आंखों पर पट्टी बांधे है। जिला मंत्री अखिलेश मिश्रा ने कहा कि 30 जुलाई तक गौशालाओं में जानवर संरक्षित न होने पर बडा आंदोलन किया जाएगा। ब्लॉक अध्यक्ष जसवन्त सिंह, अर्जुन सिंह, योगेंद्र सिंह, अजीत सिंह, राममूरत नामदेव, रामनरेश प्रजापति, मनोज यादव, इंद्रजीत वर्मा, मुन्नाभाई, विजय कुमार, नरेश तिवारी, जयनारायण सिंह, रमेश फौजी, मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह समेत सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

राजापुर की सडक पर लगने वाली मंडी तत्काल हटायें: डीएम

ईओ को तत्काल हटाने के दिये निर्देश

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्यायें सुनकर जल्द निस्तारण को अधिकारियों को निर्देश दिये।

शनिवार को राजापुर तहसील सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला की मौजूदगी में जिलाधिकारी ने शिकायत रजिस्टर देखा। समाधान दिवस में आई शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता जांची। रंमपुरिया अब्बल के चकबंदी लेखपाल विजय करण के कार्यों में रुचि न लेने पर बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी को विभागीय जांच के निर्देश दिये। कानूनगो को भेजकर संबंधित समस्या ग्रस्त व्यक्ति की जमीन की नाप कराने को कहा। ईओ राजापुर

को निर्देश दिए कि उनके बार-बार निर्देश के बाद भी सडक पर सब्जी मंडी को खाली नहीं कराया जा रहा। जल्द सब्जी मंडी खाली न होने पर ईओ के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने एसडीएम राजापुर से कहा कि इन्हें तत्काल हटायें।

जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। उप जिलाधिकारी से कहा कि भूमि विवाद के मामलों में पुलिस व राजस्व की टीम को मौके पर भेजकर निस्तारित करायें। सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशानुसार समय सीमा के भीतर समस्याओं का निस्तारण करायें। उन्होंने कहा कि निस्तारण के साथ लाभार्थी को भी संतुष्ट किया जाए।

जहरीले सर्प ने युवक को डसा, मौत

महोबा। जहरीले सांप के डसने से युवक की हालत बिगड़ गई। यह देख उसके परिजन उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर गये। जहां डॉक्टरो ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर सुनते ही उसके परिजनो का रो रो कर बुरा हाल हो गया। परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए शव को अपने साथ ले गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद की सीमा क्षेत्र से लगे मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के बारीगढ़ निवासी 27 वर्षीय नसीम पुत्र चांद को घर में किसी जहरीले सर्प ने डस लिया, जिससे वह अचेत हो गया। परिजनों ने जब यह देखा तो उनमें हड़कंप मच गया। आनन फानन में परिजन युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरो ने देखते ही युवक को मृत घोषित कर दिया। ड्यूटी में तैनात मेडिकल ऑफिसर ने कोतवाली पुलिस को दी सूचना में बताया है कि परिजन बिना सूचना के शव को घर ले गए हैं।

मण्डल अभियन्ता के आवास में कोबरा निकलने से मचा हडकम्प

इनसेट। बरसात के मौसम में जहरीले सर्प बस्ती तक पहुंच रहे हैं। रेलवे कालोनी में सहायक मंडल अभियंता के बंगला में कोबरा निकलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे ग्राम प्रधान ने रेस्क्यू कर कोबरा को जंगल में छोड़ा। रेलवे कॉलोनी में सहायक मंडल अभियंता देवेन्द्र प्रसाद के बंगले में कोबरा दिखने से हड़कंप मच गया। सर्प से बचने के लिए लोग भागने लगे। पूरी कॉलोनी में सांप निकलने की चर्चा से लोग एकत्र हो गए। बाद में महेवा के ग्राम प्रधान जगदीश मौर्य को सूचना दी गई। उन्होंने मौके पर पहुंच कोबरा को पकड़ने के लिए रेस्क्यू किया। बताया कि लगभग पांच फिट लंबा कोबरा था, जिसे रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया गया है। उनका कहना है कि इन दिनों हर रोज रेस्क्यू के लिए फोन आ रहे हैं। बरसात के मौसम में जहरीले सर्प लोगों के घरों तक पहुंच रहे हैं।

जहरीले सर्प ने युवक को डसा, मौत

महोबा। जहरीले सांप के डसने से युवक की हालत बिगड़ गई। यह देख उसके परिजन उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर गये। जहां डॉक्टरो ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर सुनते ही उसके परिजनो का रो रो कर बुरा हाल हो गया। परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए शव को अपने साथ ले गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद की सीमा क्षेत्र से लगे मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के बारीगढ़ निवासी 27 वर्षीय नसीम पुत्र चांद को घर में किसी जहरीले सर्प ने डस लिया, जिससे वह अचेत हो गया। परिजनों ने जब यह देखा तो उनमें हड़कंप मच गया। आनन फानन में परिजन युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरो ने देखते ही युवक को मृत घोषित कर दिया। ड्यूटी में तैनात मेडिकल ऑफिसर ने कोतवाली पुलिस को दी सूचना में बताया है कि परिजन बिना सूचना के शव को घर ले गए हैं।

मण्डल अभियन्ता के आवास में कोबरा निकलने से मचा हडकम्प

इनसेट। बरसात के मौसम में जहरीले सर्प बस्ती तक पहुंच रहे हैं। रेलवे कालोनी में सहायक मंडल अभियंता के बंगला में कोबरा निकलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे ग्राम प्रधान ने रेस्क्यू कर कोबरा को जंगल में छोड़ा। रेलवे कॉलोनी में सहायक मंडल अभियंता देवेन्द्र प्रसाद के बंगले में कोबरा दिखने से हड़कंप मच गया। सर्प से बचने के लिए लोग भागने लगे। पूरी कॉलोनी में सांप निकलने की चर्चा से लोग एकत्र हो गए। बाद में महेवा के ग्राम प्रधान जगदीश मौर्य को सूचना दी गई। उन्होंने मौके पर पहुंच कोबरा को पकड़ने के लिए रेस्क्यू किया। बताया कि लगभग पांच फिट लंबा कोबरा था। जिसे रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया गया है। उनका कहना है कि इन दिनों हर रोज रेस्क्यू के लिए फोन आ रहे हैं। बरसात के मौसम में जहरीले सर्प लोगों के घरों तक पहुंच रहे हैं।

तीन तिलंगे: मानिकपुर में सब पर भारी

पूर्व चेयरमैन/विधायक प्रतिनिधि ने शासन से लगाई गुहार

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। मानिकपुर तहसील क्षेत्र में तीन तिलंगे पूरे मानिकपुर नगर के लोगों पर भारी पड रहे हैं। मानिकपुर नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन/पूर्व ब्लाक प्रमुख व विधायक प्रतिनिधि विनोद द्विवेदी ने सूबे के मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है कि कस्बे में झूंठी शिकायत करने वालों का गैंग सक्रिय है। गैंग के तीन लोगों से बचाने को मुख्यमंत्री समेत उच्चाधिकारियों से गुहार लगाई है।

शनिवार को मानिकपुर नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन/पूर्व ब्लाक प्रमुख व विधायक प्रतिनिधि विनोद द्विवेदी ने सूबे के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि आदर्श इंटर कालेज प्रबंध समिति का चुनाव लडने वाले व्यक्ति की छह माह के भीतर हत्या हो गई थी। भयवश लोगों ने हत्यारों का नाम नहीं बताया था।

मारकुंडी क्षेत्र में आदिवासी कोल देशराज की हत्या में नामजद लोग रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर गरीबों से करोडों रुपये वसूले हैं। मानिकपुर थाने में बतौर हिस्ट्रीशीटर दर्ज के लडके व हत्या के केस में नामजद लोगों को बेदखली का भय दिखाकर रुपये ऐंठने वाले समेत दस वर्षों से अवैध खनन कराकर करोडों रुपये की राजस्व की चोरी करने वाले उनकी शिकायत पर उतारु हैं। उन्होंने कहा कि राजस्व की चोरी के मामले में नायब तहसीलदार व लेखपाल ने मौके पर निरीक्षण के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की। नगर पंचायत में दलाली करने वाले उनकी झूंठी शिकायत कर रहा है। नगर पंचायत पर कब्जा करने को साजिश रच रहे हैं। सोशल मीडिया व अखबारों में झूंठी भ्रामक बातें फैला रहे हैं। इन मामलों की गहनता से जांच करने की मांग पूर्व चेयरमैन ने की है। उन्होंने कहा है कि उनके खिलाफ कुचक्र रचने वाले उनके व परिवार के लोगों की हत्या करवा सकते हैं। उन्होंने तीन तिलंगों से बचाने की शासन से गुहार लगाई है।

सिंचाई विभाग ने नहर पर कब्जा किये सात लोगों को हटाया

चार को दी चेतावनी, गरजा बाबा का बुलडोजर

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। प्रदेश सरकार सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों को हटाने को भू-माफियाओं पर लगातार कार्यवाही कर रही है। शासन के आदेश पर सिंचाई खंड कर्वी ने पयश्वनी मुख्य नहर पर कई वर्षो से सरकारी भूमि पर कब्जा किए लोगों पर उच्चाधिकारियों के आदेश पर सहायक अभियंता गुरु प्रसाद ने राजस्व विभाग की टीम के साथ नहर पर हुए अतिक्रमण को हटवाया।

शनिवार को सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता गुरु प्रसाद ने डीआरओ, जिलेदार, सींचपाल तथा अवर अभियंता पूरे स्टाफ के साथ बुलडोजर लेकर नहर पर हुए अवैध कब्जों को हटाने पहुंचे। अवैध कब्जाधारक राजेंद्र प्रसाद पुत्र रामरूप, राजेंद्र पुत्र वंशरूप, दिलीप सिंह पुत्र गुलाब सिंह, राम विलास सिंह पुत्र गुलाब सिंह, संतोष पुत्र रामसनेही, द्वारिका प्रसाद पुत्र शिवसेवक तथा राकेश पुत्र सत्यनारायण के कब्जों को हटाया। सतनवा पुत्र छंगू, सूर्यभान पुत्र भोंडा, धीरेन्द्र सिंह पुत्र ब्रजभूषण व पप्पू सिंह पुत्र रंगलाल को तीन दिन के अंदर कब्जा हटाने की चेतावनी देकर छोड़ा है। तीन दिन बाद पुनः बाबा का बुलडोजर गरजेगा।

सहायक अभियंता गुरु प्रसाद ने बताया कि एक सप्ताह तक लगातार अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जायेगा। नहर की भूमि पर जो व्यक्ति अतिक्रमण किए है, उन्हें कई बार नोटिस दी गई है। बिना बुलडोजर चलाए नही सुन रहे। शासन के कडे निर्देश हैं कि सरकारी भूमि से तत्काल अतिक्रमण हटाकर शासन को बताया जाये। कहीं भी सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की सूचना मिलती है तो गैर जिम्मेदार अधिकारियों पर कडी कार्यवाही की जाएगी।

दो चोरों को दबोच पुलिस ने बरामद की मोटरबाइक

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम ने चोरी की मोटरबाइक समेत दो चोरों को गिरफ्तार किया है।

ज्ञात है कि 15 जुलाई को दरोगा सत्यमपित त्रिपाठी टीम के साथ गश्त पर थे। मुखबिर से सूचना मिलने पर अर्की मोड़ के पास संजय कुमार पुत्र राजेश कुमार निवासी खरियारी पुरवा मजरा सरधुवा व राजू प्रजापति पुत्र रामस्वरुप प्रजापति निवासी सरधुवा को हीरो होण्डा समेत गिरफ्तार किया। बरामद मोटरबाइक पर अधूरा नम्बर यूपी96सी 27 लिखा था। गाड़ी का चेचिस नम्बर खरोंचा गया था। पूंछताछ में चोरों ने बताया कि मोटरबाइक चोरी कर लाये थे। बेंचने जा रहे थे। चोरी की मोटरबाइक व चोरों के खिलाफ थाने में मामला दर्ज किया गया। टीम में दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी, दरोगा शिवमणि मिश्रा, सिपाही राहुल पुरी व महिला सिपाही रचना प्रजापति शामिल रहे।

भटक कर आई 13 भैंस को मालिकों के किया सुपुर्द

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर चैकी प्रभारी सरैंया चन्द्रमणि पाण्डेय की टीम ने भटक कर आयी 13 भैंसों को मालिकों के सुपुर्द किया।

ज्ञात है कि 13 भैंस भटक कर चैकी सरैंया क्षेत्र सीमा में आ गईं थी। स्थानीय नागरिकों के सहयोग से चैकी सरैंया पुलिस ने संरक्षण में लेकर भैंस मालिकों के बारे में जानकारी की। सभी मवेशियों को उनके मालिकों के सुपुर्द किया।

भैंस मालिक लक्ष्मणदत्त यादव पुत्र भौड़ीलाल यादव निवासी बनियन पुरवा मजरा खरौध कोतवाली कर्वी की पांच भैंस, तीन बड़ी भैंस, एक पडिया व एक पड़वा, सूरजभान पुत्र महादेव निवासी टिकारी मजरा सेमरदहा थाना बहिलपुरवा की तीन भैंस व एक पड़िया, विद्याधर पुत्र लोधवा हरिजन निवासी चंद्रामारा थाना बहिलपुरवा की पांच भैंस थी।

भारत-फ्रांस रक्षा सहयोग द्विपक्षीय संबंधों का मजबूत स्तंभ : प्रधानमंत्री मोदी

पेरिस। नरेन्द्र मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ बातचीत की और कहा कि भारत और फ्रांस, मित्र देशों को निर्यात करने के लिए प्रमुख सैन्य उपकरणों के सह-विकास और सह-उत्पादन की संभावनाएं तलाश रहे हैं और अंतरिक्ष-आधारित समुद्री जागरूकता में सहयोग बढ़ा रहे हैं। फ्रांस के दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर आए मोदी ने मैक्रों के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अगले 25 साल में भारत-फ्रांस रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने के लिए साहसिक और महत्वाकांक्षी लक्ष्यों के साथ एक खाका तैयार किया जा रहा है। मोदी ने कहा कि 'इंडियन ऑयल' और फ्रांस की 'टोटाल' कंपनी के बीच एलएनजी के आयात को लेकर दीर्घकालिक समझौता हुआ है। उन्होंने कहा, ''इससे स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने के हमारे लक्ष्य को पाने में मदद मिलेगी।'' दोनों पक्षों ने पृथ्वी एवं महासागरों के तापमान पर नजर रखने और जलवायु परिवर्तन का अध्ययन करने की खातिर एक संयुक्त पृथ्वी अवलोकन उपग्रह 'तृष्णा' के लिए समझौते पर हस्ताक्षर करके अंतरिक्ष क्षेत्र में बड़े सहयोग की भी घोषणा की। दोनों देशों ने प्रक्षेपण यान के क्षेत्र में संयुक्त विकास की योजनाओं की भी घोषणा की और 'न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड' एवं 'एरियनस्पेस' ने वाणिज्यिक प्रक्षेपण सेवाओं पर सहयोग करने के आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए। दोनों पक्षों ने 2047 तक द्विपक्षीय संबंधों की दिशा तय करने के लिए एक 'हॉरिजन 2047' खाका जारी किया। प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा की कि फ्रांस में भारत के 'यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस' को उपलब्ध कराने के लिए एक समझौता हुआ है। फ्रांस ऐसा करने वाला पहला यूरोपीय देश है।

पाकिस्तान का कराची दुनिया के सबसे कम रहने योग्य शहर

लंदन। पाकिस्तान की वित्तीय राजधानी कराची को दुनिया के सबसे कम रहने योग्य शहरों में से एक के रूप में स्थान दिया गया है। द इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2022 के लिए वैश्विक रहने योग्यता सूचकांक ने रहने लायक रहने के मामले में कराची को 172 देशों में से 168वें स्थान पर रखा है। रैंकिंग में जिन शहरों का प्रदर्शन सबसे खराब रहा है, वे सीरिया में दमिश्क, लीबिया में त्रिपोली और नाइजीरिया में लागोस हैं। रैंकिंग स्थिरता, स्वास्थ्य देखभाल, संस्कृति और पर्यावरण, शिक्षा और बुनियादी ढांचे सहित पांच श्रेणियों में 30 से अधिक गुणात्मक और मात्रात्मक कारकों पर आधारित थी।

1 से 100 तक का पैमाना प्रदान करने के लिए शहरों के अंकों को संकलित और भारित किया गया, जिसमें 1 एक असहनीय रहने की स्थिति को दर्शाता है और 100 एक आदर्श स्थिति को दर्शाता है। कराची को समग्र स्कोर 37.5 प्राप्त हुआ, विशेष रूप से स्थिरता संकेतक में खराब प्रदर्शन के साथ, केवल 20 स्कोर प्राप्त हुआ। शहर को स्वास्थ्य सेवा के लिए 33, संस्कृति और पर्यावरण के लिए 35, शिक्षा के लिए 66 और बुनियादी ढांचे के लिए 51 अंक प्राप्त हुए। यह पहली बार नहीं है कि कराची ने रहने योग्य शहरों के सूचकांक में खराब प्रदर्शन किया है। 2021 में, यह 140 शहरों में से 134वें स्थान पर था, और 2019 में, यह 140 में से 136वें स्थान पर था।

खालिस्तानियों की बर्बरता, ऑस्ट्रेलिया में सड़क पर टहल रहे भारतीय छात्र को लोहे की रॉड से पीटा

सिडनी।- खालिस्तानी चरमपंथी गतिविधियों के विरोध में आवाज उठाने के बाद ऑस्ट्रेलिया में एक 23 वर्षीय भारतीय छात्र को खालिस्तान समर्थकों द्वारा कथित तौर पर लोहे की छड़ों से पीटा गया। द ऑस्ट्रेलिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, हमला सिडनी के पश्चिमी उपनगर मेरीलैंड्स में हुआ, जहां हमलावरों ने खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते हुए उस समय छात्र को निशाना बनाया, जब वह काम पर जा रहा था। ड्राइवर के रूप में काम करने वाले छात्र ने नाम न छापने का अनुरोध करते हुए घटना को याद करते हुए कहा कि आज सुबह 5.30 बजे, जब मैं काम पर जा रहा था, कुछ 4-5 खालिस्तान समर्थकों ने मुझ पर हमला किया।फिर उसे जबरन वाहन से बाहर खींच लिया गया और लोहे की छड़ों से पीटा गया। हमलावरों में से दो ने हमले का वीडियो भी रिकॉर्ड किया। छात्र ने बताया कि उस पर हमला करते समय हमलावर लगातार खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते रहे। पीड़िता ने कहा कि 5 मिनट के भीतर सब कुछ हुआ और वे यह कहते हुए चले गए कि खालिस्तान मुद्दे का विरोध करने के लिए यह मेरे लिए एक सबक होना चाहिए। यदि नहीं, तो वे मुझे इस तरह और भी सबक देने के लिए तैयार हैं। घटना की सूचना न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) पुलिस को दी गई, जिसने घायल भारतीय छात्र को वेस्टमीड अस्पताल पहुंचाया।

कनाडा में श्री भगवद गीता पार्क पर हमला, नारे लिखकर की तोड़फोड़

ओट्टावा। कनाडा में हिन्दू धार्मिक स्थलों पर हमले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। अब ग्रेटर टोरंटो क्षेत्र के ब्रैम्पटन शहर में श्री भगवद गीता पार्क पर हमला हुआ है। साथ ही वहां नारे लिखकर तोड़फोड़ की गयी। कनाडा के ब्रैम्पटन शहर में 3.7 एकड़ में फैले ट्रॉयर्स पार्क को पिछले साल सितंबर में श्री भगवद गीता पार्क के रूप में परिवर्तित किया गया था।

इस पार्क को गीता के संदेशों से जोड़कर संवारने की तैयारी हो रही है। इसके तहत पार्क में मूर्तियां बनाने की योजना है, जिसमें रथ पर भगवान कृष्ण और अर्जुन की मूर्ति भी शामिल है। इस पार्क पर हमला कर पार्क के संकेत चिह्न को तोड़ दिया गया। हमलावरों ने भारत के प्रधानमंत्री के खिलाफ नारे लिख दिए थे। सुबह सफाई कर्मियों ने इसे देखा तो नारे हटाकर संकेत चिह्न को मूल

स्थिति में लगा दिया। इसे लेकर ब्रैम्पटन के भारतवंशियों में आक्रोश देखा गया है। भारतीय-कनाडाई लोगों ने इस बर्बरता पर अपना गुस्सा जाहिर किया। ब्रैम्पटन निवासी विजय जैन ने इसे पूरी तरह से हिंदूफोबिया से ग्रस्त मामला बताया। हिरेन पटेल ने कट्टरपंथी तत्वों के खिलाफ तत्काल और निर्णायक कार्रवाई की मांग की। ब्रैम्पटन के मेयर पैट्रिक ब्राउन ने कहा कि वह इस बर्बरता से नाराज हैं और शहर में किसी भी धार्मिक समुदाय को डराने-धमकाने के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति लागू है।

ब्रैम्पटन शहर के ट्विटर हैंडल से भी ट्वीट किया गया कि पार्क साइन को निशाना बनाकर की गई बर्बरता की हालिया कार्रवाई के बारे में जानकर बहुत निराशा हुई, यह एक धार्मिक समुदाय पर हमला है। ट्वीट में कहा गया कि मामला पील क्षेत्रीय पुलिस को भेजा गया है। दुर्भाग्य से इस क्षेत्र में बर्बरता की ऐसी कई घटनाएं अभी भी अनसुलझी हैं और किसी को भी गिरफ्तार नहीं किया गया है। ट्वीट में कहा गया है कि ब्रैम्पटन शहर में हम असहिष्णुता और भेदभाव के ऐसे कृत्यों के खिलाफ एकजुट हैं।

Iran से रक्षा करने के लिए खाड़ी क्षेत्र में तैनात होंगे America के F-16 लड़ाकू विमान

वाशिंगटन। जहाजों को ईरान द्वारा जब्त किए जाने से बचाने के लिए अमेरिका सामरिक रूप से महत्वपूर्ण हरमूज जलडमरूमध्य के आसपास अपने लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल बढ़ा रहा है। एक वरिष्ठ रक्षा अधिकारी ने बताया कि पश्चिम एशिया में ईरान, रूस और सीरिया के बीच बढ़ते संबंधों को लेकर अमेरिका चिंतित है। अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन में पत्रकारों से बातचीत में अधिकारी ने कहा कि अमेरिका इस सप्ताहांत खाड़ी क्षेत्र में एफ-16 लड़ाकू विमान भेजेगा।यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब ईरान ने पिछले सप्ताह जलडमरूमध्य के

पास दो तेल टैंकर को जब्त करने की कोशिश की थी और उनमें से एक पर गोलियां चलाई थीं। रक्षा अधिकारी ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कि एफ-16 लड़ाकू विमान जलडमरूमध्य से गुजर रहे जहाजों को हवाई सुरक्षा मुहैया कराएंगे। अमेरिकी नौसेना के मुताबिक, दोनों मामलों में अमेरिकी नौसेना की प्रतिक्रिया के बाद ईरानी नौसैनिक जहाज पीछे हट गए और दोनों वाणिज्यिक जहाजों ने अपनी यात्रा जारी रखी। रक्षा अधिकारी ने पत्रकारों को बताया कि अमेरिका, सीरिया पर रूस के बढ़ते हवाई हमलों से निपटने के लिए कई सैन्य विकल्पों पर विचार कर रहा है। बहरहाल, उन्होंने विकल्पों की जानकारी देने से इनकार कर दिया, लेकिन कहा कि अमेरिका कोई भी क्षेत्र नहीं छोड़ेगा और उसके विमान इस्लामिक स्टेट (आईएस) विरोधी अभियान के तहत देश के पश्चिमी हिस्से में उड़ान भरते रहेंगे।

भारत के प्रधानमंत्री मोदी पहुंचे संयुक्त अरब अमीरात, राष्ट्रपति नाहयान से द्विपक्षीय संबंधों पर बैठक

अबू धाबी। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी फ्रांस की यात्रा पूरी करने के बाद आज (शनिवार) संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी अबू धाबी पहुंच गए। संयुक्त अरब अमीरात की आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी का हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने जोरदार स्वागत किया।

अबू धाबी पहुंचने के बाद दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। दोनों नेताओं ने ऊर्जा, खाद्य सुरक्षा, रक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों पर द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई । प्रधानमंत्री मोदी की इस यात्रा के दौरान ऐतिहासिक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होने की संभावना है। प्रधानमंत्री मोदी के यहां पहुंचने से कुछ घंटे पहले यूएई ने कहा कि भारत

के साथ उसकी आर्थिक साझेदारी दोनों देशों के इतिहास में महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यूएई के विदेश व्यापार राज्यमंत्री डॉ. थानी बिन अहमद अल जेयूदी ने कहा कि नई दिल्ली के साथ गैर-तेल व्यापार 2030 तक 100 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है।

पाकिस्तान के सैन्य प्रमुख मुनीर की अफगान तालिबान हुकूमत को चेतावनी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के सैन्य प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने अफगानिस्तान की तालिबानी हुकूमत को सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने कहा अफगानिस्तान की हुकूमत प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को पनाह देना बंद करे। यदि ऐसा नहीं हुआ तो पाकिस्तान की फौज माकूल जवाब देगी। सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर का यह बयान शुक्रवार को पाकिस्तान के दक्षिण पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में इस सप्ताह दो आतंकी हमलों में 12 सैनिकों की मौत के बाद आया। बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा में शुक्रवार को सैन्य अधिकारियों की बैठक के दौरान मुनीर ने मृत सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। बलूचिस्तान में बुधवार को हुए दो हमलों में से एक की जिम्मेदारी आतंकवादी संगठन तहरीर-ए-जिहाद पाकिस्तान ने ली थी।

झोब जिले में हुए इस हमले में नौ सैनिकों की मौत हो गई थी। पाकिस्तानी जनरल की टिप्पणी पर काबुल ने कोई प्रतिक्रिया नही दी है। उल्लेखनीय है कि अफगान तालिबान का सहयोगी आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान , इस्लामिक स्टेट समेत स्थानीय बलूच अलगाववादी पाकिस्तान के बलूचिस्तान में सक्रिय हैं।

चंद्रयान-3 की सफल लॉन्चिंग पर दुनिया भर से बधाइयों का तांता

लंदन। चंद्रयान-3 की सफल लॉन्चिंग पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और भारत को दुनिया भर से बधाइयां मिलने का तांता लगा है। जापान और इंग्लैंड की अंतरिक्ष एजेंसियों ने ट्वीट कर इसरो को इस सफलता के लिए बधाई दी है। चीन की ओर से भी बधाई के सुर सुनाई दिये हैं। चीनी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने भारत को चंद्रयान-3 की सफल लॉन्चिंग पर बधाई देते हुए ट्वीट किया है।चंद्रयान-3 की सफल लॉन्चिंग के बाद देश-दुनिया से इसरो को दोपहर से ही बधाइयां मिलने लगीं। दुनिया के प्रमुख देश भी इसरो के इस प्रयास पर लगातार नजर रखे हुए थे। जापान की ओर से भारत को चंद्रयान-3 के लॉन्च होने पर बधाई भेजी गयी है। जापान की अंतरिक्ष एजेंसी ने अपने आधिकारिक ट्विटर

हैंडल से किए गए ट्वीट में लिखा है, 'भारत को चंद्रयान के सफलतापूर्वक लॉन्च पर बधाई'। इसी तरह ब्रिटेन ने भी चंद्रयान-3 के लॉन्च पर बधाई दी है। ब्रिटेन की अंतरिक्ष एजेंसी यूके स्पेस एजेंसी ने भारत को बधाई देते हुए ट्विटर पर लिखा, 'मंजिलः चांद... चंद्रयान के सफलतापूर्वक लॉन्च के लिए इसरो को बधाई। चंद्रयान के सफलतापूर्वक लॉन्च होने पर चीन से भी बधाई आई है। भारत की सफलताओं पर हमेशा तंज कसने वाले चीनी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने अपने एक ट्वीट में चंद्रयान-3 के सफलतापूर्वक लॉन्च के लिए भारत को बधाई दी है। ग्लोबल टाइम्स ने ट्वीट किया है,'बधाई हो! भारत ने शुक्रवार को अपने चंद्र मिशन चंद्रयान-3 को ऑर्बिट में सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया है। उम्मीद है कि अंतरिक्ष यान अगस्त में चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग कर लेगा। अगर भारत इस कोशिश में सफल हो जाता है तो वह चंद्रमा पर कंट्रोल्ड लैंडिंग करने वाला विश्व का चौथा देश बन जाएगा।

आसियान देशों के बीच भारत ने पाकिस्तान पर साधा निशाना, आतंकवाद की पनाहगाहों के खात्मे पर जोर

जकार्ता । आशियान देशों के बीच भारत ने पाकिस्तान पर निशाना साधा है। भारत ने आतंकवाद के पनाहगाहों और वित्तपोषण नेटवर्क के खात्मे पर जोर देते हुए इसे बेहद जरूरी करार दिया है। आसियान देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में हो रही है। भारत भी इसमें सहभागी है। शुक्रवार को भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए आसियान के सदस्यों से आतंकवाद के मुद्दे पर समान, एकीकृत और शून्य-सहिष्णुता दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया। जयशंकर ने कहा कि भारत आतंकवाद से निपटने के लिए वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देकर वैश्विक चुनौतियों का जवाब दे रहा है, साथ ही विवादों को सुलझाने के लिए कूटनीति पर जोर दे रहा है।

जयशंकर ने बैठक में

आर्थिक लचीलेपन के लिए आपूर्ति श्रृंखलाओं के विविधीकरण में योगदान देने और ग्लोबल साउथ की मदद के लिए विस्तारित संसाधन पहुंचना सुनिश्चित करने पर भी बात की। चीन को लेकर जयशंकर ने कहा कि हम शांति और स्थिरता को कमजोर करने वाली गतिविधियों के बारे में चिंतित हैं। किसी भी आचार संहिता को तीसरे पक्ष के अधिकारों और हितों पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं डालना चाहिए।

अपने AI टूल को ट्रेंड करने के लिए एलन मस्क करेंगे पब्लिक ट्वीट्स का इस्तेमाल

वॉशिंगटनः सोशल मीडिया से तय कर सकें कि वे एआई के साथ क्या करना चाहते हैं। मस्क ने कहा कि उनकी कंपनी एक्सएआई अपने एआई मॉडल को ट्रेंड करने और एआई सॉफ्टवेयर पर टेस्ला के साथ काम करने के लिए ट्विटर के पब्लिक ट्वीट्स का प्रयोग करेगी। उन्होंने अपनी नई कंपनी एक्सएआई के सदस्यों का परिचय कराया, जिसका उद्देश्य वास्तविकता की प्रकृति का अध्ययन करना है। ड्ढ टीम में डीपमाइंड और ओपनएआई जैसी एआई कंपनियों में अनुभव वाले अन्य सदस्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि एक्सएआई को स्द्बष्ह्म्शह्यशद्घह्ल और त्रशशद्दद्यद्ग डीपमाइंड एआई पैमाने पर प्रासंगिक होने में कुछ समय लगेगा।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

भारत से दोस्ती में दिख रहा है फायदा, पाक सेना करीबी पत्रकारों के जरिए कर रही है इशारा

इस्लामाबाद। आजादी के बाद से लेकर पाकिस्तान ने भारत से कई बार लड़ाईयां लड़ी और हर बार उसे युद्ध भूमि में हार का मुंह देखना पड़ा। अब पड़ोसी मुल्क को लगता है अपनी भूल का अहसास होने लगा है। भारतीय जवानों के हाथों कई बार पिट चुकी पाकिस्तानी सेना अब अपने कलम के सिपाहियों के माध्यम से भारत को इशारे कर रही है। पाकिस्तानी सेना के करीबी माने जाने पत्रकार शहजाद चौधरी ने अपने एक लेख में भारत और पाकिस्तान की दोस्ती की जमकर वकालत की है। इतना ही नहीं पाकिस्तान के मशहूर रक्षा विशेषज्ञ वजाहत खान ने भी शहजाद चौधरी के इस लेख को भारत के साथ शांति के लिए सैन्य समर्थक आवाज करार दिया है।

अपने लेख में शहजाद चौधरी ने कश्मीर मुद्दे का जिक्र करते हुए कहा कि भारत को लगता है कि उसने अपने संविधान में उन धाराओं को संशोधित और निरस्त करके पहले ही कश्मीर का समाधान कर लिया है, जिन्होंने इसकी विशेष स्थिति को बरकरार रखा था। पाकिस्तान ऐसे मुद्दे पर इस तरह के एकतरफा विधायी हमले को खारिज करता है जो स्वाभाविक रूप से द्विपक्षीय है और संयुक्त राष्ट्र द्वारा मान्यता प्राप्त विवादों की सूची में जीवित है, जिस पर दोनों देशों के हस्ताक्षरकर्ता हैं। पाकिस्तानी लेखक अपने लेख में कहते हैं कि पाकिस्तान और भारत को आपसी बैर छोड़ना होगा। इसमें सबसे

पहले कश्मीर आता है। कश्मीर सबसे अधिक असाध्य और ठोस मुद्दा है।

दशकों के बाद ऐसा हुआ है कि भारत ने पाकिस्तान पर दबाव डाला है, क्योंकि पाकिस्तान राजनीतिक अस्थिरता और आर्थिक उथल-पुथल से जूझ रहा है। वर्षों के कुशासन ने पाकिस्तान को एक विफल अर्थव्यवस्था और एक उजाड़ समाज तक पहुंचा दिया है। इन सूचकांकों के साथ मोदी और भारत को लगता है कि किसी पुराने दुश्मन को मदद का हाथ देना नासमझी है। दोनों पड़ोसियों के बीच व्यापार से सीमा के दोनों ओर लाखों लोगों की स्थिति में तेजी से सुधार हो सकता है। शहजाद ने कहा कि भारत और पाकिस्तान सार्क, एससीओ जैसे मल्टीनेशनल संगठनों में शामिल हैं। दो अरब लोगों के ये दोनों घर आपस में जुड़ना चाहते हैं। हालांकि, इन देशों के लोग दो परमाणु शक्तियों भारत और पाकिस्तान की क्लासिक गेमप्ले में बंधक बने हुए हैं। ये दोनों देश एससीओ और आसियान जैसी क्षेत्रीय व्यवस्थाओं के प्रति समर्पण करने को तैयार हैं, लेकिन न तो सार्क को पुनर्जीवित करेंगे और न ही दक्षिण एशिया के भीतर एक संपन्न आर्थिक क्षेत्र विकसित करेंगे।

नेपाल की संसद में फर्जी भूटानी शरणार्थियों के मामले पर फैसला लेने वाले पूर्व पीएम ओली के खिलाफ कार्रवाई की मांग

काठमांडू । नेपाल की संसद में फर्जी भूटानी शरणार्थियों के मामले पर फैसला लेने वाले तत्कालीन प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। शुक्रवार को संसद में निर्दलीय सांसद अमरेश कुमार सिंह ने ओली के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

अमरेश कुमार सिंह ने जोर देकर कहा कि जब 2017 में ओली प्रधान मंत्री थे तो भूटानी शरणार्थियों के तीसरे देश के प्रबंधन की प्रक्रिया को बढ़ाने का निर्णय लिया गया था। 2023 में जब इसकी जांच की गई तो फर्जी भूटानी शरणार्थियों को अमेरिका भेजने की योजना का पता चला।

पूर्व उप प्रधान मंत्री टोप बहादुर रायमाझी, पूर्व गृह मंत्री बालकृष्ण खंड और फर्जी भूटानी शरणार्थी मामले में शामिल अन्य लोगों को नेपाल में

जेल में डाल दिया गया है। इस मामले में भूटानी शरणार्थी नेता टेकनाथ रिजाल भी जेल में हैं।

उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री माधव कुमार नेपाल और डॉ. बाबूराम भट्टराई की संलिप्तता का आरोप लगाते हुए भूमि घोटाले का मामला भी उठाया।

सिलिकॉन वैली में भारतीय मूल के सीईओ हुए गौरवान्वित, कहा- वैश्विक नेता के रूप में उभरने के संकेत

कैलिफोर्निया। चंद्रयान-3 के सफल प्रक्षेपण ने देश ही नहीं बल्कि दुनिया के हर कोने में रहने वाले भारतीयों का सीना गर्व से चौड़ा कर दिया है। किए चंद्रयान-3 के सफल प्रक्षेपण से कैलिफोर्निया के सिलिकॉन वैली इलाके में भारत से जुड़े स्टार्ट-अप और बड़ी कंपनियों के शीर्ष नेतृत्व ने गर्व के साथ अपनी पीठ थपथपाई और यह देखने लगे कि भारत के लिए आगे क्या होने वाला है। बता दें कि कैलिफोर्निया के दक्षिणी सैन फ्रांसिस्को खाड़ी क्षेत्र में स्थित सिलिकॉन वैली कई स्टार्ट-अप और वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों का ठिकाना है। इनमें एपल, फेसबुक और गूगल सबसे प्रसिद्ध कंपनियां हैं। सिलिकॉन वैली कंपनियों के कुछ शीर्ष प्रतिनिधियों ने इस भावना को दोहराया कि चंद्र मिशन के सफल प्रक्षेपण ने प्रौद्योगिकी के प्रमुख क्षेत्रों में भारत के वैश्विक नेता के रूप में उभरने का संकेत दिया है।